सूर्योदय 7:6 सूर्यास्त 6:04

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 1.0 न्यू | 13.2 अधि |
| धर्मशाला | 4.5 न्यू | 18.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78058.16 |
| निफ्टी | 23603.35 |
| सोना 86,510 | चांदी 98,263 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर स्टोइनिस ने वनडे को कहा अलविदा

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 7 फरवरी 2025 | 25 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 40, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### भारत 2027 में करेगा चंद्रयान-4 मिशन लांच

**नई दिल्ली।** भारत ने चंद्रयान 4 को लांच करने की तैयारी कर ली है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने चंद्रयान-4 मिशन को 2027 में लांच किया जाएगा। इस मिशन के जरिए चंद्रमा की चट्टानों के नमूने पृथ्वी पर लाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चंद्रयान 4 में उच्च क्षमता के एलवीएम 3 रॉकेट दो अलग-अलग प्रक्षेपण के बाद पांच अलग-अलग घटकों को लेकर कक्षा में जाएंगे। इनको पृथ्वी की कक्षा में इकट्ठा किया जाएगा। इसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को विशेष यान से अंतरिक्ष की पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजा जाएगा और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।

### मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ सुनवाई 19 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित की ओर से मुख्यमंत्री आतिशी और 'आप' के नेता संजय सिंह के खिलाफ दायर आपराधिक शिकायत मामले में 19 फरवरी को सुनवाई करेगी। इस मामले की सुनवाई वीरवार को होनी थी, लेकिन 'आप' नेताओं के वकील के अनुरोध पर सुनवाई टाल दी। अदालत ने 16 जनवरी को आतिशी और सिंह को कांग्रेस नेता की ओर से दायर शिकायत पर नोटिस जारी किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 'आप' नेताओं ने 'जानबूझकर' दीक्षित की छवि को नुकसान पहुंचाया।

### राशिद की कस्टडी पैरोल पर एनआईए से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने जेल में बंद सांसद इंजीनियर राशिद को अभिरक्षा पैरोल पर संसद के मौजूदा सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने की अनुमति देने के मुद्दे पर वीरवार को एनआईए का रुख जानना चाहा। रशीद आतंकवाद के वित्त पोषण से जुड़े एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कहा कि वह न्यायिक हिरासत में संसद सत्र में शामिल हो सकते हैं। वह एक निर्वाचित सांसद हैं, उन्हें हिरासत में भेजने में क्या परेशानी है? अदालत ने इस मुद्दे पर निर्देश प्राप्त करने के लिए एनआईए के वकील को शुक्रवार तक का समय दिया।

### पीएम मोदी 10 को छात्रों से करेंगे 'परीक्षा पे चर्चा'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को 'परीक्षा पे चर्चा' के आठवें संस्करण में देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन और व्यक्तिगत विकास पर जानकारी देंगे। इस बार 'परीक्षा पे' चर्चा कार्यक्रम नए अंदाज में होगा। पीएम के साथ खेल, फिल्म और अध्यात्म जगत की प्रमुख हस्तियां भी छात्रों का मार्गदर्शन करेंगी। इनमें एमसी मैरी कॉम, अवनी लेखरा, दीपिका पादुकोण, विक्रांत मैसी, भूमि पेडनेकर और सद्गुरु जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- जेओएआईटी, क्लर्क व रिपोर्टर के लिए हुई भर्तियों पर मचा घमासान -पेज 3
- सड़क पक्की करो, नहीं तो होगा पंचायत चुनावों का बहिष्कार -पेज 9
- शादी के नाम पर धोखाधड़ी आखिर कसूर किसका? -पेज 10
- रैगिंग नियमों की अनदेखी पर 18 मेडिकल कॉलेजों को नोटिस -पेज 13
- हिमाचल का एल्विन वर्ल्ड स्की चैंपियनशिप में चयनित -पेज 14


# सर्दियों में शिकारियों के निशाने पर दुर्लभ पक्षी, चुन-चुनकर मारे जा रहे

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**





**पर्यावरण** संतुलन में अहम भूमिका निभाने वाले जीव-जंतुओं का वजूद खतरे में पड़ गया है। जंगली मुर्गों सहित दुर्लभ पक्षियों के सीने को बंदूकों की गोलियों से छलनी किया जा रहा है। अल सुबह या फिर देर सायं इनके प्राण हर लिए जाते हैं। प्रदेश में पिछले कुछ सालों से अवैध आखेट के मामले आचानक बढ़ने लगे हैं।

सर्दियां आते ही दुर्लभ पक्षियों पर सीधे बंदूक के प्रहार होते हैं और उन्हें चुन-चुनकर मार गिराया जा रहा है। अति दुर्लभ पक्षी 'मोनाल' भी शिकारियों के निशाने पर आकर मार गिराया जा रहा है। विगत सालों में मोनाल राज्य पक्षी के रूप में अपनी पहचान बना चुका है और काफी सालों तक वह इसी पहचान के रूप में जाना जाता रहा है, मगर अब इसकी प्रजाति विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गई है। यही वजह है कि अब इससे मिलते-जुलते जाजुराना को राज्य का पक्षी घोषित किया गया है।

गौरतलब है कि कुछ सालों से पर्वतीय इलाकों में अवैध आखेट के मामले बढ़ने लगे हैं। हिमाचल के साथ-साथ पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में भी अवैध शिकार के मामलों पर पर्यावरण प्रेमी सीधे तौर पर अपनी चिंता जाहिर कर चुके हैं। चोरी-छिपे खेत-खलिहानों सहित खुले मैदानों व जंगलों की कंदराओं में पशु-पक्षियों पर गोली की धांए सुनाई पड़ रही है। दुर्लभ व भोले दिखने वाले पक्षियों की करुण वेदना पलभर में ही पूरे वातावरण को गमगीन कर रही है। जरा सी बर्फबारी या फिर बारिश में इन पर शिकारियों का कहर टूट पड़ता है। शिकारी योजनाबद्ध तरीके से उनकी बलि तक ले रहे हैं। उन्नत शिखरों में मौसम खुलते ही शिकारी बंदूकें थामे उन्हें मारने के लिए निकल पड़ते हैं और उन्हें खोजकर मार गिराते हैं। हिमाचल व उत्तराखंड राज्यों में अति दुर्लभ पक्षी मोनाल अपने वजूद की लड़ाई लड़ रहा है। अवैध शिकार के साथ-साथ आवासीय क्षेत्र में इनके जीने की राह कठिन हो चली है, जिसमें इनको जीने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। जूनिपर नामक झाड़ियों का धीरे-धीरे कम होना भी इनके अस्तित्व के लिए बड़ी बाधा बनकर उभरी है। 8000 से 15000 फुट की ऊंचाई पर 'मोनाल' को आसानी से देखा जा सकता है।

बताते चलें कि दुनिया में 8650 जाति के पक्षी वजूद में हैं। इनमें से 1200 प्रजातियों के पक्षी भारत में ही पाए जाते हैं। यहां पर 900 प्रजातियों के पक्षी स्थानीय हैं, जबकि 300 प्रजातियों के पक्षी प्रवासी हैं। सर्दियों के मौसम में ये पक्षी हिमालय के पार देशों से भारत आते हैं और अक्तूबर से मार्च माह तक भारत में रहते हैं, जिनमें हिमाचल व उत्तराखंड के इलाके शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### राज्य सरकार करे कड़ी कार्रवाई

**सवाल,** बेहद गंभीर है कि इतने कठोर कानून के बावजूद हिमाचल वन्य प्राणी विंग किस तरह की कार्यप्रणाली को अंजाम देता आ रहा है। इस विंग के कर्ताधर्ताओं को पूरी जानकारी रहती है कि सर्दियां आते ही वनों व अन्य क्षेत्रों में अवैध शिकार के मामले आचानक बढ़ जाते हैं। फिर भी इस विंग ने आज तक कोई भी ठोस कार्रवाई को अंजाम तक नहीं दिया। ऐसे में राज्य सरकार को इस दिशा में कड़ी पहल करने की जरूरत है। भारत के संविधान में जिन नागरिक कर्तव्यों का जिक्र किया है, उसमें सभी जीवित प्राणियों के प्रति दया भाव रखना 51ए (2) के तहत हर व्यक्ति का नागरिक कर्तव्य बनता है। किसी भी जानवर को जान से मार देना या अपंग करना एक दंडनीय अपराध है। ऐसे अपराधों में या करने की श्रेणी में आने वाले को आईपीसी की धारा 428 व 429 के तहत सजा का प्रावधान है। ऐसे अपराध करने पर अपराधी को पांच साल की सजा या फिर जुर्माना दोनों हो सकती है।

### विभाग बोला- कर रहे हैं कड़ी कार्रवाई

**हिमाचल** प्रदेश वन्य प्राणी विभाग शिमला का कहना है कि फील्ड स्टाफ को लिखित रूप में भेजा जा चुका है, जिसमें वन विभाग के सभी वनरक्षक शामिल हैं। जंगली मुर्गों से लेकर दूसरे सभी तरह के पक्षियों को बचाने के लिए हर स्तर पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। अगर कोई भी इस संदर्भ में सूचना या फिर शिकायत उन तक पहुंचाता है, तो वे इस पर फौरन कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेंगे। उनके मुताबिक, ऐसा करना दंडनीय अपराध है, जो भी कोई संलिप्त पाया गया उसे कानून के अनुसार कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए।

# अमेरिका से पहली बार नहीं हुआ भारतीयों का डिपोर्टेशन : जयशंकर

## बोले- सरकार सुनिश्चित कर रही है निर्वासित किए जा रहे भारतीयों के साथ दुर्व्यवहार न हो

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच सदन में कहा कि अमेरिका में बिना दस्तावेजों के रह रहे भारतीय प्रवासियों को निर्वासित किए जाने की प्रक्रिया नई नहीं है। अमेरिका से भारतीयों का डिपोर्टेशन पहली बार नहीं है। यह 2009 से हो रहा है। हम कभी भी अवैध मूवमेंट के पक्ष में नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेशों में अवैध रूप से रह रहे हैं तो उन्हें वापस लें। निर्वासन की प्रक्रिया कोई नई नहीं है, यह कई वर्षों से है। हम अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वापस लौटने वाले निर्वासितों के साथ किसी भी तरह का दुर्व्यवहार न हो। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान अवैध आव्रजन उद्योग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई पर है। ऐसा होना भी चाहिए। निर्वासितों की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर कानून प्रवर्तन एजेंसियां एजेंटों और एजेंसियों के खिलाफ आवश्यक, निवारक और अनुकरणीय कार्रवाई करेंगी। वहीं, भारतीयों के अमेरिका से डिपोर्टेशन मुद्दे पर वीरवार को संसद में हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने 'सरकार शर्म करो' के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने बाहर आकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कुछ सांसद हाथों में हथकड़ी पहने नजर आए।

### वित्त मंत्री ने साझा किए आंकड़े

**जयशंकर** ने अमेरिका से अब तक भारत निर्वासित किए गए लोगों के आंकड़े भी सदन के सामने रखे। उन्होंने कहा कि साल 2009 में 734, साल 2010 में 799, साल 2011 में 597, साल 2012 में 530 भारतीयों को निर्वासित किया गया। उन्होंने इस संबंध में 2024 तक के आंकड़े साझा किए।

## 'सबका साथ, सबका विकास' हमारी सरकार का मूलमंत्र, कांग्रेस का मॉडल फैमिली फर्स्ट : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**इमरजेंसी, अंबेडकर के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा**

**राष्ट्रपति** के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास उनकी सरकार का मूलमंत्र रहा है, जबकि कांग्रेस का मूलमंत्र परिवार फर्स्ट रहा है। पीएम ने भाषण में बाबा साहेब अंबेडकर, आरक्षण, यूसीसी, आदिवासी, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर, नारीशक्ति और इमरजेंसी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वे बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि पांच-छह दशकों तक लोगों के पास वैकल्पिक मॉडल नहीं था, लेकिन 2014 के बाद देश को एक नया मॉडल देखने को मिला, जो तुष्टीकरण पर आधारित नहीं है, बल्कि संतुष्टीकरण पर आधारित है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को बेवकूफ बनाकर अपनी राजनीति चलाई। भाजपा नीत सरकार संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर ध्यान केंद्रित कर रही है। देश ने इमरजेंसी का दौर भी देखा है। संविधान को किस प्रकार से कुचला गया। संविधान के स्प्रिट को रौंदा गया। यह सब सत्ता सुख के लिए किया गया।

इमरजेंसी में प्रसिद्ध कलाकार देवानंद जी से कहा गया कि वह इमरजेंसी का समर्थन करें। देवानंद ने मना कर दिया था, इसलिए दूरदर्शन पर देवानंद की फिल्में बैन कर दी गईं। किशोर कुमार ने कांग्रेस के लिए गाना गाने से मना कर दिया था। इस पर कांग्रेस ने आकाशवाणी पर किशोर के गाने प्रतिबंधित कर दिए गए।

# गोदावर्मन मामले में अपना पक्ष रखेगी सरकार : नेगी

- राजस्व मंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक
- कहा- फॉरेस्ट एक्ट 1927 के संदर्भ में प्रावधानों को लागू करने के लिए करेंगे याचिका दायर



किसानों और भूमिहीन परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए गठित मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक की अध्यक्षता करते राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**लघु** एवं सीमांत किसानों और भूमिहीन परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए गठित मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी उपस्थित रहे। बैठक में लघु एवं सीमांत किसानों और भूमिहीन परिवारों के लिए कानूनी पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। नेगी ने कहा कि पूर्व में भी विधानसभा सत्र के दौरान एफसीए 1980 में उचित संशोधन के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव परित कर केंद्र सरकार को प्रेषित किया गया था, ताकि लघु एवं सीमांत किसानों व भूमिहीन परिवारों को राहत प्रदान की जा सके।

राजस्व मंत्री ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन गोदावर्मन मामले में प्रदेश सरकार अपना पक्ष रखकर 1952 की नोटिफिकेशन को फॉरेस्ट एक्ट 1927 के संदर्भ में प्रावधानों को लागू करने के लिए याचिका दायर करेगी। इस अवसर पर राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष नंद लाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, प्रधान सचिव विधि शरद कुमार, वन बल प्रमुख समीर रस्तोगी और मुख्य वन संरक्षक अनिल शर्मा उपस्थित रहे।

# हिमाचल विधानसभा में हुई 14 भर्तियों का मामला राजभवन पहुंचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा में 14 पदों को लेकर हुई भर्तियों का मामला राजभवन पहुंच गया है। इस मामले में अभ्यर्थी ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई है। राजभवन की तरफ से इस शिकायत का संज्ञान लिए जाने की सूचना है, जिसके बाद विधानसभा सचिवालय से इस बारे में जवाब मांगा जा सकता है।

अभ्यर्थी ने अपनी शिकायत में लिखा कि भर्ती प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता नहीं बरती गई है। ऐसे में इन भर्तियों की जांच होनी चाहिए, ताकि पात्र युवाओं को रोजगार मिल सके। विधानसभा में हुई इन भर्तियों को लेकर सोशल मीडिया में कई तरह की टिप्पणियां की गई थीं। इसके बाद इस तरह की पोस्ट वायरल हुई, जिसके बाद भाजपा मीडिया विभाग के अध्यक्ष एवं विधायक रणधीर शर्मा ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इस मामले को प्रमुखता से उठाया था। उनका आरोप था कि यह नौकरियां मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और विधानसभा उपाध्यक्ष के विधानसभा क्षेत्रों में बांटी गई हैं। ऐसे में इन नियुक्तियों को रद्द करने एवं नए सिरे से पदों को विज्ञापित किया जाना चाहिए। रणधीर ने कहा था कि ऐसा संभव नहीं हो सकता कि 3 ही विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार पात्रता रखते हों। उनका आरोप था कि सरकार नौकरियों की बंदरबांट कर रही है।

## एमपी में एयरफोर्स का फाइटर प्लेन क्रैश

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में बहरेटा सानी गांव के पास एयरफोर्स का टू सीटर फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश हो गया। यह हादसा दोपहर करीब 2.40 बजे हुआ। प्लेन में दो पायलट थे। हादसे से पहले दोनों पायलटों ने खुद को इजेक्ट (बचकर निकले) कर लिया था। दोनों सुरक्षित हैं। विमान में पायलट विक्रांत जाधव और विंग कमांडर विराज भोला सवार थे। एयरफोर्स की टीम दोनों पायलट्स को ग्वालियर लेकर रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि तीन विमानों ने ग्वालियर से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी। इनमें से दो प्लेन सुरक्षित लौट गए। एयरफोर्स ने हादसे की शुरुआती वजह सिस्टम में खराबी बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

# अचानक राज्यपाल से मिलने पहुंचे सीएम सुक्खू, अटके बिलों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू वीरवार शाम पौने 6 बजे राज्यपाल से मिलने अचानक राजभवन पहुंचे। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुक्खू के बीच यह मुलाकात शिष्टाचार भेंट बताई जा रही है।

सूत्रों की मानें तो इस दौरान राज्य सरकार की ओर से राजभवन को भेजे गए उन बिलों को लेकर चर्चा की गई, जो राजभवन में अटके हुए हैं। मुख्यमंत्री ने संवैधानिक प्रक्रिया के तहत इन बिल को पास करने का राज्यपाल से आग्रह किया। बता दें कि राजभवन में कर्मचारियों से जुड़ा बिल पेंडिंग है। सरकार ने विंटर सेशन के तीसरे दिन सरकारी कर्मचारियों से जुड़े भर्ती और सेवा शर्तें विधेयक, 2024 को पारित किया था। इसके तहत सरकारी कर्मचारियों को अनुबंध अवधि की सिनियोरिटी और इंक्रीमेंट नहीं मिलेगी, जबकि हाईकोर्ट ने कुछ केस में नियुक्ति तिथि से सिनियोरिटी और वित्तीय फायदा देने के आदेश दे रखे है।

## जयपुर में भीषण सड़क हादसा, आठ की मौत

**जयपुर।** जयपुर के दूदू में एक सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं। यह हादसा जयपुर-अजमेर हाईवे पर मौखमपुरा में गुरुवार दोपहर करीब 3:45 बजे हुआ। जब टायर फटने से बेकाबू हुई रोडवेज बस ने कार को टक्कर मार दी।

एसपी आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जोधपुर डिपो की रोडवेज बस जयपुर से अजमेर जा रही थी। कार अजमेर से जयपुर की ओर आ रही थी। इस दौरान अचानक बस का टायर फट गया, जिससे बस बेकाबू हो गई। बस डिवाइडर कूदकर दूसरी तरफ से आ रही कार से टकरा गई। हादसे में ईको कार बुरी तरह पिचक गई और अंदर बैठे सभी आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

**गौरव** मंडी के तिजेंद्र कौशल के नाम गुरु पद्मसंभव की एशिया की सबसे ऊंची मूर्ति बनाने का रिकॉर्ड

# रिवालसर में एशिया की सबसे ऊंची धरोहर

**अनिल शर्मा, मंडी**

**मंडी** जिले के रिवालसर में एक तरफ सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के नाम पर गुरुद्वारा बना है, तो वहीं, दूसरी तरफ हिंदुओं की आस्था का स्थल लोमश ऋषि का प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मंदिर है। इसके अलावा, यहां बौद्ध धर्म के गुरु पद्मसंभव की विशालकाय मूर्ति सबका ध्यान आकर्षित करती है।

इस मूर्ति के बनने के पीछे मंडी के आर्किटेक्ट तिजेंद्र कौशल की मेहनत साफ देखी जा सकती है। उन्होंने महज 19 साल की उम्र में 1999 में पहाड़ को तराशकर मूर्ति बनवाने का काम शुरू करवाया। 2008 में मूर्ति बनकर तैयार हुई। पद्मसंभव की इस मूर्ति की ऊंचाई 123 फुट है। यह मूर्ति एशिया की सबसे ऊंची मूर्ति मानी जाती है। तिजेंद्र ने खासतौर इसे डिजाइन करवाया था। जिगर मॉनेस्ट्री का निर्माण शुरू होने के बाद रिंपोछे लांबा बांगडोर ने गुरु पद्मसंभव की मूर्ति बनाने का कार्य तिजेंद्र को सौंपा था। (अनंत ज्ञान)





### देश-विदेश से बुलाने पड़े मूर्तिकार

**गुरु** पद्मसंभव की मूर्ति निर्माण के लिए नेपाल, भूटान और सिक्किम से 6 विशेषज्ञ मूर्तिकारों को बुलाना पड़ा। लगभग 250 मजदूरों ने दिन-रात काम मेहनत कर यह मूर्ति बनाई।

### स्ट्रक्चर बैठने का रहता था डर : तिजेंद्र



**तिजेंद्र** कौशल ने बताया कि मूर्ति निर्माण से पहले 80-80 फुट ऊंची रिटेनिंग वॉल लगवाई। इसमें पत्थरों का इस्तेमाल हुआ। हालांकि, उन पत्थरों के ऊपर निकासी करने के लिए कई प्रकार की समस्याएं आईं। निकासीयुक्त पत्थरों का गेट बनाने में काफी लंबा समय लगा। हर समय यही डर लगा रहता था कि कहीं स्ट्रक्चर ही न बैठ जाए, लेकिन अंततः मूर्ति बेहतर तरीके से तैयार हो गई। उन्होंने बताया कि 100 साल से ज्यादा समय तक यह मूर्ति खराब नहीं हो सकती।

### आर्किटेक्ट के प्रोफेशन में लाई जागरूकता

**तिजेंद्र** कौशल की प्रारंभिक शिक्षा मंडी में हुई और तत्पश्चात सुंदरनगर पॉलिटेक्निकल कॉलेज में शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात रांची विश्वविद्यालय में एमटैक की पढ़ाई की। आर्किटेक्ट के प्रोफेशन में जागरुकता लाने के लिए मंडी जिले में महत्वपूर्ण प्रयास किए और आज मंडी, जम्मू, कटराई (मनाली) और नेरचौक में इनके कार्यालय संचालित हैं। बता दें कि तिजेंद्र अब तक मंडी जिले में 2000 से अधिक घरों की डिजाइन और कंस्ट्रक्शन करवा चुके हैं और अन्य क्षेत्रों में भी यह आंकड़ा इससे दोगुना रहा है।

# आसाराम डॉक्यूमेंट्री विवाद : सुप्रीम कोर्ट का केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'कल्ट ऑफ फियर: आसाराम बापू' विवाद मामले में डिस्कवरी चैनल कर्मचारियों को कथित तौर पर धमकियां देने के आरोप वाली याचिका पर केंद्र और राज्यों सरकारों को नोटिस जारी किया।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और दिल्ली सरकार को को नोटिस जारी करते हुए उन्हें याचिकाकर्ता शशांक वालिया व अन्य और उनके कार्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। पीठ ने जिन राज्यों को नोटिस जारी किया उनमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और दिल्ली शामिल हैं। याचिका में आरोप लगाया है कि 25 जनवरी को उस डॉक्यूमेंट्री के डिस्कवरी चैनल के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर शुरू होने के बाद संबंधित कंपनी कर्मचारियों को स्वयंभू संत आसाराम के अनुयायियों की ओर से धमकियां दी जा रही हैं। अदालत में याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनव मुखर्जी ने कहा कि शिकायत के बाद भी गुंडों की धमकियों के कारण अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि उन्हें वास्तविक आशंका है कि आसाराम के स्वयंभू समर्थकों ने डिस्कवरी, इसकी सहायक कंपनियों, मूल संस्थाओं और इसके कर्मचारियों, प्रबंधन, निदेशकों सहित याचिकाकर्ताओं के खिलाफ हिंसा, बर्बरता या अन्य आपराधिक कृत्यों का सहारा लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाजार गई नाबालिगा घर नहीं आई वापस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना हमीरपुर के तहत एक स्थानीय निवासी पांडवी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी नाबालिग लड़की 3 फरवरी को उच्ची बाजार गई थी, जो वापस घर नहीं आई है। शिकायतकर्ता ने बताया उसने अपनी लड़की को सभी जगहों पर भी तलाश किया, लेकिन वह कहीं पर नहीं मिली। थाना प्रभारी बाबू राम ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### ननावां गांव में गहने चुरा ले गए चोर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर थाना के अंतर्गत सन्तोष सिंह पुत्र राम चंद गांव ननावां डाकखाना कड़साई तहसील बड़सर ने चोरी की शिकायत दर्ज करवाई है। संतोष कुमार ने बताया कि वे परिवार सहित 31 जनवरी को प्रयागराज को गए हुए थे। जब वह बुधवार को घर वापस पहुंचे तो घर के सभी ताले टूटे हुए थे। घर की अलमारियां खुली थी तथा अंदर रखे सोने व चांदी के जेवरात गायब पाए गए तथा कमरों के अंदर सामान बिखरा हुआ मिला। शिकायतकर्ता को शक है कि अज्ञात व्यक्ति 31 जनवरी से 5 फरवरी के दौरान इनके घर से चोरी करके घर में रखे जेवरात ले गए हैं। इस बारे में थाना प्रभारी बड़सर प्रवीण राणा ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन कर रहे हैं।

### निक्षय अभियान को बनाएंगे सफल : नरेंद्र

**अनंत ज्ञान, रंगस।** लोगों, जनप्रतिनिधियों और सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान का हिस्सा बनकर टीबी मरीजों की मदद करें। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से इस अभियान को सफल बनाना है। यह बात हेल्थ सुपरवाइजर नरेंद्र सिंह ने बसारल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस अभियान में शुगर, 60 वर्ष के ऊपर के लोग, धूम्रपान करने वाले, शराब पीने वाले, टीबी के पुराने मरीज एवं उनके परिवार का स्क्रीनिंग किया गया है। नरेंद्र ने बताया कि शिविर के दौरान 111 लोगों के मोबाइल एक्स-रे भी किए गए, जिनकी रिपोर्ट उन्हें मौके पर ही प्रदान की गई। इसमें 6 एक्स-रे असामान्य पाए गए। असामान्य रिपोर्ट आने पर उनके बलगम के नमूने भी लिए गए। इस मौके पर सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर शुभम चौधरी, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर दीक्षा, स्वाति और बसारल पंचायत की आशा वर्कर सहित कई लोग मौजूद थे।

### शिव मंदिर के निर्माण को दिए 1.86 लाख

**अनंत ज्ञान, भोटा।** उपमंडल भोरंज के तहत पट्टा ग्राम के प्रमुख व्यापारी संजय कुमार ने 1 लाख 51 हजार रुपए व इसी ग्राम के सेवानिवृत कैप्टन ध्यान सिंह ने 35 हजार रुपए प्राचीन माता मंदिर पट्टा टिहरा में शिव मंदिर के निर्माण के लिए दान दिए। मंदिर कमेटी के प्रधान देवराज वर्मा, सचिव अनिल कुमार व संपूर्ण कमेटी के द्वारा मंदिर परिसर में बन रहे शिव मंदिर के निर्माण के लिए दान करने के लिए दोनों लोगों का आभार व्यक्त किया।

### भोरंज कॉलेज में शिविर का हुआ समापन



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय महाविद्यालय भोरंज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय शिविर का समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजित समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जिला वनाधिकारी अंकित कुमार सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत पंजोत चमन सिंह ठाकुर ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। इस शिविर की थीम डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थी। इस शिविर में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) समूह के कमान रजत ठाकुर बीकॉम थर्ड वर्ष थी। अगले वर्ष के लिए कमान निष्ठा बीए सेकेंड वर्ष को चुना गया। सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक सुरेश कुमार ठाकुर को चुना गया। सर्वश्रेष्ठ, छात्रा स्वयंसेवक अंजलि देवी को चुना गया। सर्वश्रेष्ठ आवास पुरस्कार (छात्र) शिवांग ठाकुर को मिला। सर्वश्रेष्ठ आवास पुरस्कार छात्रा साक्षी पटियाल को मिला।।

### मूर्ति की स्थापना पर मरीजों को बांटा प्रसाद



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर द्वारा वीरवार को भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय की मूर्ति स्थापित की गई इस अवसर पर अस्पताल के मरीजों को हलवे का प्रसाद भी बांटा गया।

### रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंर्तगत रैल के दाहल गांव में रास्ता रोककर मारपीट व गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। गांव की शारदा देवी पत्नी तिलक राज ने पुलिस को शिकायत की है जिसमें उसने अपने देवर विजय कुमार व उसके बेटों नवीन कु मार व नीरज पर गाली-गलौच करते तथा शिकायतकर्ता के बेटे कृष्ण का रास्ता रोककर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### छात्रों को दी रोजगार के अवसरों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में रोजगार के ऊपर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की रोजगार परामर्श समिति द्वारा किया गया। समिति समन्वयक डॉ. प्रीतम चंद ने मुख्य अतिथि सुरेंद्र शर्मा जिला रोजगार अधिकारी हमीरपुर, विशेष वक्ता अनीश जसवाल तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का अभिनन्दन एवं स्वागत किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त छात्रों ने भाग लिया और रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा ने किया। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करना छात्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला छात्रों को रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करने और उन्हें अपने करियर को तैयार करने में मदद करेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग प्रो. नीलम कुमारी, डॉ रजनीश कुमार, डॉ. अजय कुमार, प्रो. मदन सिंह, डॉ. प्रीतम चंद, कार्यालय अधीक्षक सुषमा कुमारी, संजय कुमार, कुलवीर सिंह, अशोक कुमार, रमना देवी, मुकेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# 12 से 15 मार्च तक होगा सुजानपुर का राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सुजानपुर का चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव इस बार 12 से 15 मार्च तक ऐतिहासिक चौगान में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए आयोजन समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उपायुक्त एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने वीरवार को हमीर भवन में जिला और उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक करके उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि इस बार भी उत्सव के दौरान चार सांस्कृतिक संध्याएं होंगी, जिनमें से एक सांस्कृतिक संध्या रात 12 बजे तक और अन्य तीन संध्याएं 10 बजे तक होंगी। इनमें हिमाचल प्रदेश के लोक कलाकारों को अधिक से अधिक समय दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि परंपरा के अनुसार यह उत्सव भव्य शोभायात्रा और ऐतिहासिक मुरली मनोहर मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि उत्सव के सुनियोजित एवं सफल आयोजन के लिए एसडीएम सुजानपुर को मेला अधिकारी और एएसपी हमीरपुर को मेला पुलिस अधिकारी नियुक्त किया जा रहा है।



उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक में की उत्सव की तैयारियों की समीक्षा।

इसके अलावा मेले से संबंधित सभी आवश्यक प्रबंधों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों, स्मारिका के प्रकाशन, प्लॉट आवंटन, मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों के स्वागत, ड्यूटी पर तैनात होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों एवं अन्य प्रतिभागियों के जलपान और अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग उपसमितियों का गठन किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि सभी उपसमितियों के अधिकारी अपने-अपने स्तर पर भी तैयारियां शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान विभागीय प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इसके अलावा स्वयं सहायता समूहों और अन्य संस्थाओं को भी स्टॉल उपलब्ध करवाए जाएंगे।

इन स्टॉल्स के लिए सभी विभाग और संस्थाएं 4 मार्च तक एसडीएम कार्यालय सुजानपुर में आवेदन करें। उपायुक्त ने कहा कि मेले के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाएगी।

उपायुक्त ने एसडीएम सुजानपुर और स्थानीय नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चौगान एवं इसके आसपास के क्षेत्र, मुरली मनोहर मंदिर तथा सुजानपुर के अन्य ऐतिहासिक धरोहरों में सफाई, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों को उत्सव से पहले पूरा करवाएं। उन्होंने मेला स्थल पर बिजली, पानी, सफाई, शौचालय, अग्निशमन और अन्य आवश्यक प्रबंधों को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में एडीएम राहुल चौहान ने तैयारियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। एएसपी राजेश कुमार, एसडीएम सुजानपुर डॉ. रोहित शर्मा, सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल, एसडीएम हमीरपुर संजीत सिंह और अन्य अधिकारियों ने भी अपने सुझाव रखे।

## सुजानपुर के चौगान में बनाया जाएगा सिंथेटिक ट्रैक : रणजीत



विधायक कै. रणजीत सिंह सुजानपुर में बनी नवनिर्मित वर्षाशालिका का किया लोकार्पण।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह ने कहा है कि सुजानपुर शहर को सुंदर बनाया जाएगा। इसके विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सुजानपुर शहर को साफ स्वच्छ बनाया जाएगा। सुजानपुर में बनी नवनिर्मित वर्षाशालिका के लोकार्पण करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सुजानपुर को पूर्व विधायक सेक्टर 17 बनाए जाने की बात कहते थे। उन्होंने कहा कि सुजानपुर को सेक्टर 17 नहीं, बल्कि सुंदर बनाया जाएगा। सुजानपुर में वर्षाशालिका का उद्घाटन करने पहुंचे विधायक कैप्टन रणजीत सिंह का स्थानीय जनता ने जोर-शोर से स्वागत किया। विधायक ने कहा कि इस वर्षाशालिका का 10 लाख रुपए की लागत से निर्माण करवाया गया है। यहां पर लंबे समय से जनता की वर्षाशालिका बनाए जाने की मांग थी, जिसे पूरा किया गया है। कै रणजीत सिंह ने कहा कि सुजानपुर एक ऐतिहासिक और पौराणिक शहर है। सुजानपुर शहर में व्यास नदी के पुल के पास एक बड़ा गेट लगाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शहर में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए सुजानपुर के मैदान में एक सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण करवाया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम सुजानपुर डॉ रोहित शर्मा, नगर परिषद ईओ ठाकुर अजमेर सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा सहित नगर परिषद सुजानपुर के पदाधिकारी और पार्षद मौजूद रहे।

## दरव्यार गांव को जोड़ने के लिए बनेगी सड़क : सुरेश

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भोरंज विस क्षेत्र की हिम्मर पंचायत के दरव्यार गांव में वीरवार को विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि भोरंज विधायक सुरेश कुमार का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया,क्योंकि 30 सालों के बाद पहली बार कांग्रेस का विधायक दरव्यार गांव में पहुंचा है।

इस दौरान विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए भेदभाव से विकास कार्य किए जा रहे हैं। हालांकि इस क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को कम मत मिले हैं फिर भी विकास कार्यों में कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। उन्होंने लोगों को विकास कार्यों के साथ जुड़ने का आह्वान किया और कहा कि कंज्याण को बमसन क्षेत्र को मुख्यालय बनाया जा रहा है।

उन्होंने इस दौरान दरव्यार गांव को जोड़ने वाली सड़क का भूमि पूजन भी किया तथा सड़क के निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके अलावा दरव्यार स्कू ल की मरम्मत के लिए 2 लाख 70 हजार रुपए, पानी का टैंक बनाने और दरव्यार से दारट की पानी की पाइप को जल्द बदलने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अवाहदेवी में बस अड्डे की प्रपोजल तैयार की जा रही है तथा ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र से दो बसें चलाने का आश्वासन दिया।

## पीएनबी आज और कल लगाएगा हाउस लोन, सूर्या घर ऋण एक्सपो

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने और लोगों को किफायती ऋण उपलब्ध कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक 7 और 8 फरवरी को हमीरपुर बस स्टैंड के सामने हाउसिंग लोन और सूर्या घर ऋण एक्सपो का आयोजन कर रहा है। इस एक्सपो के दौरान मकान निर्माण और सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के इच्छुक ग्राहकों को मौके पर ही ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बैंक अधिकारियों और रियल एस्टेट विशेषज्ञों द्वारा विशेष परामर्श भी दिया जाएगा।

**85,000 रुपए तक की सब्सिडी और 10 वर्षों की पुनर्भुगतान अवधि :** सरकार की ग्रीन एनर्जी पहल के तहत 3 किलोवाट तक के सोलर पैनल लगाने पर 85,000 रुपए की सब्सिडी मिलेगी। इस योजना के तहत ग्राहकों को 10 वर्षों तक की लोन भुगतान अवधि दी जाएगी, जिससे बिजली बिलों में भारी कटौती संभव होगी। अरविंद सरोच ने बताया कि 300 यूनिट तक का बिजली बिल शून्य हो जाएगा, जिससे लोगों को आर्थिक रूप से राहत मिलेगी।



**हमीरपुर बस स्टैंड के सामने होगा एक्सपो का आयोजन**

**पीएनबी अधिकारियों ने लोगों से की एक्सपो में भाग लेने की अपील :** बैंक के मंडलीय प्रबंधक अरविंद सर्वोच्च ने हमीरपुर के नागरिकों से इस एक्सपो में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है, जहां ग्राहक अपने घर और सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए उचित वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। एक्सपो में ग्राहकों की सभी शंकाओं का समाधान किया जाएगा और मौके पर ही ऋण स्वीकृत करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसलिए, अगर आप घर खरीदने या सोलर पैनल लगवाने की योजना बना रहे हैं, तो 7 और 8 फरवरी को हमीरपुर बस स्टैंड के सामने पीएनबी एक्सपो में जरूर शामिल हों। (अनंत ज्ञान)

### ये-ये रहेंगी ब्याज दर

**पीएनबी** सर्कल कार्यालय, हमीरपुर के प्रमुख अरविंद सरोच ने जानकारी दी कि सूर्या घर योजना के तहत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए मात्र 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध होगा। वहीं, हाउसिंग लोन 8.40 प्रतिशत ब्याज दर पर प्रदान किया जाएगा। एक्सपो के दौरान ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है ताकि इच्छुक ग्राहक मौके पर ही इसका लाभ उठा सकें।

### ऑनलाइन आवेदन और आसान कागजी प्रक्रिया

**पीएनबी** द्वारा इस योजना को ऑनलाइन माध्यम से भी लागू किया जा रहा है। ग्राहक घर बैठे ही आवेदन कर सकते हैं और ऑनलाइन सेक्शन मिलने के बाद सोलर पैनल लगाया जाएगा। ऋण प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए आधार कार्ड और पीएनबी बैंक में खाता होना अनिवार्य किया गया है, जिससे लंबी कागजी कार्रवाई की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### अन्य बैंकों से होम लोन ट्रांसफर करने का भी मौका

एक्सपो में उन ग्राहकों के लिए भी अवसर होगा, जो अन्य बैंकों से लिए गए होम लोन पर ज्यादा ब्याज चुका रहे हैं। ऐसे ग्राहक पीएनबी में अपने लोन को ट्रांसफर कर सकते हैं और कम ब्याज दर पर होम लोन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

## नर्सरी को मिली राष्ट्रीय स्तर की मान्यता

**अनंत ज्ञान, रंगस।** औद्योनिकी एवं वानकी कॉलेज की नेरी फार्म-2 पर स्थित कृषि वानिकी नर्सरी को राष्ट्रीय स्तर की मान्यता मिली है। इसके अनुसार भारत सरकार की कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा स्थापित राष्ट्रीय नर्सरी मूल्यांकन एवं मान्यता समिति द्वारा स्थापित मापदंडों के अनुसार गुणवत्ता युक्त कृषि वानिकी की पौध तैयार की जाएगी। इसमें मुख्ता हरड़, बेहड़ा, आंबला, चंदन, लसूड़ा एवं रीठा इत्यादि कृषि वानिकी के पौधों की पौध तैयार की जाएगी। कॉलेज के डीन डॉ. धर्मपाल शर्मा ने उपलब्धि के लिए विभागाध्यक्ष डॉ. सोमनाथ शर्मा एवं वैज्ञानिक डॉक्टर नवजोत सिंह कलर सहित अन्य को भी बधाई दी है।

## साही-द-घाट गांव में तेंदुए का आतंक, पिंजरा लगाने की मांग

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत भुक्कड़ पंचायत में शाम को तेंदुए ने साही-द-घाट में मीरा देवी पत्नी सुख राम की आंगन में बंधी बकरी पर हमला बोल दिया व उसे मार कर ले गया। मीरा देवी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने जब शोर सुना तो सारे घटनास्थल पर पहुंचे तो तब तक तेंदुआ बकरी को अपना शिकार बना चुका था।

बताते चलें कि इससे पूर्व भी बीते वर्षों में तेंदुआ जोल गांव के 2 व्यक्तियों को घायल कर चुका है और एक दर्जन से अधिक मवेशियों को घायल व मार गिराया है, जिससे ग्रामीण दहशत में हैं। पंचायत प्रधान भुक्कड़ किशोर चंद ने बताया कि तेंदुए के कारण सुबह-शाम लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने वह विभाग से तेंदुए को पकड़ने के लिए क्षेत्र में पिंजरे लगाने की मांग की है।

उधर, इस बारे वन रक्षक के योगराज ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना मिली है। घटनास्थल का जायजा लेकर आवश्यक हुआ तो पिंजरा लगवा दिया जाएगा और लोगों को डर से मुक्ति दिलाई जाएगी।

## कैडेट्स को प्रदेश का मान बढ़ाने पर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर डिग्री कॉलेज के तीन एनसीसी कैडेट्स ने नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेकर हिमाचल प्रदेश और अपने कॉलेज का नाम रोशन किया। दिल्ली से लौटने के बाद हमीरपुर में कैडेट्स का भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने आर्मी ऑफिसरों और प्रशिक्षकों के साथ अपनी खुशी साझा की और इस उपलब्धि के लिए अपनी मेहनत और मार्गदर्शकों का आभार जताया।

कॉलेज के तीन एनसीसी कैडेट्स आनंदिता, समीर मोहम्मद और अश्मित ने हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया और शानदार प्रदर्शन किया। तीनों छात्रों ने बताया कि गणतंत्र दिवस की परेड में हिस्सा लेना उनके लिए गर्व की बात है। इसके लिए उन्होंने महीनों तक कड़ी मेहनत की, अनुशासन का पालन किया और अपनी फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया।



आनंदिता चौहान ने कहा, गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होना मेरे लिए एक सपना था, जो आज सच हो गया। इस सफलता के लिए मैं अपने ट्रेनर और आर्मी स्टाफ की आभारी हूं, जिन्होंने हमें हर कदम पर मार्गदर्शन दिया।

कैडेट समीर मोहम्मद और अश्मित ने भी अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि दिल्ली में देश के सबसे प्रतिष्ठित परेड का हिस्सा बनना उनके जीवन का सबसे बड़ा अनुभव रहा। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने ट्रेनर्स, कॉलेज और परिजनों को दिया।

## टौणी देवी में कीचड़ में फिसल रहे बच्चे, स्कूल परिसर में पहुंचा कीचड़

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

विकास जब परेशानी बन जाए तो लोगों के सब्र का बांध टूट जाता है। इन दिनों टौणी देवी में नेशनल हाईवे नंबर तीन की कटाई उहल चौक पर चली हुई है। हालात ऐसे बन चुके हैं कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

सबसे दूभर हालत उन स्कूली बच्चों की है, जिन्हें हर रोज कीचड़ में अपने जूते और यूनिफॉर्म को खराब करना पड़ता है। कई छोटे बच्चे यहां फिसल कर गिर भी चुके हैं। कई पैरेंट्स ने बच्चों से छुट्टियां करवा ली हैं। इतने बदतर हालात के बावजूद एनएच से संबंधित अधिकारी और साइट इंजीनियर सोए हुए हैं। कंपनी के वॉटर बिंग के इंचार्ज इंजीनियर अनन्य सिंह ने तो फोन ही नहीं उठाया।

उहल चौक पर जलशक्ति विभाग की टीम को जैसे ही पाइप लीकेज की जानकारी मिली तो बारी सेक्शन के कनिष्ठ अभियंता पंकज ठाकुर ने मरम्मत के लिए टीम को भेज दिया है। वहीं, सीनियर सेकेंडरी स्कूल टौणी देवी के प्रिंसिपल रजनीश रांगडा ने बताया कि हालात बदतर बने हुए हैं।

इस बारे में एनएच निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत ने बताया कि इस प्वाइंट की आज ही लेवलिंग कर नालियां बना दी जाएंगी, टूटी पाइप लाइन को भी ठीक किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



कीचड़ में से स्कूल जाता छात्र।

## एनएच-3 के जख्म : दुकान में घुसा सड़क का पानी, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

टौणी देवी में बन रहे नेशनल हाईवे के आधे अधूरे डंगे और अनियमित निर्माण कार्य ने दुकानदार सुशील कुमार को परेशानी में डाल दिया है। अस्पताल चौक के पास स्थित सुशील की दुकान में नेशनल हाईवे का पानी घुस गया जिससे लाखों रुपए का नुकसान हो गया। सड़क का पानी बेसमेंट तक पहुंच गया। सुशील ने बताया कि यहां दोनों सिरे पर डंगे लगा दिए लेकिन मेरी दुकान के आगे करीब बीस फुट डंगा नहीं लगाया। इसके अलावा उनके दुकान के भवन की दीवारों में भी दरारें आ गई हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी के अधिकारी फोन नहीं उठाते। सुशील ने सारे मामले की निष्पक्ष जांच करने तथा पुलिस में शिकायत दर्ज करवाने की बात कही है।

वहीं, निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत ने कहा कि समस्या का हल शीघ्र होगा ।

## सांसद खेल महाकुंभ-तीन में जजरी इलेवन ने क्रिकेट ट्रॉफी पर किया कब्जा



भाजपा नेता संजीव कुमार ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित।

**एसके ठाकुर, बड़सर**

सांसद खेल महाकुंभ सीजन 3.0 बड़सर विधानसभा क्षेत्र के कोडरा खेल मैदान में आयोजित किया गया। क्रिकेट महाकुंभ 3.0 का फाइनल मैच जजरी 11 तथा कालका 11 के बीच खेला गया। जजरी की टीम ने पहले खेलते हुए 96 रनों का लक्ष्य कालका इलेवन को दिया, परंतु आखिर में जजरी की टीम ने कालका इलेवन को 86 रनों पर ढेर कर दिया। उपविजेता टीम कालका 11 तथा तीसरे नंबर पर एचपीसीए सोहरी की टीम रही।

मुख्यातिथि संजीव कुमार ने विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि भाजपा नेता ने खिलाड़ियों को कहा की हमीरपुर के सांसद एक खिलाड़ी रहे हैं तथा वह हमेशा खिलाड़ियों के उत्थान के लिए प्रयासरत रहते हैं। हिमाचल प्रदेश के युवा खिलाड़ी नशे से दूर रहे इसी उद्देश्य से हर साल खेल महाकुंभ का आयोजन करवाते हैं। (अनंत ज्ञान)

**उपलब्धि** अभी तक नेशनल में 6 और इंटरनेशनल प्रतियोगिता में जीत चुके हैं 4 मेडल

## अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुनेश ने किक बॉक्सिंग में जीता सिल्वर और ब्रांज मेडल



अपनी ट्रॉफी और मेडल्स के साथ हमीरपुर का अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुनेश ठाकुर।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

अतंरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुनेश ठाकुर ने दिल्ली में आयोजित हुई वाको इंडिया इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सिल्वर और ब्रांज मेडल जीतकर प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है। सुनेश ठाकुर हमीरपुर जिले की ग्राम पंचायत करोट के बढ़ई गांव के निवासी हैं और आर्मी में स्पोर्ट्स कोटे से भर्ती हुए थे। आर्मी में सुनेश ठाकुर ने किक बॉक्सिंग खेल को चुना और नेशनल में 6 और इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 4 गोल्ड मेडल अपने नाम किए हैं।

उन्होंने अभी तक कुल 21 मेडल अपने नाम किए हैं। सुनेश ठाकुर ने दिल्ली में वाको इंडिया इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 94 प्लस कैटागिरी में भाग लिया, जिसमें 6 देशों के खिलाड़ियों के साथ मुकाबल हुआ। इंटरनेशनल खिलाड़ी सुनेश ठाकुर ने बताया कि उन्होंने लाइट कंटेक्ट में सिल्वर और प्वाइंट फाइट में ब्रांज मेडल हासिल किया है। इससे उनके गांव में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि इस इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 11 देशों के खिलाड़ी भाग लेने आए थे, जिन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि इटली और साउथ कोरिया में होने जा रहे किक बॉक्सिंग विश्वकप में भाग लेंगे। इसके लिए उन्होंने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में बिलासपुर, कुल्लू और हमीरपुर से तीन ही खिलाड़ी इंटरनेशनल लेबल पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में किक बॉक्सिंग को सातवें नंबर स्थान मिला है और आने वाले समय में इस खेल में कई खिलाड़ी प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने बताया कि हिमाचल में अभी इस खेल के प्रति बहुत कम रुचि है और इस खेल को आगे ले जाने के लिए वे हमीरपुर में अकादमी खोलेंगे। उन्होंने बताया कि वे मार्च माह में आर्मी से रिटायरमेंट ले रहे हैं, उसके बाद हमीरपुर में अकादमी खोलेंगे और युवाओं को ट्रेंड करेंगे।

इसके अलावा वह प्रदेश सरकार से भी इस खेल को प्रमोट करने का आग्रह करेंगे, जिससे प्रदेश के युवाओं में इस खेल के प्रति रुचि बढ़े। इस खेल के प्रति दूसरे राज्यों में खिलाड़ियों को बहुत सी सुविधाएं दी जाती हैं जो हिमाचल के खिलाड़ियों को नहीं मिल रही हैं। (अनंत ज्ञान)

## शिमला ने पहली पारी में 7 विकेट पर बनाए 461 रन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** अंतर जिला स्तरीय अमतर जोन की तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता अमतर में शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में शिमला की क्रिकेट टीम का मुकाबला सिरमौर की टीम के साथ हो रहा है। सिरमौर की टीम ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। शिमला की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में पहले दिन का मैच समाप्त होने तक 87 ओवर में 7 विकेट पर 461 बन बनाए। बल्लेबाज कुशलपाल ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 154 रन बनाए जबकि अभिमन्यु सिंह ने 116 रन बनाए।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि सिरमौर की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रियांशु ने 3, सौरभ शर्मा व प्रशांत तोमर ने 2-2 विकेट लिए।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला को चाकू दिखाकर रुपए ऐंठने का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने जटोली में चाकू दिखाकर महिला से 3700 रुपए ऐंठने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक शिकायत करता मोनिका निवासी नजदीक बस स्टॉप सपरून तहसील व जिला सोलन ने ब्यान दर्ज करवाया कि वह अपनी बेटी के साथ किराए के कमरे में धर्म बहन के साथ रहती है। 5 फरवरी को वे तीनों जटोली मंदिर को सीढ़ियों वाले रास्ते से पैदल जा रहे थे, तो सीढ़ियों पर बैठा व्यक्ति छुरी जैसी दिखाकर इनसे पैसे मांगने लगा कि जो भी आपके पास है, तो इन्होंने डरकर करीब 3700 रुपए दे दिए और वह पैसे लेकर भाग गया। पुलिस थाना सदर सोलन में अभियोग अधीन धारा 308 (5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शबीर पुत्र मुश्ताक निवासी शमरोग जटोली को कोठों के ऊपर के जंगल से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। मामले में जांच जारी है।



### 34.14 लाख में हुई पार्किंग की नीलामी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ मंदिर ट्रस्ट के अधीन आने वाली दोनों पार्किंग इस बार रिकॉर्ड मूल्य में नीलाम हुई है। यह नीलामी आज उपमंडल अधिकारी एवं मंदिर सह आयुक्त देवी सिंह ठाकुर तथा तहसीलदार रमन ठाकुर की देख-रेख में की गई। नंबर वन पार्किंग 17 लाख 700 और नंबर दो पार्किंग भी 17 लाख 700 में ही निलाम हुई है। इन दोनों पार्किंग पुरुषोत्तम चंद धानना निवासी के नाम पर नीलाम हुई है। अधिकतम बोली देने वाले पुरुषोत्तम चंद को नीलामी की आधी धनराशि सोमवार तक जमा करवानी होगी। यह नीलामी एक वर्ष के लिए की गई है। बही उपमंडल अधिकारी एवं मंदिर सह आयुक्त देवी सिंह ठाकुर ने बताया कि पार्किंग ठेकेदार को रेट लिस्ट साफ तौर पर लगानी होगी उन्होंने कहा कि पार्किंग के मूल्य गाड़ियों के हिसाब से तय कर दिए गए हैं। इसमें 2 घंटे 2 घंटे से ऊपर तथा पूरे दिन के रेट निर्धारित किए गए हैं स्कूटर के लिए 20, 50 तथा 100 रुपए कार के लिए रुपए तथा 200 रुपए टेंपो ट्रेवल के लिए 100, 200 तथा 400 रुपए इसी तरह ट्रक तथा बस के लिए 200 व 400 रुपए तथा पूरे दिन के लिए 600 रुपए निर्धारित किया गया है।

### निश्चित नेगी को एसपी सिरमौर और मीणा को एजेंसी सीबीआई में एसपी लगाया

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल सरकार ने 2007 बैच के एचपीएस (हिमाचल पुलिस सेवा) अधिकारी एवं कमांडेंट होम गार्ड कुल्लू निश्चित सिंह नेगी को बड़ी जिम्मेदारी दी है। सरकार ने उन्हें पुलिस अधीक्षक (एसपी) नाहन सिरमौर लगाया है। इसे लेकर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने आदेश जारी कर दिए हैं। निश्चित नेगी को बीते 14 मार्च को ही कमांडेंट होमगार्ड लगाया गया था। वहीं एसपी सिरमौर रहे 2011 बैच के आईपीएस रमन कुमार मीणा को सरकार ने रिलीव कर दिया है। वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। केंद्र ने उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई में एसपी लगाया है।



निश्चित नेगी, एसपी।

# जेओएआईटी, क्लर्क और रिपोर्टर के लिए हुई भर्तियों पर मचा घमासान

## विधानसभा के स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया की प्रतिक्रिया भी आई सामने

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा के लिए जेओएआईटी, क्लर्क और रिपोर्टर के लिए हुई भर्तियों पर घमासान मच गया है। इस मामले में धांधली के आरोप लगाए गए हैं। अब इस मसले पर विधानसभा के स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया की प्रतिक्रिया भी सामने आई है और कार्रवाई करने की बात कही है।

पठानिया ने कहा कि नियमों के तहत और पारदर्शिता के साथ नियुक्ति हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के समय जिन नियमों के तहत भर्ती हुई, उन्हीं नियमों के तहत भर्तियां हुईं। भाजपा को दाल कहां से काली नजर आ रही है, यह समझ नहीं आ रहा है। नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता बयानबाजी से पहले सलाह-मशवरा कर लेते। पूर्व में अध्यक्ष रहे डॉ. राजीव बिंदल और विपिन परमार से सलाह लेनी चाहिए थी। स्पीकर ने ऐलान किया कि एक भी नियुक्ति में कोई फ्रॉड पाया जाएगा तो उस पर कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया में दुष्प्रचार चल रहा है और आरोपों पर



अपनी शक्तियों का प्रयोग किया जाएगा।

हिमाचल विधानसभा के संयुक्त निदेशक एवं मुख्य प्रवक्ता हरदयाल भारद्वाज ने भर्तियों पर उठे सवालों को खारिज करते हुए कहा है कि सभी नियुक्तियां नियमों और पारदर्शिता के साथ की गई हैं। प्रवक्ता ने कहा कि कुछ समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहें तथ्यहीन और गैर-जिम्मेदाराना हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में भर्तियां उसी प्रक्रिया के तहत होती हैं, जैसे राजभवन, उच्च न्यायालय और प्रदेश लोक सेवा आयोग में होती हैं। भर्ती प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है और सभी भर्तियां उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट आरक्षण नियमों के अनुसार की गई हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा के गठन से अब तक सभी जिलों के योग्य उम्मीदवारों का चयन किया गया है। इनमें शिमला (37), सिरमौर (11), बिलासपुर (3), हमीरपुर (7), कांगड़ा (36), ऊना (3), चंबा (5), मंडी (49), किन्नौर (1), सोलन (14), कुल्लू (1), उत्तराखंड (2) और चंडीगढ़ (1) शामिल हैं।

वर्तमान में मैरिट के आधार पर की गई नियुक्तियों में शिमला (2), सिरमौर (2), बिलासपुर (1), हमीरपुर (7), कांगड़ा (1), ऊना (1), चंबा (15), मंडी (2) और लाहौल-स्पिति (1) से उम्मीदवारों का चयन हुआ है। प्रवक्ता ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का पद संवैधानिक है और उन पर आरोप लगाना असंवैधानिक है। बिना तथ्यों की जांच किए, मीडिया या सोशल मीडिया पर संवैधानिक पद पर आरोप लगाना संवैधानिक मर्यादा और विशेषाधिकार का उल्लंघन माना जाएगा।

### राज्यपाल शुक्ल से भी की शिकायत

**पूरे** मामले को लेकर राज्यपाल से भी शिकायत की गई है। भरमौर के युवक ने ऑनलाइन शिकायत भेजी है। नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी और कहा कि विधानसभा की भर्तियों को लेकर पूरे प्रदेश से आवाज उठ रही है। पूरा सोशल मीडिया भर्ती में हुई धांधली की कहानियों से भरा पड़ा है। इस भर्ती के अभ्यर्थियों द्वारा भर्ती की प्रकिया पर सवाल उठाए जा रहे हैं। धांधली और मनमर्जी के जो आरोप लग रहे हैं वे बहुत शर्मनाक हैं। इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी करने के लिए इस मामले की जांच की जानी चाहिए। आरोपों के हिसाब से दाल में काला नहीं पूरी दाल ही काली नजर आ रही है। भाजपा इस पूरी भर्ती प्रक्रिया की जांच की मांग करती है।

# नकड़ोह कैलाश नगर में हरे पेड़ों का अवैध कटान



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

हिमाचल प्रदेश में जहां पेड़ काटने पर पूर्ण प्रतिबंध है, परंतु इसके बाद भी गगरेट विधानसभा के नकड़ोह कैलाश नगर में खैर के चार हरे-भरे पेड़ों को वनकाटुओं द्वारा काट दिए गए दो खैर के पेड़ सरकारी भूमि से और बाकी निजी भूमि कटे गए।

यह घटना तब हुई जब प्रदेश सरकार ने बालन तक के कटान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। स्थानीय व्यक्ति ने जब अपनी पशुशाला में गया तो उसने देखा की रास्ते में खैर के हरे भरे कटे देखकर हैरान हुआ, जिससे मामले का खुलासा हुआ। मामले का खुलासा होते ही वन विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण किया और पाया की सरकारी भूमि से दो और मिलकती भूमि से दो खैर के हरे भरे पेड़ काटे गए और वन विभाग अधिकारी द्वारा इन वनकाटुओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर पहुंचे हुए वन मंडल अधिकारी रेंज ऑफिसर पूर्ण चंद कहा की दो खैर के पेड़ सरकारी भूमि से काटे गए हैं दो खैर के पेड़ अलग-अलग निजि भूमि के खेतों से काटे गए हैं इन पेड़ो को छोटी आरी से काटा गया है इन वनकाटुओं को पकड़ने के लिए, हमने जाल बीछा दिया है। जल्द कार्रवाई की जाएगी।

**सरकार ने बालन के कटान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया**

# शादी करवाने के नाम पर डेढ़ लाख रुपए की ठगी

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज थाने के अंतर्गत शाही गांव के एक युवक से शादी के नाम पर 150000 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। भोरंज थाने में जितेश शर्मा नामक युवक ने ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। भोरंज पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शादी के नाम पर ठगी करने वाले शातिरों के बारे में लगाया जा रहा है।

एफआईआर में शिकायतकर्ता जितेश शर्मा ने बलदेव शर्मा पुत्र नानक चंद गांव खरसल, जिला मंडी पर आरोप लगाए हैं कि उसे शादी करवाने की एवज में 150000 रुपए दिए थे। 13 दिसंबर 2024 को शादी करवाने वाला व्यक्ति बलदेव शर्मा, बबीता पुत्री तेग बहादुर नामक युवती के साथ भोरंज कोर्ट में शादी के लिए लाए, परंतु युवती का जन्म का कोई प्रमाण पत्र उपलब्ध न होने कारण वकील के द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से शादी करवा दी गई।

शादी के बाद दुल्हन ने मां की बीमारी का बहाना बनाकर घर से आभूषण लेकर यमुनानगर चली गई। उसके बाद लड़की से उसका फोन उठाना बंद कर दिया। शादी करवाने वाले बलदेव शर्मा ने भी मामले में कन्नी काटना शुरू कर दी तथा शिकायतकर्ता के गहनों, पैसों को वापस करने से मना कर दिया। उसके बाद जितेश शर्मा ने शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ने शादी के नाम पर ठगी करने वाले लोगों के खिलाफ केस दर्ज होने की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# अगर ट्रेजरी से भुगतान हो रहे हैं तो ठेकेदार दफ्तरों से क्यों उठवा रहे हैं फर्नीचर : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुख की सरकार के व्यवस्था परिवर्तन का भांडा पूरी तरह फूट चुका है। आए दिन सरकार के व्यवस्था पतन के नमूने सामने आते हैं, जो मुख्यमंत्री और सरकार की नहीं हिमाचल प्रदेश की भी किरकिरी करवा रहे हैं और आम लोगों को उसकी वजह से तकलीफ उठानी पड़ रही है।



विपक्ष लगातार मुख्यमंत्री से आग्रह कर रहा है कि वह ट्रेजरी खोलें और लोगों के लंबित पड़े बिलों की अदायगी करें। आम जनता से लेकर ठेकेदार सब परेशान है और सबका यही कहना है कि उनके भुगतान लंबित पड़े हैं जिसकी वजह से उन्हें तमाम कठिनाइयां उठानी पड़ रही हैं। ठेकेदारों द्वारा उनके हजारों करोड़ रुपए के बकाया होने की बात की जा रही है और भुगतान न होने की स्थिति में वे काम रोक देने की मजबूरी भी बता रहे हैं।

जयराम ने कहा आज समाचारों में छपा है कि कुल्लू जिला के बंजार विधानसभा क्षेत्र में ठेकेदार को सरकार द्वारा 6 महीने से ज्यादा समय तक पेमेंट नहीं की गई। जब ठेकेदार के पास और कोई विकल्प नहीं बचा तो उसने बीडीओ के ऑफिस से अपना सारा फर्नीचर और सामान उठवा कर वापस ले गया। यह व्यवस्था परिवर्तन के मुंह पर एक तमाचा है।

इसी तरीके से एक और खबर आज हिमाचल की सुर्खियों में है कि शिमला के विंटर कार्निवाल में स्थानीय कलाकारों से काम लिया गया, अब विंटर कार्निवल को खत्म हुए भी एक महीना हो गया है, लेकिन सरकार उन कलाकारों का मेहनताना भी नहीं दे रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू समझ लें कि सरकार प्रबंधन से चलती है प्रवचन से नहीं। सच आज नहीं तो कल सबके सामने आ जाएगा तो झूठ बोलने वाले मंत्री प्रदेश के लोगों का सामना कैसे करेंगे?

### भर्तियों पर उठ रहे सवालों का जवाब दे सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि विधानसभा द्वारा की गई भर्तियों में उठ रहे सवाल बेहद गंभीर हैं। इस मामले में सरकार जवाब दे। इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थियों द्वारा धांधली के बहुत गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिनका स्पष्टीकरण सरकार को देना चाहिए। भर्ती प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थियों द्वारा लगाया गया आरोप इस भर्ती प्रक्रिया की सुचिता पर भी सवाल खड़ा कर रहा है। ऐसे में सरकार को इस मामले की जांच करवानी चाहिए। जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा की भर्तियों को लेकर पूरे प्रदेश से आवाज उठ रही है।

# कसौली गैंगरेप मामले में शिकायतकर्ता लड़की और अमित बिंदल के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से जुड़े हिमाचल प्रदेश के चर्चित कसौली कांड में एक नया मोड़ आ गया है। पुलिस ने कसौली गैंगरेप मामले में शिकायतकर्ता लड़की और अमित बिंदल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले में अन्य आरोपी सिंगर रॉकी मित्तल ने अब हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग के नए आरोप शिकायतकर्ता लड़की और अमित बिंदल पर लगाए हैं।

रॉकी की शिकायत पर शिकायतकर्ता लड़की, अमित बिंदल और तीन अन्य लोगों पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, इन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके

**हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग के नए आरोप**

खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रॉकी मित्तल ने दावा किया है कि ये लोग हनीट्रैप के जरिए पैसे मांगकर उन्हें ब्लैकमेल कर रहे थे। वहीं, पुलिस ने नालागढ़ कोर्ट में सबूतों के अभाव में गैंग रेप शिकायत की क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है।

यह मामला राजनीतिक रूप से और अधिक गरमा गया है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और मोहन लाल बड़ौली हरियाणा भाजपा अध्यक्ष हैं। भाजपा ने इसे राजनीतिक साजिश बताया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू से जांच कर रही है और हनीट्रैप के एंगल की भी गहनता से छानबीन की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### क्या है मामला

**केस** की शुरुआत 13 दिसंबर 2024 को हुई थी, जब दिल्ली की एक महिला ने कसौली पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। महिला का आरोप था कि कसौली के सरकारी होटल में उसे जबरन शराब पिलाकर दुष्कर्म किया गया। महिला ने दावा किया कि भाजपा नेता रॉकी मित्तल ने उसे अपनी म्यूजिक एल्बम में अभिनेत्री बनाने और बड़ौली ने सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। महिला ने आरोप लगाया कि दुष्कर्म के बाद उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो बनाए गए और धमकाकर उसे होटल से बाहर निकाल दिया गया। यही नहीं, महिला ने यह भी दावा किया कि बाद में उसे पंचकूला में झूठे केस में फंसाने की साजिश रची गई।

# देश की विविधता को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है सेल : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

अंतरराज्य छात्र जीवन दर्शन यात्रा (सेल) 2025, हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत आज यहां शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। उन्होंने यात्रा में पूर्वोत्तर राज्यों के युवाओं तथा 'सेल' के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इसके अलावा, राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर, राज्यपाल ने कहा कि भारत एक सोच है जिसको पोषित करना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने छात्र संगठन के रूप में विद्यार्थी परिषद की ज्ञान, शील और एकता के सिद्धांत का पालन करने के




लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि अन्तर्राज्य छात्र जीवन दर्शन यात्रा के कार्यक्रम एक-दूसरे को जानने और समझने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण का कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित होकर कार्य करे का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल हमारे देश की विविधता को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि 1966 में शुरू किया गया यह प्रकल्प पिछले 60 वर्षों से भारत के प्रत्येक कोने में एकता की भावना को बढ़ावा दे रहा है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष, 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा 2025' का आयोजन किया गया है, जो 20 जनवरी 2025' से गुवाहाटी से शुरू हुई। इस यात्रा में '256 छात्र' आठ अलग-अलग समूहों में पूरे भारत का भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रुप 4 के 32 छात्र पूर्वोत्तर भारत से हिमाचल प्रदेश के शिमला में 2 से 6 फरवरी तक रहे। इस दौरान, उन्होंने स्थानीय संस्कृति, भाषा, और परंपराओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने स्थानीय परिवारों के साथ रहकर उनकी दैनिक जीवनशैली को जाना और स्थानीय समुदायों के साथ संवाद किया।

# हिमाचल में फिर शुरू हुआ चिलिंग ऑवर्स पीरियड

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल में लंबे समय के बाद हुई बारिश-बर्फबारी सेब सहित अन्य फसलों के लिए अमृत समान है। फरवरी महीने में हुई बारिश-बर्फबारी के बाद सेब और अन्य फलों के अच्छे उत्पादन के लिए जरूरी चिलिंग आवर्स का पीरियड फिर से शुरू हो गया है। हालांकि, इस बार दिसंबर महीने में ही कड़ाके की ठंड पड़ने से चिलिंग आवर्स का पीरियड शुरू हो गया था।

**सेब उत्पादन के लिए क्यों है जरूरी? बागवान अभी न करें ये काम**

प्रदेश में ऐसा 20 साल बाद हुआ था कि दिसंबर महीने में चिलिंग आवर्स का पीरियड शुरू हुआ था, लेकिन जनवरी महीने में बारिश और बर्फबारी न होने से तापमान में वापस बढ़ोतरी दर्ज की गई। जिस कारण चिलिंग आवर्स का पीरियड रुक गया था। प्रदेश में इस दौरान चिलिंग आवर्स के केवल 300 घंटे ही पूरे हो पाए थे। अब बारिश-बर्फबारी के बाद फिर से चिलिंग आवर्स का पीरियड शुरू होने से बागवानों में अच्छी पैदावार की उम्मीद जगी है। बशर्ते आने वाले दिनों में भी मौसम यू ही बना रहे और बारिश-बर्फबारी होते रहे।

वहीं, विशेषज्ञों ने बारिश के बाद अभी सेब के तौलिए का काम शुरू न करने की सलाह दी है। इससे जमीन से नमी गायब हो सकती है।

बागवानी विशेषज्ञ एसपी भारद्वाज ने बताया कि प्रदेश भर में बारिश-बर्फबारी होने से चिलिंग आवर्स का रुका हुआ पीरियड शुरू हो गया है। अगर आने वाले दिनों में बारिश और बर्फबारी होती है तो फलों के लिए जरूरी चिलिंग आवर्स जल्दी पूरे हो सकते हैं।

### किन फलों को कितने चिलिंग आवर्स की जरूरत

**सेब** सहित अन्य फलों के लिए भी चिलिंग आवर्स का पूरा होना जरूरी है। विशेषज्ञों के मुताबिक सेब की रेड डिलीशियस वैरायटी के लिए सबसे अधिक 1200 घंटे के चिलिंग आवर्स की जरूरत होती है। वहीं, रॉयल सेब के लिए 1000 से 1100 घंटे के चिलिंग आवर्स पूरा होना जरूरी है। स्पर वैरायटी सेब के लिए 800 से 900 घंटे व गाला प्रजाति सेब के लिए 700 से 800 घंटे तक के चिलिंग आवर्स पूरा होना आवश्यक है। इसी तरह से स्टोन फ्रूट में प्लम के लिए 300 से 400 घंटे, खुबानी के लिए 300 से 400 घंटे, नाशपाती के लिए 700 से 800 घंटे व अंगूर के लिए 300 से 400 घंटे और चेरी के लिए 1200 घंटे के चिलिंग आवर्स का पूरा होना जरूरी है। तभी सेब सहित स्टोन फ्रूट का उत्पादन अच्छा रहता है।

# श्रद्धालुओं के लिए खोला गणपत्ति रज्जू मार्ग

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी**

उत्तरी भारत के विख्यात तीर्थ स्थल माता श्री नयना देवी जी में स्थित गणपति रज्जू मार्ग वीरवार से फिर श्रद्धालुओं की सेवा के लिए खोल दिया गया है। अब माता के दर्शनों को आ रहे श्रद्धालुओं के लिए यह बहुत बड़ी बात है, क्योंकि रज्जू मार्ग मरम्मत के चलते एवम रज्जू मार्ग का नवीकरण करने हेतु गणपति रज्जू मार्ग ने लगभग एक महीने से सभी रोप को बदलने तथा ट्रॉलियों को नए सिरे से लगाने हेतु कार्य किया था, जिसके चलते एक महीने के बाद रज्जू मार्ग प्रबंधन ने कार्य



पूरा कर आज से श्रद्धालुओं की सेवा के लिए रज्जू मार्ग खोल दिया है अब श्रद्धालु आराम से माता जी के दर्शन के लिए रज्जू मार्ग से आ जा सकेंगे।

बता दें कि हर वर्ष रज्जू मार्ग की रिपेयर की जाती है जिसके चलते लगभग सात या 10 दिनों के लिए ही रज्जू मार्ग को बंद किया जाता था, परंतु अब नए सिरे से सभी ट्रालियों को हटाकर नए सिरे से नवीकरण किया गया है तथा अब ट्रालियों की लुक देखते ही बनती थी।

रज्जू मार्ग के कार्यकारी अधिकारी सी बनर्जी ने बताया कि कुछ दिनों के लिए रज्जू मार्ग को बंद किया गया था तथा यात्रियों की सुविधा हेतु एवं सुरक्षा हेतु यह रज्जू मार्ग प्रशासन का बहुत ही बढ़िया कदम था तथा इसका नवीकरण कर खोल दिया गया है तथा अब यात्री अपनी सुविधा अनुसार फिर से रज्जू मार्ग से आ जा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

# शिमला में ग्रामीण बैंक में 6 लाख की धोखाधड़ी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला में एक बैंक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने ग्रामीण बैंक से फर्जी दस्तावेज तैयार करके लाखों का लोन लिया। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक के सहायक महाप्रबंधक वीरेंद्र कुमार चौहान की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**फर्जी दस्तावेज जमा करके लिया लोन गारंटर के भी कागजात झूठे**

पुलिस से मिली शिकायत के अनुसार, शिमला जिले के ठियोग तहसील के गांव भलेच के रहने वाले मुकेश कुमार नामक शख्स ने वर्ष 2017 में बैंक से 6 लाख रुपए का लोन लिया। व्यक्ति ने जब लोन की अदायगी नहीं की तो बैंक प्रबंधन ने कई बार व्यक्ति को नोटिस दिए गए, लेकिन व्यक्ति ने कोई जवाब नहीं दिया।

बैंक ने जब कागजातों की छानबीन की तो पता चला कि उक्त व्यक्ति ने लोन लेने के लिए फर्जी राजस्व दस्तावेज का इस्तेमाल किया। इतना ही नहीं, लोन के लिए व्यक्ति के गारंटर बने ठियोग तहसील के हलाई गांव के प्रेम सिंह ने भी झूठे राजस्व दस्तावेज जमा किए। इसके बाद बैंक अधिकारी ने थाना न्यू शिमला में शिकायत दी है। पुलिस ने इस मामले में बैंक महाप्रबंधक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


## सुविधा | 67 करोड़ के प्रोजेक्ट में अब अवार्ड होने की देरी, एक महीने से लटका है प्रोसेस

# दियोटसिद्ध में लिफ्ट से मंदिर की गुफा तक पहुंचेंगे श्रद्धालु

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

उत्तर भारत की प्रमुख सिद्ध पीठ बाबा बालकनाथ मंदिर सिद्ध परिसर में श्रद्धालुओं खास कर दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए गुफा तक पहुंचाने को लिफ्ट की सुविधा मुहैया होगी। पहाड़ी पर स्थित इस मंदिर की गुफा तक पहुंचाने के लिए अभी तक पौड़ियों के जरिए ही श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचते हैं। वैसे इस मंदिर परिसर में कई और सुविधाएं जुटाने के लिए जिस प्रोजेक्ट के तहत काम हो रहा है, उसकी टेंडर प्रक्रिया तो मुकम्मल हो चुकी है, लेकिन उसे अवार्ड करने में देरी हो रही है।

इधर, असल में पिछले कई सालों से इस मंदिर में श्रद्धालु गुफा तक पहुंचाने के लिए लिफ्ट की व्यवस्था करने की मांग उठ चुके हैं, लेकिन कभी भी इस पर गौर नहीं हुआ। मौजूदा सरकार के समय 'एशियन डेवलपमेंट




बैंक' यानी एडीबी के द्वारा जिस प्रोजेक्ट को तैयार किया गया है, उसमें कई अन्य सुविधाएं भी जुटाए जाने का प्रावधान है, क्योंकि तकरीबन 67 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में अलग-अलग करीब आठ तरह के कंपोनेंट हैं, जिनके तहत काम होना है। इसमें अन्य तमाम सुविधाओं को अगर अलग कर दें तो सबसे महत्वपूर्ण पार्किंग की सुविधा को अंजाम दिया जाना है, लेकिन अति-महत्वपूर्ण यह है कि दो अलग-अलग लिफ्टें यहां पर लगाई जाएंगी। एक बड़ी और एक छोटी क्षमता वाली। सराए नंबर 7 के पास से यह लिफ्ट चरण पादुका तक बनेगी और श्रद्धालु सीधे मंदिर गुफा के पास ही पहुंचेंगे। ऐसा इस लिफ्ट के प्रोजेक्ट में व्यवस्था की गई है।

काबिले गौर है इस मंदिर में सबसे ज्यादा पंजाब प्रांत से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। चैत्र मास के मेलों के दौरान तो बाबा की इस पहाड़ी पर ऐसा लगता है मानों पूरा दुआबा ही पहुंच चुका है, लेकिन गुफा तक पहुंचाने के लिए गुफा के नीचे से पौड़ियों के जरिए श्रद्धालु पहुंचते हैं, उसमें दिव्यांगों, बुजुर्गों और अन्य कमजोर या भारी शरीर बालों को दिक्कत रहती है। ऐसा नहीं है कि इस मंदिर में चढ़ावा कम है, या फिर यह मंदिर वित्तीय तौर पर कमजोर है, लेकिन इस पर सही मायनों में पहले काम ही नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)

### एक महीना पहले हुआ था टेंडर

67 करोड़ रुपए के इस मंदिर के बड़े प्रोजेक्ट के लिए टेंडर प्रक्रिया तकरीबन एक माह पहले मुकम्मल हो चुकी है। अब केवल अवार्ड करने का काम बाकी था, इसे उच्च स्तर के लिए शिमला भेजा गया था। उस पर लेट-लतीफी क्यों हुई है। अभी तक इसका पता नहीं चल पा रहा। टेंडर जल्दी अवार्ड हो जाता, तो अभी तक काम शुरू भी हो चुका होता।

### उम्मीद है जल्दी अवार्ड होगा : एक्सईएन

**इधर,** एशियन डेवलपमेंट बैंक के एक्सईएन मनोहर शर्मा का कहना है कि टेंडर हो चुका है और अब शिमला में इस पर अंतिम मुहर लगनी है। उम्मीद यही है कि अगले कुछ दिनों में यह महत्वपूर्ण टेंडर अवार्ड हो जाएगा। शायद इसमें कुछ थोड़ा बहुत चेंज हो रहा होगा? इसलिए वक्त लगा है।

## न्यूज ब्रीफ

### भोडा स्कूल में दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोडा में सड़क सुरक्षा क्लब तथा पुलिस विभाग हिमाचल प्रदेश के सौजन्य से सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल सड़क सुरक्षा कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार और रुबी गुलेरिया द्वारा विद्यार्थियों के पंजीकरण के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। कार्यक्रम का मार्गदर्शन राजन सूद द्वारा किया गया। एसएचओ भवारना इंस्पेक्टर गुरदेव सिंह द्वारा युवा क्लब भोडा तथा स्कूल के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया गया। प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल द्वारा बच्चों को अपने संबोधन में बिना सीट बेल्ट कार तथा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर चालक के जीवन को खतरे के बारे में बताया। इसके साथ साथ उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के उपरांत स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी के लिए चाय-पान का प्रबंध भी किया गया। भोडा युवा क्लब प्रधान मनप्रीत द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आभार प्रकट किया गया।

### सड़क सुरक्षा पर निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** शिक्षा खंड फतेहपुर के तहत पड़ते रावमापा बरोट के बच्चों ने वीरवार को प्रिंसिपल अनुराधा पराशर के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा अभियान पर रैली निकाल लोगों को जागरूक किया। इस दौरान बच्चों ने हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर यातायात नियमों का पालन करने को भी प्रेरित किया। प्रिंसिपल अनुराधा पराशर ने कहा कि स्कूली बच्चों द्वारा समय -समय पर रैलियां निकाल लोगों को जागरूक किया जाता है। आज की रैली दौरान क्षेत्र के लोगों को सड़क सुरक्षा पर जागरूक किया गया है। इस मौके पर स्कूल स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य वीरवार को गुरु रविदास महासभा द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि शोभायात्रा गुरु रविदास मंदिर फतेहपुर से शुरू होकर भिन्न-भिन्न स्थानों से गुजरती हुई गुरु रविदास मंदिर फतेहपुर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में शामिल सैकड़ों वाहनों में हजारों की तादाद में संगत ने हिस्सा लिया। इससे पूर्व मंदिर मंदिर में कीर्तन का भी आयोजन किया गया।

### सिहवां सोसायटी की वार्षिक बैठक 16 को

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** सिहवां भनियार कृषि सेवा सहकारी सभा समिति शाहपुर की ओर से 16 फरवरी को वार्षिक साधारण अधिवेशन का आयोजन किया जाएगा। यह अधिवेशन सभा कायार्लय के प्रांगण में होगा। सुबह 11 बजे आयोजित होने वाले अधिवेशन के लिए सभा पदाधिकारियों ने सभा सदस्यों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। इसको लेकर द सिहवां भनियार कृषि सेवा सहकारी सभा समिति की सचिव मीनाक्षी राणा ने बताया कि इस अधिवेशन में ऑडिट को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही फोरलेन की जद में आए द सिहवां भनियार कृषि सेवा सहकारी सभा समिति का भवन के निर्माण को लेकर भी चर्चा की जाए। इसके साथ ही सोसायटी के अन्य मुद्दों को लेकर मंथन किया जाएगा। इस मीटिंग में सोसायटी के प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य सहित सदस्य मौजूद रहेंगे।

### हंस फाउंडेशन ने डरोह में करवाई मॉक ड्रिल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हंस फाउंडेशन के सौजन्य से हिमाचल प्रदेश वन विभाग पालमपुर, वन मंडल डरोह के वन परिक्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के प्रधानों व लोगों को एसडीआरएफ फायर, एचपीएसडीएमए व डीडीएमए विभिगों के कर्मचारियों ने एसडीएम धीरा की अध्यक्षता में तीन दिवसीय चलने वाले मॉक ड्रिल, फायर ट्रेनिंग की शुरुआत वीरवार को हुई। इस दिन दैहण, पुन्नर, मनसिंबल बसकेहड़, पुड़बा, चांदड़, गढ़ व जमूला से लगभग 50 वालंटियर्स ने भाग लिया।यह कार्यक्रम दो दिन और चलेगा, जिसमें विभिन्न पंचायतों के फायर वालंटियर भाग ले रहे हैं, जिनसे आग की रोकथाम बारे मॉक ड्रिल करवाई जा रही है। इसके साथ-साथ जंगलों में लगने वाली आग के लगने के कारणों के बारे में बताया जा रहा है साथ ही इसकी रोकथाम व प्रशिक्षण के बारे भी जानकारी दी जा रही है।

# सीयू में इसी सत्र से ऑनलाइन डिग्री प्रोग्राम होंगे शुरू: कुलपति

## प्रो. बंसल ने संकाय सदस्यों, तकनीकी स्टाफ की कार्यशाला में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में इसी सत्र से अर्थशास्त्र विभाग, इतिहास विभाग और राजनीति विज्ञान में एमए, एमसीए और एमबीए कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से शुरू किए जा रहे हैं। इसी संबंध में धौलाधार परिसर-एक के सेमिनार हाल में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की।

कार्यशाला में कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा, दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्रके निदेशक प्रो. विशाल सूद, डॉ. ज्योत्सना दीक्षित, अतिरिक्त निदेशक, राष्ट्रीय दूरस्थ शिक्षा नवाचार केंद्र, इग्नू और प्रो. अनीता प्रियदर्शनी निदेशक, स्टाफ ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ डिस्टेंस एजुकेशन (स्ट्राइड) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) मौजूद रहे। विवि के कुलसचिव ने डॉ. ज्योत्सना दीक्षित और प्रो. अनीता प्रियदर्शनी को सम्मानित किया। दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के सहायक निदेशक डॉ. हरीश गौतम ने सभी का स्वागत किया।

उन्होंने मुख्यातिथियों का संक्षिप्त परिचय दिया। इसके बाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्रके निदेशक प्रो. विशाल सूद ने डॉ. ज्योत्सना दीक्षित और प्रो. अनीता प्रियदर्शनी का स्वागत करते हुए हर्ष जताया कि उनके मार्गदर्शन में इस दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर मौजूद संकाय सदस्यों को इस कार्यशाला का महत्व बताया।

वहीं, केंद्रीय विश्विद्यालय कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र की कमेटी को इस कार्यशाला के आयोजन की बधाई दी और कहा कि विश्वविद्यालय एक नई पहल इसी साल करने जा रहा है। कुछ ऑनलाइन कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। जल्द ही उनकी संख्या में इजाफा किया जाएगा।

उन्होंने इग्नू से आई हुई अधिकारियों का भी स्वागत किया और कहा कि निश्चित रूप से इस दो दिवसीय कार्यशाला को आयोजित किए जाने का उद्देश्य पूरा होगा। विश्वविद्यालय अब शोध के साथ हर क्षेत्र में अपने कदम बढ़ा रहा है। यह पहल भी उसी दिशा में की जा रही है। कुछ समय से विश्वविद्यालय अपनी पहचान को और सशक्त बनाने में कामयाब हुआ है।

# 15 .75 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़े पंजाब के दो युवक

**अनंत ज्ञान, जवाली**



पुलिस की विशेष टीम ने जवाली के तहत पड़ते गुहन में 15.75 ग्राम चिट्टे के साथ पंजाब के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इस बारे में वीरवार को प्रेस रिलीज जारी करते हुए एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस ने गश्त दौरान उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवकों की पहचान पवन पुत्र धर्मवीर व सतनाम पुत्र अच्छन गांव मागोवाल जिला होशियारपुर पंजाब के रूप में हुई है। पवन के पास 7.80 ग्राम व सतनाम के पास 7.95 ग्राम चिट्टा पाया गया है।

### मस्सल चौक पर 166 ग्राम चरस के साथ दो काबू

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के मस्सल चौक पर बीती रात नगरोटा पुलिस द्वारा नाके के दौरान 2 युवकों से 166 ग्राम चरस बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक शीला चौक से इंजीनियरिंग कॉलेज मस्सल की तरफ जा रहे थे। दोनों ने नाके पर लगी पुलिस को देखा तो उसमें से एक व्यक्ति ने चरस को एफसीआई ऑफिस के पास नीचे फेंक दिया। दोनों का पता पूछने पर एक ने अपना नाम मनोज कुमार उम्र 37 साल गांव शीला डाकघर पासु तहसील जिला कांगड़ा व दूसरे ने अपना नाम रजत चौधरी उम्र 26 वर्ष, गांव डाकघर शुक्र तहसील धर्मशाला बताया है। नगरोटा बगवां थाने के एसएचओ चंद्रकांत ने पूरे मामले की पुष्टि की है और बताया कि पुलिस ने इन दोनों को गिरफ्त में ले लिया है और एनडीपीएस की धारा 20 और 29 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एचआरटीसी बस के कंडक्टर ने मोबाइल फोन लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां**



बीते दिनों हारसी पत्तन से अमृतसर रूट पर निकली हिमाचल पथ परिवहन निगम पठानकोट डिपो की बस में यात्रा करते समय किसी का मोबाइल फोन गाड़ी के भीतर ही गिर गया। गंतव्य पर पहुंचने के उपरांत कंडक्टर तलविंदर सिंह गिल द्वारा बस की सफाई की गई तो उन्हें बस के भीतर एक मोबाइल फोन मिला, जिसकी स्क्रीन लॉक थी। ऐसे में वह किसी से कोई संपर्क नहीं कर पा रहे थे। कुछ समय बाद मोबाइल मालिक का स्वयं ही फोन आ गया और उन्होंने कंडक्टर से बस में मोबाइल फोन के गुम होने की बात कही। बातचीत के उपरांत कंडक्टर द्वारा कार्यालय में बुलाकर यात्री का फोन उन्हें वापस कर दिया गया। फोन मिलने पर पठानकोट निवासी ने कंडक्टर और बस ड्राइवर तथा पथ परिवहन निगम का शुक्रिया अदा किया गया।

# किसान–बागवान नैनो उर्वरकों का करें इस्तेमाल

## क्षेत्रीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र जाछ में वैज्ञानिक-बागवान संवाद कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

इफको द्वारा कांगड़ा क्षेत्र के नूरपुर में स्थित औद्योनिकी एवं वानिकी विश्वद्यालय के क्षेत्रीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र जाछ में बागवानी फसलों में उपयोग हेतु वैज्ञानिक–बागवान संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप प्रशिक्षण केंद्र के सम्वन्यक डॉ. विपन गुलेरिआ सहित विशेषज्ञ डॉ. राजेश कलेर सहित मृदा वैज्ञानिक डॉ. रेनू कपूर एवं इफको के कांगड़ा जिले के क्षेत्र अधिकारी श्रेय सूद सहित निखिल कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नूरपुर एवं अन्य क्षेत्रों से आए प्रमुख 25 बागवानों ने भाग लिया, जिन्हें इफको द्वारा निर्मित विश्व प्रथम नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो DAP के बावत जानकारी प्रदान की गयी। नैनो यूरिया प्लस आधुनिक तकनीक द्वारा निर्मित एक तरल उत्पाद है और आम यूरिया खाद का एक पर्यावरण हितैषी विकल्प है। किसानों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण केंद्र से डॉ. विपन गुलेरिआ द्वारा बागवानों को कृषि में नवीनतम तकनीकों पर आधारित उत्पादों जैसे–नैनो यूरिया तरल एवं विभिन जल विलय उर्वरकों के संबंध में जानकारी प्रदान की एवं भविष्य में नैनो उत्पादों की मदद से बहुमूल्य मुद्रा की अनुदान के रूप में बचत के बारे में प्रतिभागियों को अवगत करवाया एवं पारंपरिक उर्वरकों जैसे यूरिया के अंधाधुंध इस्तेमाल से पर्यावरण पर पड़ रहे नकारात्मक परिणामों से बचने हेतु एवं भारत की बहुमूल्य मुद्रा को बचाने के लिए नैनो उर्वरकों जैसे आधुनिक उत्पादों को इस्तेमाल करने की हिदायत दी गई। नैनो DAP (तरल) फसल की पैदावार बढ़ाने और पारंपरिक NPK एवं DAP खाद के कारण होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को कम करके किसानों की आय में सुधार करने में अहम भूमिका रखेगा । एक बोतल इफको नैनो DAP (तरल) की किसानों को 600 रूपए में अपनी सहकारी समिति के माध्यम से उपलब्ध होगी, जोकि पारंपरिक NPK/DAP खाद की खपत को लगभग आधा कर देगी इफको नैनो DAP नैनो टेक्नोलॉजी से निर्मित एक अनोखा उत्पाद है, जोकि बीज/जड़ उपचार एवं पौधों के ऊपर छिड़काव करके इस्तेमाल किया जाता है और ये पारंपरिक NPK/DAP की तुलना में ज्यादा प्रभावशाली उत्पाद है। इफको द्वारा कांगड़ा क्षेत्र में कृषि ड्रोन सहित इलेक्ट्रिक गाड़ी भी मुहैया करवाई गई है, उसके बाबत भी किसानों को जानकारी दी गई कि कैसे किसान उदय ऐप के माध्यम से अब अपने खेतों में सामान्य शुल्क पर स्प्रे करवा सकते हैं।

### कौन सा व्यवस्था परिवर्तन किया गया, जिसका लोगों को मिला हो लाभ: गुलशन कुमार

# करुणामूलक परिवारों को 20 साल से नौकरी का इंतजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



करुणामूलक परिवारों ने अपनी मांगों को लेकर जिला स्तर पर मीडिया के माध्यम से न्याय की गुहार सरकार के समक्ष लगाई है। वीरवार को धर्मशाला से राज्य आईटी सेल पदाधिकारी गुलशन की अध्यक्षता में करुणामूलक परिवारों की आवाज को बुलंद किया गया। इस दौरान राजीव कुमार, मनु कुमार, पंकज, साहिल विशाल, रोहित, मीरा देवी, बीता देवी मौजूद रहीं।

राज्य आईटी सेल गुलशन कुमार का कहना है कि सरकार इन परिवारों को कमेटी का हवाला देकर तारीख पर तारीख देखकर टाल रही है। इन परिवारों ने अपने घर का सदस्य खोया है। 15–20 सालों से ये परिवार करुणामूलक नौकरी का इंतजार कर रहे हैं और मौजूदा सरकार भी इन परिवारों को तारीखपर तारीख दे रही है। आखिर ये परिवार जाएं तो जाएं कहां, किस से न्याय की गुहार लगाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जितनी भी सरकारें आईं इन परिवारों को हमेशा ठगा ही गया है।

इस समय भी ये परिवार खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, क्योंकि कांग्रेस की सरकार ने सत्ता में आने से पहले करुणामूलक परिवारों के साथ वादे किए थे कि सरकार बनते ही 6 महीने के अंदर करुणामूलक आधार पर रोजगार दिया जाएगा। सरकार को बने ढाई साल होने वाले हैं, परंतु आज भी ये परिवार नौकरी के लिए तरस रहे हैं। करुणामूलक परिवारों का यह भी कहना है कि जब भी प्रदेश में चुनाव आते हैं तो इनको लुभाने के लिए बड़े–बड़े वादे किए जाते हैं और जैसे ही चुनाव हो जाते हैं तो करुणामूलक नौकरी का मुद्दा ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। वहीं, अगर किसी क्षेत्र में किसी विधायक की मृत्यु हो जाती है तो 6 महीने के अंदर उसी क्षेत्र में उपचुनाव करवाए जाते हैं व 6 महीने के अंदर विधायक की सीट भरी जाती है। दूसरी ओर अगर सरकार सरकारी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो 15 से 20 साल उसके परिवार को नौकरी के लिए इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सत्ता में आए तो करुणामूलक परिवारों को लगा कि सच में व्यवस्था परिवर्तन होगा, परंतु अभी तक कोई व्यवस्था परिवर्तन नहीं हुआ, जिसका लोगों को लाभ मिला हो।

# रेडक्रॉस लक्की ड्रॉ में टिकट नं 072188 को निकला मोटरसाइकिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस के आयोजन के दौरान पुलिस मैदानए धर्मशाला में सोसायटी द्वारा रेडक्रॉस लक्की ड्रॉ आम जनता के समक्ष निकाला गया। इस अवसर पर 26 जनवरी को रेडक्रास लक्की बैग ड्रॉ के परिणामों में टिकट नंबर 072188 को मोटरसाइकल, टिकट नंबर 040863 को लैपटॉप, टिकट नंबर 043637 को 32 इंच एलईडी टीवी, टिकट नंबर 026211 को रेफ्रिजरेटर, टिकट नंबर 034176 को वाशिंग मशीनए टिकट नंबर 034704 को माइक्रोवेव ओवन, टिकट नंबर 019248 को वॉटर प्यूरीफायर, टिकट नंबर 057886 तथा 024480 को सीलिंग फैन और टिकट नंबर 073769 व 044564 को 2500 रुपए का सांत्वना पुरस्कार निकला। यह विजयी पुरस्कार प्राप्त करने के लिए विजेता को मूल टिकट एक माह के भीतर जिला रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय में जमा करवानी आवश्यक होगी।

# भरमौर की अंजू जल्द दौड़ाएंगी बस

## एचआरटीसी की मंडलीय कार्यशाला जसूर में ले रही बस चलाने का प्रशिक्षण

**भूषण शर्मा, नूरपुर**



आजकल देश की बेटियां किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं। चाहे सेना हो, स्वास्थ्य विभाग हो, शिक्षा का हो या फिर अन्य कोई क्षेत्र हो, हर फील्ड में वे पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं। ऐसी ही एक बेटी जसूर मंडलीय वर्कशॉप में चालक का प्रशिक्षण ले रही है। भरमौर की रहने वाली अंजू देवी वर्तमान में गंगथ कस्बे में रह रही हैं जहां उसके माता–पिता फास्ट फूड का काम करते हैं।

अंजू ने जब नेशनल हाईवे पर बस दौड़ाई तो ऐसा बिलकुल नहीं लगा कि ड्राइविंग सीट पर कोई अनुभवी व्यक्ति नहीं, बल्कि एक पांच फुट की लड़की बैठी है। अंजू ने बताया कि वह अभी एक साधारण बस

**कहा, वोल्वो बस चलाने का सपना करूंगी साकार**

चला रही है, लेकिन उसका शुरू से ही सपना रहा है कि वो वॉल्वो बस चलाए।

कार्यशाला के तकनीकी अधिकारी अक्षय धीमान ने बताया कि अंजू धीमान ने बस चालक का प्रशिक्षण लेकर और उसे सड़क पर दौड़ा कर दिखा दिया कि लड़कियां भी किसी क्षेत्र में कम नहीं हैं और उन्हें हर तरह के क्षेत्र में हाथ आजमा कर अपना भविष्य बना सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

# सरकार से अवैध कब्जों को नियमित करने के लिए कदम उठाने की गुहार

**अनंत ज्ञान डाडासीबा**

किसान सभा रियासत डाडासीबा स्थित स्यूल खंड की बैठक वीरवार को सभा के अध्यक्ष सुरजीत सिंह सपेहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में 50 के करीब लोगों ने भाग लिया। बैठक में चर्चा के दौरान किसानों ने कहा कि अवैध कब्जों को नियमित करने के लिए प्रदेश सरकार ने वर्ष 2015 से 2017 के बीच एक संकल्प प्रस्ताव विधानसभा में पास किया गया था। इस पर हाईकोर्ट ने पांच बीघा तक के अवैध कब्जों का नियमित करने की हामी भर दी थी। कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था कि 31 मार्च, 2019 तक सरकार अपनी पॉलिसी हाइकोर्ट को भेजे, ताकि इनके कब्जों को नियमित किया जा सके। लेकिन, सरकार की तरफ से कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। किसान सभा मांग करती है कि सरकार 2017 की पॉलिसी को उच्च न्यायालय में पेश करे या प्रस्ताव में संशोधन करने की मांग करती है। तहसील देहरा व जसवां के 42 टीकों को उच्च न्यायालय द्वारा फैसले तक स्टे आर्डर दे रखा है। इस मौके पर उपाध्यक्ष अजीत कुमार, मनोज कुमार, सचिव वरिंदर कुमार व यशपाल आदि कई व्यक्ति इस मौके पर उपस्थित रहे।

# होनहार बच्चों का किया भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिहवां के दो स्काउट छात्र आज द भारत स्काउट गाइड द्वारा आयोजित नेशनल डायमंड जंबूरी में भाग लेने के पश्चात विद्यालय में पहुंचे। जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। स्काउट मास्टर जोगिंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक तमिलनाडु में किया गया था जहां स्कूल के नवमीं कक्षा के निशांत व कार्तिक ने भाग लिया था। विद्यालय लौटने पर पाठशाला प्रधानाचार्या सीमा रानी व समस्त स्टाफ व बच्चों ने बैंड के साथ स्काउट छात्रों का भव्य स्वागत किया तथा बच्चों को हार पहनाकर सम्मानित किया।

# 'हीरो ऑफ ग्लेशियर' सलारिया को दी श्रद्धांजलि

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



जब भी कोई सैनिक वर्दी धारण करता है तो उसके दिल में एक ही अरमान होता है कि वह मातृभूमि के लिए कोई ऐसा कार्य कर जाए जिस पर सारा राष्ट्र उस पर नाज कर सके।

ऐसे ही देशभक्ति की भावना से ओत–प्रोत निकटवर्ती गांव चौहाना निवासी कर्नल निरंजन सिंह सलारिया का 13 दिन पहले खराब स्वास्थ्य के चलते जिनका देहांत हो गया था। 'हीरो ऑफ ग्लेशियर' सलारिया सियाचिन ग्लेशियर पर सबसे पहले पांव रखने वाले देश के पहले सैनिक थे। वीरवार को उनकी अंतिम अरदास पर लक्ष्मी–नारायण मंदिर में एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल जेएस ढिल्लों, व्हाइट मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल के चेयरमैन तथा आम आदमी पार्टी पंजाब के उपप्रधान स्वर्ण सलारिया, सहित अन्य ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। (अनंत ज्ञान)

# 27550 एकड़ जमीन वन विभाग के नाम करने पर किसानों ने जताया रोष

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट जिले के कंडी क्षेत्र के धार में किसानों की 27550 एकड़ जमीन वन विभाग के नाम करने के रोष स्वरूप किसानों ने दोपहर बाद रोष मार्च निकाला। किसानों ने डीएफओ धर्मवीर धीरू के कार्यालय के बाहर धरना देकर सरकार और विभाग के खिलाफ डटकर भड़ास निकाली। दोरंग खड्ड धारकलां के किसान सुरजीत सिंह ने बताया कि रोष जताने का कारण वन विभाग द्वारा गैर कानूनी ढंग से धार ब्लॉक के करीब 80 गांव में किसानों की 27550 एकड़ जमीने अपने नाम करवा ली है। इससे 50 हजार से लोग प्रभावित हुए हैं। वे इंसाफ पाने के लिए जिला प्रशासन के पास पहुंचे, तो वहां पर भी कोई उम्मीद की किरण नजर नहीं आई।

# सुशील राणा को प्रधान, राम चंद्र को चुना उपप्रधान

## डरोह में पुलिस पेंशनर संघ उपमंडल पालमपुर की कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, डरोह**

वीरवार को पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में मनोज वालिया प्रधान पुलिस पेंशनर जिला कांगड़ा की अध्यक्षता में उपमंडल पालमपुर में पुलिस से संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की मीटिंग बुलाई गई। इस मीटिंग में सर्वसम्मति से उपमंडल स्तर पर पालमपुर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सुशील राणा सेवानिवृत्त निरीक्षक को प्रधान, राम चंद्र सेवानिवृत्त निरीक्षक को उपप्रधान, पवन कुमार सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को महासचिव, अश्विनी वालिया सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को कैशियर, भूप चंद राणा सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को प्रेस सचिव/ कम एडवाइजर, संजीव कुमार सेवानिवृत्त सहायक उपनिरीक्षक को ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी चुना गया। पुलिस अधीक्षक कांगड़ा ने पुलिस पेंशनर्स संघ जिला कांगड़ा की अगली मीटिंग 11 फरवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय धर्मशाला में रखी है। इसमें सभी अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं, ताकि एसपी के समक्ष अपनी मांगें रख सकें।

**मुलाकात**

### तिब्बती सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल व विस अध्यक्ष से तिब्बत की स्थिति पर की चर्चा

# तिब्बत में मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहा चीन: ताशी

**संजय अग्रवाल, मैक्लोडगंज**



निर्वासित तिब्बती संसद के सांसद धोंडुप ताशी और सांसद त्सेरिंग यांगचेन के प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी सहित कई प्रमुख अधिकारियों से मुलाकात की। सांसदों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की और उन्हें तिब्बती संसद की स्मारिका और प्रकाशन भेंट किए।

बैठक के दौरान सांसदों ने तिब्बती समुदाय और मुद्दे को उनके अटूट समर्थन और सहायता के लिए भारत और उसके लोगों, विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश और उसके नागरिकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने तिब्बत में चल रहे मानवाधिकार उल्लंघन, धार्मिक प्रतिबंधों और बुनियादी स्वतंत्रता खत्म करने के बारे में भी अध्यक्ष को जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, उन्होंने तिब्बत और तिब्बतियों के चीनीकरण के उद्देश्य से बनाई गई नीतियों पर प्रकाश डाला, जिसके कारण तिब्बती धर्म, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्रीयता का क्षरण हुआ है। कुलदीप पठानिया ने तिब्बती सांसदों को राज्य सरकार द्वारा तिब्बती समुदाय को निरंतर समर्थन दिए जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य में रहने वाले तिब्बती हिमाचल प्रदेश का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने तिब्बत की गंभीर स्थिति और भारत पर इसके संभावित प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। स्पीकर ने भविष्य में धर्मशाला आने की इच्छा भी जताई।

बैठक के बाद तिब्बती सांसदों को विधानसभा हॉल का दौरा कराया गया। बाद में तिब्बती सांसदों ने राज्यपाल शिव प्रताप सिंह शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। अपनी बैठक के दौरान सांसदों ने कई दशकों से दलाईलामा धर्मशाला में केंद्रीय तिब्बती प्रशासन और राज्य भर में 14 तिब्बती बस्तियों की मेजबानी करने के लिए राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने तिब्बती समुदाय को निरंतर समर्थन और सहायता के लिए प्रदेश सरकार और लोगों को धन्यवाद किया। सांसदों ने राज्य में तिब्बतियों के सामने आने वाली कुछ चुनौतियों, खासकर शिमला में दस्तावेजीकरण के मुद्दों के बारे में भी चिंता व्यक्त की। राज्यपाल ने उन्हें इस मुद्दे को हल करने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयासों का आश्वासन दिया और तिब्बती मुद्दे के लिए अपने अटूट समर्थन को दोहराया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### निखिल सेंट्रल यूनिवर्सिटी से करेगा पीएचडी



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** टिहरी का निखिल धीमान सेंट्रल यूनिवर्सिटी शाहपुर से गणित विषय में पीएचडी करेगा। निखिल के पिता राजेंद्र प्रसाद धीमान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धवाला में प्रधानाचार्य और माता सरिता धीमान टिहरी पंचायत की प्रधान रह चुकी है। निखिल ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। निखिल धीमान ने पहली कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिहरी और 10+2 की पढ़ाई सीनियर सेकेंडरी स्कूल कथोग से की है। इसके बाद स्नातक की पढ़ाई डिग्री कॉलेज हमीरपुर से और स्नातकोत्तर की पढ़ाई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से की है। इस उपलब्धि के लिए उनके माता पिता व गुरुजनों ने होनहार विद्यार्थी को शुभकामनाएं दीं हैं।

### मैक्लोडगंज घूमने आया दिल्ली का युवक लापता



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दिल्ली से मैक्लोडगंज घूमने आए अभिषेक नामक युवक के लापता होने की खबर सामने आई है। परिजनों ने मैक्लोडगंज में गुमशुदगी के पोस्टर लगाए हैं और स्थानीय प्रशासन से मदद की अपील की है। परिजनों के अनुसार अभिषेक को घूमने का बहुत शौक था और इस बार नए साल के मौके पर हिमाचल प्रदेश घूमने आया था। जनवरी के पहले तीन दिन वह डलहौजी और भरमौर (चंबा) घूमने गया था और 4 जनवरी को मैक्लोडगंज पहुंचा। इस दौरान परिजनों से उसकी लगातार फोन पर बातचीत होती रही, जिसमें उसने एक-दो दिन में घर लौटने की बात कही थी, लेकिन 5 जनवरी की सुबह से ही उसका फोन स्विच ऑफ आने लगा, जिसके बाद परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की। जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो उन्होंने मैक्लोडगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। परिवार ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई भी अभिषेक के बारे में कोई जानकारी रखता है या उसे कहीं देखता है, तो तुरंत परिवार या नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें।

### स्किल प्रतियोगिता में नगरोटा के विद्यार्थी प्रथम



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जिला कांगड़ा के स्किल प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल नगरोटा बगवां में हेल्थ केयर व आटोमोटिव ट्रेड में प्रथम स्थान हासिल कर जिला भर में नाम रोशन किया है। डाइट कांगड़ा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय स्किल प्रतियोगिता में विभिन्न ट्रेड के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में उपनिदेशक गुणवत्ता शिक्षा कांगड़ा कंचन ज्योति ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि डाइट प्रधानाचार्य नीना पुन विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुई स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक मनु ने बताया कि ऑटोमेटिक वोकेशनल के छात्र कुंदन और अभिनय एवं हेल्थ केयर की छात्राओं अक्षर कशिश और प्रगति ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराकर स्कूल को यह महत्वपूर्ण जीत दिलाई है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा वोकेशनल अंकुश ठाकुर करतार सिंह तथा समीक्षा को सम्मानित किया गया तथा इसके साथ ही साइंस स्ट्रीम के बच्चों को मिनर्वा अकादमी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत क्रिया गया। इस मौके पर इवेंट कोऑर्डिनेटर सतीश कुमार, उपप्रधानाचार्य सुषमा धीमांन, विकास शर्मा, शशिकांत, संगीता महाजन, बालकृष्ण, संजय कुमार, सोनिका अंबिया, अक्षय कुमार, चेतना नागपाल कविता वर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

# किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए करें प्रेरित

## केवल सिंह पठानिया बोले, प्रत्येक परिवार से 20 क्विंटल तक अनाज खरीदने की है गारंटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी कांगड़ा जिला में ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करें ताकि किसानों की आमदनी को बढ़ाया जा सके। मिनी सचिवालय के सभागार में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्राकृतिक कृषि उत्पादों की काफी डिमांड है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने देश में प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं और मक्की के लिए सबसे अधिक समर्थन मूल्य प्रदान कर एक मिसाल कायम की है। गेहूं के लिए 40 रुपए प्रति किलोग्राम और मक्की के लिए 30 रुपए प्रति किलोग्राम मूल्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से उगाई गई मक्की से तैयार हिमभोग-हिम मक्की आटे की खरीद की शुरुआत और प्राकृतिक खेती करने वाले प्रत्येक परिवार से 20 क्विंटल तक अनाज खरीदने की गारंटी ने किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 1,506 किसानों से 398 मीट्रिक टन मक्की खरीद कर और उनके खातों में सीधे 1.20 करोड़ रुपए हस्तांतरित कर लाभान्वित किया है। इसके साथ ही जैविक खाद और वर्मी-कम्पोस्ट खरीदने की योजना को भी शुरू कर दिया है, जिससे छोटे किसानों और पशुपालकों को लाभ मिला है।

### कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों से मिट्टी की जांच के आधार पर फसलें करवाएं तैयार

**उपमुख्य** सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मिट्टी के पोषक तत्वों की जांच अत्यंत जरूरी है। मिट्टी की जांच के आधार पर ही अच्छी तरह से तय कर सकते हैं कि उन्हें कौन सी फसल पैदा करनी चाहिए और उन्हें किसको छोड़ना चाहिए। मृदा स्वास्थ्य कार्ड की बदौलत किसानों को मृदा स्वास्थ्य का उचित रिकॉर्ड मिलेगा। साथ ही, वे मृदा प्रबंधन प्रथाओं का अध्ययन कर सकते हैं। इसके अनुसार, वे अपनी फसलों और भूमि के भविष्य की योजना बना सकते हैं। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों को कीटनाशकों तथा रसायनिकों का कम प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं।


### ज्यादा से ज्यादा किसान फसल बीमा योजना के साथ जुड़ें

**उपमुख्य** सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि फसल बीमा योजना किसानों के लिए काफी कारगर साबित हो सकती है इस के लिए कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को जागरूक करें तथा सभी किसानों को फसल बीमा योजना के साथ जोड़ने के लिए शिविरों का आयोजन भी करें। इसके साथ ही सरकार की ओर से कृषि को बढ़ावा देने के लिए आरंभ की गई योजनाओं की जानकारी पात्र लोगों तक पहुंचाएं। उपमुख्य सचेतक ने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारियों को नियमित तौर पर किसानों से संवाद स्थापित करना चाहिए तथा खेतों में जाकर किसानों की समस्याओं का निदान सुनिश्चित करें, बेहतरीन कार्य कर रहे किसानों को प्रोत्साहित भी करें। उन्होंने कहा कि किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार के टिप्स भी दें ताकि किसान अपनी आमदनी को बढ़ावा दे सकें।

## हैप्पी बर्थडे



बसंतपुर के हरमन विश्वास को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



जयसिंहपुर के प्रवीण मिश्रा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



जरोट (नगरोटा सूरियां) के निखिल पाल और रिदिमा पाल को शादी की पहली सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### ज्वालामुखी मंदिर में माघ अष्टमी गुप्त नवरात्र का समापन

## विश्व कल्याण और शांति के लिए किए लाखों जप, पाठ और अनुष्ठान

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

विश्वविख्यात शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में विश्व कल्याण व विश्व शांति के लिए नौ दिन से चल रहे माघ अष्टमी गुप्त नवरात्र का वीरवार को पूर्णाहुति के साथ समापन किया गया। विधायक संजय रत्न ने भी यज्ञशाला में हवन की आहुतियां डालीं व पूर्णाहुति में भी साथ रहे। एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा, मंदिर अधिकारी मनोहर लाल शर्मा व न्यास सदस्य दिव्यांशु भूषण दत्त आदि भी इस मौके पर उपस्थित रहे। आचार्य व न्यास सदस्य अविनेद्र शर्मा ने विधायक व पुजारी व विद्वानों का हवन संकल्प व तर्पण का समापन करवाया। विधायक संजय रत्न ने कन्या पूजन व प्रसाद के बाद सभी अनुष्ठान पर बैठे पुजारियों पंडितों को आवर्णी व दक्षिणा दी। आचार्य व पुजारी अविनेद्र शर्मा ने बताया कि इन गुप्त नवरात्र में गणपति, गायत्री, बटुक भैरव का 5 लाख व ज्वालामुखी मूल मंत्र सवा 11 लाख की संख्या में किया गया। इसके साथ दुर्गा सप्तशती के 100 पाठ भी किए गए और आज दशांश हवन यज्ञ करके पूर्णाहुति के साथ सभी जप पाठ का समापन किया गया। उन्होंने बताया कि मां के आशीर्वाद से विश्व में शांति व जनकल्याण की भावना हो इसी उद्देश्य की कामना के लिए यह अनुष्ठान किया गया। विधायक संजय रत्न ने नवरात्र के समापन के लिए सभी का धन्यवाद किया और माता से प्रार्थना की विश्व का कल्याण हो और बताया कि जल्द ही अधिकारियों के साथ बैठक कर मंदिर को और अधिक सुंदर बनाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं, स्थानीय लोगों व प्रदेशवासियों को कोई असुविधा न हो।

## जमीन की ई-केवाईसी करवाने के नाम पर रुपए वसूलने के आरोप

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

जमीन की ई केवाईसी के नाम पर डाडासीबा में प्रति उपभोक्ता से एक चौकीदार द्वारा प्रत्येक उपभोक्ता से 20 रुपए वसूली करने का मामला सामने आया है। सरकारी मापदंडों के अनुसार ई-केवाईसी चाहे जमीन की हो या फिर बिजली मीटर व पानी की बिलकुल निशुल्क की जा रही है। लेकिन डाडासीबा मे राजस्व विभाग में तैनात चौकीदार हर किसी से पैसे वसूली करके ई-केवाईसी करवाना गैर कानूनी है। पैसे लेने की खबर बहुत ही गंभीर है। यह एक अनुचित और अवैध गतिविधि है, जो न केवल जमीन मालिकों के अधिकारों का उल्लंघन करती है, बल्कि यह भ्रष्टाचार का भी एक रूप उजागर करती है।

वीरवार को यह मामला डाडासीबा पंचायत में सामने आया है। डाडासीबा के पूर्व उपप्रधान बलदेव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया डाडासीबा पंचायत में मेरी जमीन डाडासीबा गांव, कलेहड़ व बतबाड़ में है। उन्होंने बताया जब मैं अपनी जमीन की ई-केवाईसी करवाने के लिए गया तो डाडासीबा पटवार घर में चौकीदार ने ई-केवाईसी के रूप में उनसे 60 रुपए लिए गए। जब उन्होंने 60 रुपए की रसीद मांगी तो चौकीदार ने रसीद देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की गाइड लाइन के अनुसार कोई भी ई-केवाईसी करने के रुपए नहीं ले सकता है।

उधर, इस संबंध में डाडासीबा के पटवारी गुरमिंदर सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया पटवार घर के चौकीदार को कोई भी ई-केवाईसी करने का अधिकार नहीं है। वहीं, डाडासीबा तहसीलदार वीरबल ने जानकारी देते हुए बताया कि जो भी जमीन की ई-केवाईसी करवाई जा रही है, उसमें किसी भी उपभोक्ता को रुपए देने की जरूरत नहीं है। अगर कोई पैसे ले रहा है तो उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## सीएचसी लंज के भवन निर्माण पर व्यय होंगे 5 करोड़ : पठानिया

### डेंटल चेयर भी होगी स्थापित, सोलर लाइट्स और बेंच भी लगेंगे

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंज के भवन निर्माण पर 5 करोड़ व्यय किए जाएंगे। भवन का शिलान्यास शीघ्र ही किया जाएगा। वीरवार को सीएचसी लंज में आरकेएस की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि शीघ्र ही सीएचसी लंज में सीबीसी एनालाइजर, माइक्रोस्कोप, इनवर्टर, वाटर डिस्पेंसर, पीटोस्कोप तथा एक्स-रे ब्यूबॉक्स लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां पर एंबुलेंस की सुविधा एवं डेंटल चेयर भी स्थापित की जाएगी, ताकि आमजन को सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि जल्दी ही सीएचसी में सोलर लाइट एवं बैंच लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आगे से निर्धारित समयावधि में आरकेएस की बैठक करवाई जाए। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने उपमुख्य सचेतक को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों की अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी। कार्यकारी बीएमओ त्यारा डॉ. नीतेश ने बताया कि गत वर्ष आरकेएस के अंतर्गत 1,90, 731रुपए व्यय किए गए, जबकि इस वर्ष रोगी कल्याण समिति के तहत 6,22,125 रुपए विभिन्न मदों में व्यय किए जाने प्रस्तावित हैं।

### वन खंड अधिकारी कार्यालय भवन का शिलान्यास

**पठानिया** ने लंज में 17.50 लाख से बनने वाले वन खंड अधिकारी कार्यालय एवं आवास भवन का शिलान्यास किया । उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि कम वोल्टेज की समस्या से निजात हेतु शाहपुर लंज विद्युत योजना के अंतर्गत 33केवीए की नई एचटी लाइन डाली जा रही है जिसपर 3.84 करोड़ व्यय होंगे।

## बीड़ में गर्मियों में एक दिन में 3 उड़ानें भर सकेगा एक पायलट

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

पैराग्लाइडिंग घाटी बीड़-बिलिंग के पायलटों द्वारा लिए गए निर्णय कि सात दिनों तक कोई भी उड़ान नहीं भरेंगे के बाद प्रशासन हरकत में आया है। साडा के चेयरमैन एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने सभी पायलटों व बीड़ बिलिंग की एसोसिएशन के साथ एसडीएम कार्यालय में बैठक की। बैठक में सभी ने इस बात की खुशी जाहिर की कि आगे से सर्दियों के सीजन में एक पायलट दिन में दो और गर्मियों में तीन उड़ान भर सकेगा। कुछ और मांगों पर एसडीएम जल्द ही फैसला लेंगे।

इस मौके पर घाटी के पैराग्लाइडिंग ऑपरेटर और पायलट इस बात पर सहमत हो गए कि वे एक छत के नीचे काम करेंगे। इस निर्णय के बाद बीड़-बिलिंग घाटी में होने वाले हादसों की संख्या में भी भारी कमी आएगी, जिससे कि विश्व मानचित्र पर इस घाटी का नाम और चमकेगा। पैराग्लाइडिंग कल से शुरू हो जाएगी। यह फैसला आज देर साएं बीड़ के चौगान में बैठक में लिया जाएगा। मगर कुछ एक ने कहा कि अगर कल से कोई पायलट उड़ान भरना चाहे तो उसे नहीं रोका जाएगा। गौर हो कि पायलटों में इस बात का रोष व्याप्त है कि ऑपरेटर पायलटों का शोषण कर रहे हैं। कुछ आरोप लगाते हैं कि नशा कर पायलट उड़ान भरते हैं। पायलटों का कहना है कि हम चाहते हैं कि एक पायलट एक ग्लाइड होना चाहिए।

## ज्वालामुखी क्षेत्र में राजनीतिक संरक्षण में फल-फूल रहा नशे का धंधा : रविंद्र रवि

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**



पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि ने ज्वालामुखी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि धार्मिक नगरी ज्वालामुखी में राजनीतिक संरक्षण में नशे का धंधा फल-फूल रहा है, जोकि अति निंदनीय है। उन्होंने सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि समाज द्वारा निर्वाचित प्रतिष्ठित पदों पर बैठे इन समाज विरोधी नशा तस्करों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाए। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा तस्कर कुछ असमाजिक तत्व राजनीतिक संरक्षण में देवभूमि और बीर भूमि में सनातन संस्कृति को बर्बाद करके युवा पीढ़ी को नशे की गर्त में धकेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिट्टे जैसे नशे की लत ने कई घरों के चिरागों को बुझा दिया है। अत: सरकार एक ग्राम चिट्टा रखने वालों के खिलाफ भी ऐसा कोई सख्त कानून बनाए ताकि उसकी जमानत ना हो सके। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी में राजनीतिक संरक्षण में नशा तस्करी व चंदन तस्करी होना कोई नहीं बात नहीं है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ज्वालामुखी विधानसभा में पंचायत प्रतिनिधियों और जनता की सहमति के बिना केवल एक विधायक की अनुशंसा पर अपग्रेड करना सरकार की मनमानी को दर्शाता है। खुंडियां को नगर परिषद बनाने के विरोध में गरीब जनता द्वारा भारी विरोध प्रदर्शन करने के बावजूद भी सरकार ने पंचायत को अपग्रेड कर विकास के सपने दिखाकर आर्थिक बोझ डाल दिया है।

### मक्कड़ गांव में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की जयसिंहपुर शाखा द्वारा नाबार्ड प्रायोजित वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत जयसिंहपुर के मक्कड़ गांव में किया गया। इसमें जयसिंहपुर शाखा के उपप्रबंधक वीरेंद्र कुमार ने लोगों को नाबार्ड द्वारा प्रायोजित इस शिविर में लोगों को साइबर फ्रॉड, भारत सरकार के तथा हिमाचल सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के बारे में बताया गया।

## अवैध खनन करने पर सात ट्रैक्टरों का चालान, 35000 जुर्माना वसूला

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत खनन पर लगाम लगाने हेतु सुरेश ठाकुर माइनिंग ऑफिसर नूरपुर के दिशा निर्देशानुसार चक्की दरिया में माइनिंग गार्ड सनी जसवाल द्वारा सात ट्रैक्टर चालकों के अवैध माइनिंग करने पर चालान काटे गए तथा मौके पर कुल 35000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए नूरपुर के माइनिंग ऑफिसर सुरेश ठाकुर ने बताया कि अवैध माइनिंग कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दूसरी ओर खनन माफिया अब चक्की दरिया में ट्रैक्टरों द्वारा अवैध तौर पर खनन करके खनन सामग्री को क्रशर वालों को सप्लाई करके मोटा मुनाफा कमाने में लगे हुए हैं।

## पंचरुखी में प्लास्टिक कचरे का होगा बेहतर प्रबंधन: अंजली

**अनंत ज्ञान पंचरुखी**

विकास खंड अधिकारी डॉ. अंजली गर्ग भाप्रसे ने कहा कि पंचरुखी ब्लाक को प्लास्टिक मुक्त बनाने तथा सुंदर बनाने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं इसमें पंचायत प्रतिनिधियों तथा महिला मंडलों तथा आम जनमानस की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी।

वीरवार को पंचरुखी में स्वच्छत भारत मिशन के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि विकास खंड अधिकारी डॉ. अंजली गर्ग ने कहा कि पंचरूखी ब्लॉक में कूड़ा कचरा प्रबंधन के लिए पंचायत स्तर पर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए कूड़ा कचरा प्लांट भी स्थापित किए जा रहे हैं। इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक तथा अन्य सामग्री के लिए डस्टबिन भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा प्रत्येक पंचायत में प्लास्टिक कूड़े को एकत्रित करने के लिए शेड भी बनाए गए है, ताकि कूड़ा कचरा का बेहतर निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कूड़े को पंचायत स्तर पर निर्मित शेड में ही एकत्रित किया जाए, इसके लिए ग्रामीणों को जागरूक भी किया जाए।

उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध है तथा किसी भी स्तर पर सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के खिलाफ प्रशासन की ओर से आवश्यक कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है।

## स्टूडेंट्स को उद्यमिता विकास और स्टार्टअप्स के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रादेशिक उद्यमिता विकास केंद्र चंडीगढ़ के तत्वावधान में उद्यमिता विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से संस्थान के विद्यार्थियों और अध्यापकों को उद्यमिता विकास और स्टार्टअप्स के बारे में जागरूक किया गया। कार्यशाला में प्रादेशिक उद्यमिता विकास केंद्र चंडीगढ़ से निदेशक श्री परमजीत सिंह के अलावा उद्योग विभाग और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक एवं प्रधानाचार्य प्रोफ़ेसर दीपक बंसल ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि यह कार्यशाला संस्थान के विद्यार्थियों में स्टार्टअप्स के प्रति एक नई ऊर्जा का संचार करेगी।

## पालमपुर के बाशिंदों को अब हर माह देना होगा 413 रुपए का पेयजल बिल

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व विधायक प्रवीण कुमार ने कहा अब नगर निगम पालमपुर के दायरे में रहने वाले उपभोक्ताओं को 413 रुपए के हिसाब से प्रतिमाह पानी का बिल अदा करना पड़ेगा। प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर यह फरमान प्रदेश की चार नगर निगमों से से दो पालमपुर व सोलन के लिए जारी हुआ है। हालांकि सोलन नगर निगम के पार्षदों ने सरकार के इस निर्णय का डटकर व जमकर विरोध किया है । 7 फरवरी को इसी निर्णय के विरुद्ध सोलन नगर निगम की जनता सड़कों पर उतरेगी, जबकि पालमपुर नगर निगम के पार्षद इस निर्णय का मूकदर्शक बनकर नज़ारा देख रहे हैं। पूर्व विधायक ने सुक्खू सरकार को घेरते हुए कहा यहां सरकार की स्थिति कितनी विचित्र एवं हास्यास्पद है। जहां एक तरफ केंद्र की मोदी सरकार जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल लगा रही हैं , वहीं दूसरी तरफ पानी वाले मुख्यमंत्री के नाम से विख्यात दिग्गज भाजपा नेता श्री शान्ता कुमार जी के मिशन से आज भी प्रदेश की नदियों व खडडों में बहते कल कल जल से करोड़ों रुपये की रॉयल्टी हिमाचल सरकार को मिल रही है। जबकि अव सुक्खू सरकार के व्यवस्था परिवर्तन के चलते इसी जल के 413 रुपए प्रतिमाह बिल लेने जा रही है।

**सुविधा** भुआणा के घरलूं के लिए 20 लाख से बनने वाली संपर्क सड़क कार्य का किया भूमि पूजन

## जयसिंहपुर के हर गांव तक पहुंचाएंगे सड़क : गोमा

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**




आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने ब्लॉक पंचरुखी की ग्राम पंचायत भुआणा के घरलूं के लिए 20 लाख से बनने वाली संपर्क सड़क कार्य का भूमि पूजन किया। लोगों को संबोधित करते हुए आयुष मंत्री ने संर्क सड़क के जमीन देने वाले लोगों का आभार किया तथा सड़क सुविधा के लिये बधाई दी। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर विधान सभा के प्रत्येक गांव तक सम्पर्क सड़क पहुंचाना उनकी प्राथमिकताओं में है। उन्होंने गांव-गांव को सड़क एवं रास्तों से जोड़ने के लिये समय समय पर सरकारी सहायता के अलावा विधायक निधि से धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है।

मंत्री ने कहा कि बालू से तिनबड़ सड़क मार्ग के विस्तार के लिये भी प्राकलन तैयार किया गया है और सरकार की मंजूरी के बाद इस पर लगभग 25 करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जयसिंहपुर प्रवास के दौरान धार क्षेत्र के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की घोषणा की थी।

उन्होंने कहा इस संस्थान के लिये सरकार की सैधांतिक मंजूरी मिल गयी और आगामी शैक्षणिक क्षेत्र से यहां कक्षा आरंभ करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्र भुआणा के भवन पर भी 50 लाख रुपये की मंजूरी दी गयी और आनेवाले समय मे बढ़िया भवन बनकर तैयार होगा। गोमा ने कहा कि कैलाशपुर से मकोल तक सड़क की टारिंग कर दी गयी है और भुआणा बाजार से आईपीएच स्टोर तक सड़क टारिंग का कार्य करने के आदेश विभाग को दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आशापुरी मंदिर सड़क मार्ग पर भी भव्य गेट का निर्माण किया गया है और इस सड़क को भी ठीक करने के विभाग को आदेश दिये गये हैं। उन्होंने लोगों को अश्वस्तब किया कि इलाके की सभी मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाएगा। कार्यक्रम में अधिशाषी अभियंता विजय वर्मा, एसडीओ आनंद कटोच, बीडीओ पंचरुखी अंजली गर्ग, बीडीओ लंबगांव सिकंदर कुमार, दीप सिंह, रिंकू, लेख राज, स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान कुलवंत सिंह, प्रधान कैलाशपुर ज्ञान चन्द डोगरा,मकोल प्रधान जय चंद, सुरेश डोगरा, प्रकाश चंद, हेम राज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पर्यटन को बढ़ावा देने को होगा डीटीए धर्मशाला पर्यटन महोत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मार्च 2025 में धर्मशाला पर्यटन महोत्सव (क्डीटीएफ) के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में आज जिला पर्यटन विकास अधिकारी कांगड़ा विनय धीमान की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला और एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन धर्मशाला के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एसोसिएशन के महासचिव संजीव गांधी ने बताया कि डीटीएफ समिति का गठन किया जा रहा है, जो आयोजन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेगी और सरकार, प्रायोजकों व पर्यटन से जुड़े अन्य हितधारकों से सहयोग प्राप्त करने के लिए प्रयास करेगी। बैठक में प्रमुख सदस्य में राहुल धीमान, अशोक पठानिया, रशपाल पठानिया, सुभाष नेहरिया, अश्वनी बंबा, संजीव जसवाल, अरुण वर्मा, दीपक जौड़ा और राजेश शंघारी उपस्थित रहे। इस महोत्सव का उद्देश्य धर्मशाला और पूरे कांगड़ा जिले को पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

## न्यूज ब्रीफ

### अर्चना ने पास की आयुर्वेदिक मेडिकल आफिसर की परीक्षा



**दशमी रावत, रोहड़ू।** उपमंडल रोहड़ू के गुम्मा गांव की डॉ. अर्चना डोगरा पुत्री विपन कुमार डोगरा ने हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन से आयुर्वेदिक मेडिकल आफिसर की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गांव गुम्मा टिक्करी पंचायत जिला शिमला की रहने वाली अर्चना डोगरा ने कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। इससे पूर्व-अर्चना डोगरा ने हिमाचल पब्लिक सर्विस कमीशन से भी लिखित परिक्षा बहुत अच्छे अकों से पास की थी, लेकिन व्यक्तित्व परीक्षण में उसका चयन नहीं हो पाया। डॉ. अर्चना डोगरा वर्तमान में केंद्रीय आयुष अस्पताल एवं शोध अनुसंधान पटियाला (पंजाब) में अनुबंध के आधार पर कार्यरत है।

### संगीता को सौंपी राज्य प्रेस सचिव की कमान

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** मानवाधिकार परिषद की भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा इकाई द्वारा संगीता ठाकुर को परिषद की राज्य प्रेस सचिव मनोनित किया गया गया है। परिषद के प्रदेशाध्यक्ष हरि सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन के पजोन गांव से संबंध रखने वाली संगीता ठाकुर को भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की राज्य प्रैस सचिव मनोनीत किया गया है। उन्होंने कहा कि मोर्चे द्वारा महिला विंग की इस ताजपोशी से संस्था तथा समाज हित के कार्यो को गति प्रदान होगी।

### जुब्बल क्षेत्र में दो मंदिर समितियों के बीच विवाद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला में जुब्बल क्षेत्र में दो मंदिर समितियों के बीच विवाद सामने आया है। देवता बनाड़ मंदिर समिति के अध्यक्ष चतर सिंह काल्टा ने जय देवता देशमोलिया प्रबंधक समिति के सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसकी उन्होंने पुलिस थाना जुब्बल में शिकायत दी है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने जुब्बल पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि देशमोलिया समिति के सदस्यों ने खसरा संख्या 659, 662, 663 और 664 पर अवैध कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं, आरोप है कि इन लोगों ने देवता बनाड़ मंदिर समिति की भूमि से इमारती लकड़ी की चोरी की और उसे बेच दिया और साथ ही समिति की भूमि को भी नुकसान पहुंचाया गया है। उधर, पुलिस ने पुलिस ने समिति के अध्यक्ष की शिकायत पर मामले में मामला दर्ज किया गया है।

### उमेश शर्मा ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचपीएएस) 2024 के टॉपर उमेश शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आज शिमला में लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा के नेतृत्व में लाहौल-स्पीति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की।

### युवती के साथ कर्मचारी ने की अश्लील हरकतें

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल परियोजना में अप्रेंटिस कर रही एक युवती ने एक कर्मचारी पर अश्लील हरकत का आरोप लगा बीएसएल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि वह बीएसएल परियोजना में पिछले कुछ माह से अप्रेंटिस कर रही है। मंगलवार 4 फरवरी को कार्यालय में कार्य कर रही थी। इस दौरान कर्मचारी जो बीएसएल परियोजना में ही कार्य करता है ने गलत नियत से छूआ। डीएसपी भारत भूषण ने बताया की आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

# गैंग शाह सिंडिकेट के 10 गुर्गे गिरफ्तार

## इस सिंडिकेट के अब तक मुख्य सरगना सहित 26 आरोपी सलाखों के पीछे

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला पुलिस की चिट्टा माफिया के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत पुलिस ने उत्तर भारत के नामी एवं नाइजीरिया से जुड़े गैंग शाह सिंडिकेट के 10 और गुर्गे गिरफ्तार किए हैं।

पुलिस द्वारा इस सिंडिकेट के मुख्य सरगना सहित अब तक 26 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है, जबकि 200 संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है, जिनमें से पुलिस कइयों को गिरफ्तार कर सकती है।

पूछताछ में खुलासा हुआ है कि इस सिंडिकेट ने 4 करोड़ रुपए का भुगतना चिट्टे के लिए केवल यूपीआई व स्कैनर से किया है। पुलिस ने ऐसे 29 बैंक खातों का पता लगाया है और यह अकाऊंट फ्रीज किए गए हैं।

इस सिंडिकेट के तार न केवल उत्तर भारत, अपितु नाइजीरिया से भी जुड़े हुए हैं। यह सिंडिकेट ऑनलाइन और सोशल मीडिया



**पुलिस 200 संदिग्धों से अभी कर रही है पूछताछ**

प्लेटफार्म का इस्तेमाल करते हुए इस गोरखधंधे को चला रहा था।

उत्तर भारत के 5 राज्यों में चिट्टा तस्करी का सिंडिकेट चलाने वाले सरगना संदीप शाह ने पुलिस पूछताछ में इसका खुलासा किया है। संदीप शाह नई दिल्ली में मार्क नाम के नाइजीरियन से चिट्टे की खरीद करता था।

व्हाट्सएप कॉल और अन्य वर्चुअल माध्यम से बातचीत होती थी। इसके बाद नाइजीरियन गिरोह का गुर्गा चिट्टा लेकर पहुंचता था। अब पुलिस मामले में मार्क नाम के चिट्टा तस्करी से जुड़े इस शख्स की तलाश में जुटी हुई है।

### अधिकांश आरोपी स्थानीय, ये लोग किए गिरफ्तार

**इस** सिंडिकेट से अधिकांश लोग स्थानीय जुड़े हुए हैं, जिनमें से पुलिस ने 10 गुर्गों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें अदालत में पेश करके गुरुवार तक पुलिस रिमांड मिला है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमन शोभटा (32) निवासी गांव चंगा बाग डाकघर बागी तहसील कोटखाई, कपिल चंदेल (25 निवासी गांव करयाल डाकघर मतियाना तहसील ठियोग, अयान चौहान (25) निवासी गांव व डाकघर क्यारी तहसील कोटखाई, निखिल सैन (29) गांव हवानी डाकघर चनौर तहसील ठियोग, रजत कराइक (29) गांव जिमू डाकघर हलनीधार तहसील नारकंडा, सुशील वर्मा (32) निवासी गांव शरमला डाकघर माहोरी तहसील ठियोग, मनुज ठाकुर निवासी चलौंठी डाकघर संजौली तहसील शिमला, सुशील शर्मा (38) निवासी गांव घाट पारेन डाकघर संधू तहसील ठियोग, अंशुल राणा (40) निवासी गांव व डाकघर शिलारू तहसील ठियोग और रजत ठाकुर (30) पुत्र लोकिंद्र सिंह ठाकुर निवासी गांव चमियाणा डाकघर कमलानगर तहसील और जिला शिमला शामिल हैं।

### 200 आरोपी हैं राडार पर : संजीव गांधी

**एसपी** शिमला संजीव गांधी ने कहा कि नाइजीरिया से जुड़े उत्तर भारत के इस शाह सिंडिकेट के मुख्य सरगना सहित अब तक 26 आरोपी धरे जा चुके हैं, जबकि 200 राडार पर हैं, जिनसे पुलिस गहनता से पूछताछ कर रही है। 4 करोड़ का यूपीआई व स्कैनर से कारोबार हुआ है और 29 खाते सील किए गए हैं। इस मामले में और गिरफ्तारियां होगी, जिसके लिए बैंक डिटेल सहित आधुनिक उपकरणों की मदद से इसके गुर्गों की पहचान की जा रही है।

# कोटखाई के खल्टूनाला में भू-स्खलन, यातायात बाधित



कोटखाई के खल्टूनाला में सड़क धंसने से अवरुद्ध सड़क मार्ग।

**अनंत ज्ञान, कोटखाई**

कोटखाई उपमंडल के गुम्मा बाघी सडक पर खल्टूनाला में भूस्खलन होने से यातायात बाधित हो गया है। सड़क पर लगा ढंगा ढहने से वीरवार दोपहर बाद तीन बजे के करीब यह घटना पेश आई है।

वहीं सड़क मार्ग बाधित होने से ऊबादेश, कलबोग व बाघी-रतनाडी क्षेत्र का बाया खल्टूनाला उपमंडल मुख्यालय कोटखाई से संपर्क कट गया है। इस जगह पर सडक काफी टूट गई है और वाहन गुजारना जान जोखिम में ढालना हो गया है। सड़क अवरुद्ध होने से क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है! लोक निर्माण विभाग कलबोग के सहायक अभियंता विनोद श्याम ने बताया कि गुम्मा बाघी सड़क पर खल्टूनाला में सोएल सैटलमैंट के कारण सडक धंस गई है।

उन्होंनें इस बारे में एसडीएम कोटखाई व उच्च अधिकारियों को लिखित में अवगत करवा दिया है। सहायक अभियंता ने बताया कि ठेकेदार को यह काम पहले ही अवार्ड किया गया है और उन्हें इस काम को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए है।(अनंत ज्ञान)

# कोटखाई बस अड्डा डंगा न लगने से खतरे की जद्द में

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

नेपाली मूल का व्यक्ति कोटखाई बस स्टैंड के पास गिरे हुए ढंगे से नीचे खाई में गिर कर गंभीर रूप से घायल होने की घटना पेश आई है। जिस पर भारतीय जनता पार्टी जुब्बल-नावर कोटखाई मंडल संयोजक रावेंद्र चौहान ने दुख व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि पिछले लगभग दो वर्षो से बार-बार इस ढंगे को दुरुस्त करने के लिए कांग्रेस सरकार से आग्रह किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस सरकार कुंभकर्ण की नींद में सोई हुई है। रावेन्द्र चौहान ने कहा कि कोटखाई बस स्टैंड का निर्माण करोड़ों रुपए की लागत से एक बहुमंजिला भवन व बसों के ठहराव के लिए उचित व्यवस्था कर



भारतीय जनता पार्टी की पूर्व सरकार ने जुब्बल-नावर-कोटखाई की जनता को सुविधा प्रदान करने का कार्य किया था। उल्लेखनीय है कि 2023 में भारी वर्षा के कारण कोटखाई बस स्टैंड के साथ का डंगा ढह गया था। इस भवन के बचाव में ढंगा न लगा तो करोड़ों की लागत से बने इस भव्य भवन पर भी खतरा मंडरा जाएगा।(अनंत ज्ञान)

### देव भूमि स्वर्ण संगठन ने मनाई वर्षगांठ

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** देवभूमि सवर्ण संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर सुन्नी में कार्यक्रम आयोजित किया गया । संगठन के जिला अध्यक्ष अशोक कंवर की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में संगठन की नीतियों पर प्रकाश डाला गया।

उन्होंने कहा कि संगठन को बने लगभग 3 वर्ष पूर्ण हो चुके है और संगठन द्वारा समाज में फैली कुरीतियों पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है और समाज के हर वर्ग को जागरूक करना संगठन का विशेष कार्य है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए भी संगठन द्वारा विशेष मुहिम चलाई जा रही है । शिमला जिला के कार्यकारणी सदस्यों ने भाग लिया।(अनंत ज्ञान)

# 43 दैनिक भोगी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने पर विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एसएफआई शिमला जिला कमेटी ने कहा कि घंन्डल विश्वविद्यालय शिमला में 43 दैनिक भोगी कर्मचारियों को गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकालने पर विरोध करती है। एसएफआई ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय घन्डल शिमला से 43 दैनिक भोगी कर्मचारियों को गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकालने के विश्वविद्यालय प्रशासन के व्यवहार को तानाशाही करार दिया है।

मजदूरों को हायर एंड फायर नीति के तहत गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकालना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ये कर्मचारी पिछले कई वर्षो से सफाई, सुरक्षा, हॉस्टल अटेंडेंट, ड्राइवर, कारपेंटर, इलेक्ट्रीशियन, पलंबर सहित तकनीकी कर्मी के रूप में विश्वविद्यालय में कार्यरत थे। इन मजदूरों को केंद्र सरकार का न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जा रहा था। इनसे बारह घंटे तक कार्य करवाया जाता था व इन्हें इसके बदले कभी भी डबल ओवरटाइम वेतन का भुगतान नहीं किया गया। इनसे अपनी श्रेणी के अलावा बिना वेतन के कई तरह के अतिरिक्त कार्य करवाए जाते थे। इन्हें ईपीएफ, ईएसआई, मेडिकल सुविधा, छुट्टियों की कोई भी सुविधा नहीं दी जाती थी। कर्मचारियों की कम संख्या के कारण इनसे ज्यादा कार्य करवाया जाता था। वहीं अतिरिक्त कार्य करवाने पर इन्हें कभी भी अतिरिक्त वेतन का भुगतान नहीं किया गया।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग की ओर से बाल विकास परियोजना ठियोग के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरीवन के सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया।

सीडीपीओ ठियोग जगदीश कंवर और सुपरवाइजर ठियोग ब्लॉक और आंगनबाड़ी वर्कर द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। इस कार्यशाला में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में विस्तृत रूप से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में प्रतिभा राठौर प्रोटेक्शन ऑफिसर जिला बाल संरक्षण इकाई शिमला ने विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही बबीता मेहता अकाउंट अस्सिटेंट जिला शिमला ने मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी।

### गैहरा में पेड़ से गिरकर व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र की बल्हचुराणी पंचायत के गैहरा गांव में बुधवार को दोपहर के समय मवेशियों के लिए पेड़ से हरा चारा काटते समय संतुलन बिगड़ जाने से एक व्यक्ति नीचे गिर गया। गंभीर चोट लगने से बेसुध हुए व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वह दम तोड़ चुके थे। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान गैहरा निवासी 61 वर्षीय प्रेमलाल के रूप में हुई है। मृतक प्रेमलाल अपने पीछे पत्नी और 2 बेटे छोड़ गए हैं।

# गेस्ट हाउस में मिले युवक के शव मामले में जांच तेज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**ओवरडोज से मौत होने की जताई जा रही आशंका**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

बुधवार को घुमारवीं के एक निजी गेस्ट हाउस के कमरे में एक युवक का शव मिलने के बाद पुलिस ने इस मामले में अपनी जांच तेज कर दी है। पुलिस के अनुसार मामला हत्या का है या फिर नशे की ओवरडोज का इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। वहीं, गेस्ट हाउस के मालिक द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर पुलिस ने मृतक युवक के साथ कमरे में रह रहे दूसरे युवक की पहचान कर ली है। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक के साथ कमरे में रह रहा दूसरा युवक जिला हमीरपुर के खुथडी गांव का है। युवक की जानकारी मिलते ही वीरवार को पुलिस ने एक टीम बनाकर युवक के घर में दबिश भी दी, लेकिन युवक घर से भी गायब पाया गया। बताते चलें कि बुधवार को पंजाब के दसूहा क्षेत्र का 21 वर्षीय युवक शरणदीप सिंह गेस्ट हाउस के कमरे में मृत अवस्था में मिला था। यह युवक पिछले दो दिनों से एक दूसरे युवक के साथ गेस्ट हाउस के कमरे में रुका था। वहीं दूसरी तरफ पुलिस को कमरे की जांच के दौरान गेस्ट हाउस के उपरोक्त कमरे के बाहर गैलरी को चेक करने पर गैलरी की दीवार के साथ लगे खिड़की के दरवाजे के पीछे छुपाकर रखे हुए करीब 12 फॉयल पेपर व एक लाइटर भी बरामद हुए हैं। इनमें से पांच फॉयल पेपर आधे जले हुए पाए गए है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच करने में जुटी हुई है। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने फरार युवक को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम बनाई है, जो संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

# सीएम नयना देवी को कल देंगे करोड़ों की सौगातें

## 127.09 करोड़ की विकास परियोजनाओं के करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 8 फरवरी को विधानसभा क्षेत्र नयना देवी के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगे, जहां वे 127.09 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में सड़क, परिवहन, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य और सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

### इन परियोजनाओं के करेंगे उद्घाटन

**मुख्यमंत्री** अपने दौरे के दौरान 25.76 करोड़ की लागत से पूरी हुई आठ परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह, नम्होल में 2 करोड़ 54 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त आवासीय सुविधा का निर्माण, डोलरा से बाग मेहला संपर्क सड़क की मेटलिंग एवं टारिंग (0/00 से 3/810 किमी) के लिए 3 करोड़ 69 लाख 11 हजार रुपए, गांव घोरी से सायर तक नई संपर्क सड़क (0/00 से 2/800 किमी) के लिए 2 करोड़ 84 लाख 93 हजार रुपए, गलवा से चलेला संपर्क सड़क (0/0 से 4/765 किमी) के लिए 4 करोड़ 92 लाख 12 हजार रुपए, देऊठ लगघाट-जमली सड़क के उन्नयन (8/0 से 13/180 किमी) के लिए 5 करोड़ 25 लाख 21 हजार रुपये, ग्राम पंचायत नकराना एवं आसपास के गांवों को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति योजना के लिए 3 करोड़ 1 लाख 9 हजार रुपए, स्वारघाट में नवीन पशु चिकित्सालय के निर्माण के लिए 49 लाख 9 हजार रुपए तथा श्री नैना देवी जी बस स्टैंड पर आगमन कक्ष के निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपए की परियोजनाएं शामिल हैं।

### इनकी रखेंगे आधारशिला

**मुख्यमंत्री** 101.34 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली पांच महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इनमें सरकारी महाविद्यालय जुर्खला में बहुउद्देशीय इनडोर स्टेडियम का निर्माण 8 करोड़ 95 लाख 77 हजार रुपए, नवगांव-बेरी सड़क (एमडीआर-34) का सुधार एवं उन्नयन (0/00 से 37/00 कि.मी.) के लिए 79 करोड़ 25 लाख रुपए, श्री नयना देवी जी नगर के सीवरेज सिस्टम के उन्नयन के लिए 3 करोड़ 10 लाख रुपये, मलोठी समोग उठाऊ सिंचाई योजना के पुनः मॉडलिंग के लिए 5 करोड़ 43 लाख 49 हजार रुपए तथा मजारी फीडर सिंचाई योजना के सुधार कार्य के लिए 4 करोड़ 60 लाख 3 हजार रुपए की परियोजनाएं शामिल हैं।

# सरकारी स्कूल के छात्रों का मारपीट का वीडियो वायरल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं उपमंडल के एक सरकारी स्कूल के छात्रों का किसी बात को लेकर मारपीट हो गयी। इस मारपीट में एक छात्रा को कुछ गंभीर चोटें भी आई हैं। ये छात्र नाबालिग हैं। मारपीट करने वाले छात्रों ने इस घटना का वीडियो भी बनाया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह मामला घुमारवीं के दाबला पंचायत का बताया जा रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पीड़ित लड़के का मेडिकल करवाया है। वीडियो में सभी बच्चे सरकारी स्कूल के हैं। वीडियो में दो लड़के मिलकर एक अकेले लड़के की बेरहमी से पिटाई कर रहे हैं। पहले यह लड़का कुछ बात करता है और उसके बाद उसके साथ मारपीट शुरू कर दी जाती है। शुरुआत में एक लड़का थप्पड़ मारता है और उसके बाद उसके साथ में खड़ा लड़का भी एक अकेले लड़के पर टूट पड़ता है। वहीं, मौके पर मौजूद एक लड़का अपने मोबाइल पर यह पूरी घटना रिकॉर्ड कर लेता है। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। बच्चों की पिटाई वाले वीडियो को लेकर कुछ लोग सख्त कार्रवाई तक की मांग उठा रहे हैं। वहीं पीड़ित लड़के के परिजनों ने पुलिस थाना घुमारवीं में उस सारे मामले की शिकायत दर्ज करवाई है। इसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर लड़के का सिविल अस्पताल घुमारवीं में मेडिकल करवाया है। वहीं, डीएसपी चंद्रपाल सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

# लखनपुर में चंदन के दो पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**पुलिस प्रशासन ने वन विभाग के साथ मिलकर चंदन चोरों को पकड़ने की कवायद की शुरू**

बिलासुपर शहर में वन माफिया काफी सक्रिय हो गए हैं। कुछ समय पहले बिलासपुर कॉलेज के प्रांगण में चंदन के पेड़ काटे गए तो अब शहर के लखनपुर क्षेत्र में दो चंदन के पेड़ पर कुल्हाड़ी चली है। इसकी शिकायत बिलासपुर पुलिस के पास पहुंची है, तो अब पुलिस प्रशासन ने इन चंदन चोरों को पकड़ने की कवायद आरंभ कर दी है। बिलासपुर पुलिस प्रशासन जल्द ही वन विभाग के साथ एक बैठक करने जा रहा है। ऐसे में शहर में चंदन पेड़ वाले स्थानों पर पुलिस व वन विभाग की संयुक्त रूप से गश्त करेगी। अगर कोई भी व्यक्ति इस तरह की गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। आपको बता दें कि बिलासपुर शहर में चोरियां दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। हालांकि चोर चोरी करने के कुछ दिन बाद पकड़े तो जा रहे हैं, लेकिन इस तरह की घटनाएं रूक नहीं रही हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन बिलासपुर इस संदर्भ में कई कदम उठाने जा रही है। बिलासपुर पुलिस कप्तान संदीप धवल का कहना है कि बिलासपुर पुलिस द्वारा जल्द ही कॉलेज प्रशासन को भी पत्र लिखा जाएगा, जिसमें कॉलेज परिसर के काटे गए चंदन के पेड़ मामले में कॉलेज प्रशासन ने क्या कार्रवाई की है और रात्रि ड्यूटी पर तैनात चौकीदार से क्या पूछताछ की है।

# पंजगाई के खट्टा करियाल पालंगरी को जल्द मिलेगी सड़क सुविधा: बंबर ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पंजगाई के खट्टा करियाल पालंगरी के 11 परिवारों को जल्द ही सड़क सुविधा मिलने वाली है। यह बात पूर्व सदर विधायक बंबर ठाकुर ने कही। उन्होंने बताया कि दो साल पूर्व इस बस्ती के लोगों से सड़क निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी के नाम गिफ्ट डीड बनाने को कहा था। गिफ्ट डीड बनने के बाद अब इस सड़क को बजट में डाल दिया जाएगा। यह मामला भी मेरे ध्यान में है। प्रशासन और विभाग से भी मामले को उठाने की बात रखी है । बताते चलें कि बिलासपुर जिले के पंजगाई पंचायत के खट्टा करियाल पालंगरी गांव के 11 परिवार आज भी बुनियादी सड़क सुविधा से वंचित हैं। इन परिवारों ने अपनी मलकियत जमीन सड़क निर्माण के लिए दी थी और इसके लिए पीडब्ल्यूडी के नाम गिफ्ट डीड भी कर दी थी। इन परिवारों ने पूर्व विधायक बंबर ठाकुर से भी आग्रह किया था कि वह इस मुद्दे को प्रशासन तक पहुंचाएं। बंबर ठाकुर ने इन परिवारों से जमीन की गिफ्ट डीड करने पर सड़क निर्माण करवाने का वादा किया था।

### बेहल कंडेला और आसपास आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-।। रविंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया

अनंत ज्ञान बिजली बंद

कि बिजली की नई तारें बिछाने व आवश्यक मरम्मत हेतु, रौड़ा अनुभाग के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों बेहल कंडेला, बामटा, सागर व्यू व इसके आसपास के क्षेत्रों में 7 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील की है। शटडाउन मौसम पर निर्भर रहेगा।

# बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास शाहतलाई में खोलेगा गोशाला

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

**सनातन सेवा समिति की बैठक में बनी सहमति**

सनातन सेवा समिति शाहतलाई के संयोजक सुदर्शन शर्मा और अध्यक्ष शशि रघुवंशी ने बताया कि समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि बाबा बालक नाथ की तपोस्थली शाहतलाई में बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास की ओर से एक गोशाला खोली जाएगी। इसका संचालन बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास शाहतलाई द्वारा किया जाएगा।

समिति के नेताओं ने कहा कि गोशाला के खुलने से जहां मंदिर न्यास को श्रद्धालुओं से धन प्राप्त होगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय किसानों को भी राहत मिलेगी, क्योंकि बेसहारा गोवंश के कारण फसलों का नुकसान नहीं होगा। उन्होंने बताया कि बाबा बालक नाथ जी का इतिहास भी गोवंश से जुड़ा हुआ है, क्योंकि बाबा ने 12 वर्ष तक शाहतलाई में रत्नों माई की गाएं चराई थीं। इस पहल से श्रद्धालुओं की आस्था और मंदिर के चढ़ावे में वृद्धि की संभावना है, साथ ही गोशाला में दान भी अधिक मिलेगा। इसके अतिरिक्त, गोशाला के संचालन से स्थानीय नागरिकों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

**प्रतिबद्धता** — तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्मानी ने पंचायत कसारू में सुनी जनसमस्याएं, मौके पर किया समाधान

# ग्रामीण क्षेत्र को सशक्त बनाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी ने वीरवार को विकासखंड घुमारवीं की ग्राम पंचायत कसारू में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया।

उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव का एक समान विकास सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सशक्त बनाया जाएगा, ताकि आमजन को



सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर मंत्री ने छंजयार से सिद्ध बाबा गोदड़ नाथ जी मंदिर तक जाने वाली सड़क का उद्घाटन किया, जिसका निर्माण 20 लाख रुपए से किया गया है। यह सड़क न केवल श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी लाभान्वित करेगी।

कठलग स्कूल में बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे

### क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को किया जाएगा सुदृढ़

**मंत्री** ने कहा कि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए 64 करोड़ रुपए की लागत से 132 केवी का एक बड़ा सब-स्टेशन स्थापित किया जाएगा। क्षेत्र की उठाऊ जलापूर्ति योजनाओं को भी निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलने से पानी की किल्लत दूर होगी। मंत्री ने बताया कि गांव बबेली में सड़क निर्माण के लिए लगभग 35 लाख रुपए तथा सेन बस्ती में सड़क निर्माण हेतु लगभग 15 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, अन्य ग्रामीण संपर्क मार्गों, पुलियों और श्मशान घाटों तथा शर्ट निर्माण के लिए भी 20 लाख रुपए की राशि व्यय की गई है।

युवाओं को खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मंत्री ने कहा कि कसारू, पटा और सेऊ पंचायत के मध्य करयालग-सोहल चौड़ी के समीप आईटीआई भवन के लिए भूमि स्थानांतरित कर दी गई है और निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा, जिससे स्थानीय युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### वन विभाग से सड़क बनाने के लिए मांगी अनुमति

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला में ग्राम पंचायत सराहन के सतलाई से जीएमएस गदरेड़ तक जीप योग्य सड़क बनाने के लिए वन विभाग से अनुमति देने की मांग की गई है। यह मांग इसलिए की गई है क्योंकि राजकीय माध्यमिक पाठशाला गदरेड, राजकीय प्राथमिक पाठशाला गदरेड, और गांव माधुई डाडर, मेहड़ी को कोई भी सड़क सुविधा नहीं है। इस सड़क के अभाव में गांव मेलोह, बेईदाडी, पदोन, खलेरा आदि गांव से राजकीय माध्यमिक पाठशाला गदरेड़ को जाने वाले बच्चों तथा स्कूल स्टाफ, और उपरलिखित ग्रामीणों को आने जाने के लिए भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। एचपीपीडब्ल्यूडी विभाग और वन विभाग से इस जीप योग्य सड़क को बनाने की अनुमति पहले ही दी जा चुकी है, लेकिन अब वन विभाग से अनुमति देने की मांग की गई है ताकि इस सड़क का निर्माण शुरू किया जा सके। यह मांग प्रार्थी सुरेश कुमार पुत्र श्री प्रताप सिंह गांव मधरुई डाकघर सराहन तहसील व जिला चंबा हिमाचल प्रदेश द्वारा की गई है।

### बच्चों ने खेलों में मंडी स्कूल का नाम किया रोशन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडी के चार बच्चों ने बास्केटबॉल की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। रोहन अंडर-19, दर्शील और नरेश ने अंडर 14 और कृष ठाकुर ने अंडर 17 में भाग लिया। प्रधानाचार्य जयश्री कपूर ने बच्चों व कोच चंदन कटोच को बधाई देते हुए अन्य बच्चों का आवाहन किया कि वे भी खेलों में रुचि लेकर अपना व संस्थान का नाम रोशन करें।

### पनारसा कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का आरंभ

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर आरंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. उरसेमलता द्वारा की गई। कार्यक्रम का आगाज एनएसएस के ध्वजारोहण एवं गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुआ । कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण लाल ने बताया कि यह शिविर आगामी 7 दिनों तक चलेगा जिसमें स्वयंसेवियों द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसमें पर्यावरण जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता एवं विकास, सड़क सुरक्षा, भारतीय ग्राहक अधिकार, नशा मुक्ति, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, भारतीय ज्ञान प्रणाली आदि गतिविधियां शामिल है। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवियों द्वारा विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. उरसेमलता ने जहां विद्यार्थियों को एनएसएस के इतिहास एवं यात्रा का विस्तार पूर्वक विवरण स्वयंसेवियो को बताया वहीं उन्होंने स्वयंसेवियों को महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने एवं उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी।

### नशे के खिलाफ 9 को मंडी में होगी मैराथन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश में नशे के बढ़ते प्रचलन से लगातार हो रही युवाओं की मौतों को लेकर सामाजिक संगठन सतर्क हो गए हैं। अकेले मंडी क्षेत्र में ही चिट्टा का सेवन करने वाले दर्जनों युवक मौत का शिकार हो चुके हैं। नशे के खिलाफ संदेश देने के लिए 9 फरवरी को मंडी में मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर के धावक चमन द्वारा करवाया जा रहा है जो समय समय पर युवाओं को सेना में भर्ती व खेल के प्रति तैयार करते रहते हैं। यह मैराथन दौड़ 9 फरवरी रविवार को सुबह 8 बजे मंडी के सेरी मंच से शुरू होगी। यह मैराथन दौड़ पुरूषों के लिए 5 किलोमीटर, महिलाओं के लिए 3 किलोमीटर व अंडर 19 वर्ग के लिए भी 3 किलोमीटर रखी गई है। आयोजन धावक चमन के अनुसार यह दौड़ सेरी मंच से शुरू होकर मुख्य बस अड्डा से होते हुए भियूली, पुरानी मंडी, विक्टोरिया पुल, मोती बाजार से होकर वापस सेरी मंच तक पहुंचेगी। विजेताओं को नकद राशि व मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। अंडर 19 के बालकों को इसके लिए अपना आधार कार्ड साथ लाना होगा।

### पुलिस टीम ने 3 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस की स्पेशल टीम ने सरकाघाट में 3 ग्राम चिटा बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार निखिल शर्मा पुत्र संजीव कुमार शर्मा निवासी कुनालग बार्ड डाकघर व तह. सरकाघाट जिला मंडी के मकान की तलाशी ली गई। इस दौरान तलाशी मकान के कमरे से 3 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस थाना सरकाघाट में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं आरोपी निखिल शर्मा को नोटिस 35(3) दे शर्तों पर रिहा किया गया।

### युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर होगा प्रदान : नंदा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) की घोषणा बजट 2024-25 में की गई थी। इसका उद्देश्य पांच वर्षों में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को योजना का एक पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया है, जिसका लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में युवाओं को 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना को एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है। पीएम इंटर्नशिप योजना- पायलट प्रोजेक्ट के लिए भागीदार कंपनियों में पिछले 3 वर्षों में औसत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) व्यय के आधार पर चुनी गई शीर्ष 500 कंपनियां शामिल हैं, जो विमानन और रक्षा, ऑटोमोटिव, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं, रासायनिक उद्योग, तेल, गैस और ऊर्जा आदि सहित कई विविध क्षेत्रों को कवर करती हैं।

## उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने अधिकारियों से की समीक्षा बैठक

# लंबित परियोजनाओं को पूरा करने के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के तहत वित्तपोषित लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध तौर पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

मुकेश रेपसवाल ने यह निर्देश आज राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत ज़िला में जारी विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति को लेकर आयोजित एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए । उपायुक्त ने वित्त वर्ष 2021-22 से लंबित विभिन्न परियोजनाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश देते हुए विभिन्न शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थानों के भवनों में पुन:संयोजन (रेट्रोफिटिंग) से संबंधित कार्यों में विशेष प्राथमिकता रखने को भी कहा ।

साथ में उन्होंने शिक्षण एवं स्वास्थ्य संस्थानों के भवनों में रेट्रोफिटिंग से संबंधित कार्यों के लिए राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) चंडीगढ़ के



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त व साथ हैं अन्य।

विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए प्रारूप एवं प्राक्कलन को लेकर भी सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुकेश रेपसवाल ने लोक निर्माण एवं जल शक्ति विभाग द्वारा आपदा न्यूनीकरण से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा करते हुए बनीखेत नाला में बाढ़ संरक्षण कार्यों को शुरू करने के लिए जल्द भूमि की निशानदेही पूरी करने को कहा। बैठक में विभागीय अधिकारी ने अगवत किया कि कि तहसील सियुन्ता के अंतर्गत मोतला गांव के प्रथम चरण के भू संरक्षण कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है।

उपायुक्त ने बैठक में राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154-ए के तहत मेहला घार, मोहल्ला पक्का टाला में भूस्खलन रोकथाम कार्य, बैरागढ़ अपर और लोअर नाला, बाढ़ संरक्षण कार्य जतरूण- त्रिमथ तथा सालोह , दुर्गेठी नाला, भू संरक्षण कार्य कालीघार तथा द्रमनाल संपर्क मार्ग सहित 19 से अधिक जारी विभिन्न परियोजनाओं पर समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी अमित मैहरा, ज़िला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह, जल शक्ति एवं लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता तथा सहायक अभियंता बैठक में उपस्थित रहे ।

## मोहल्ला हरदासपुर में पानी की कमी से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मोहल्ला हरदासपुर, चंबा शहर में पानी की भारी कमी हो गई है, जिससे निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले एक माह से पानी की आपूर्ति बहुत ही कम हो गई है, जिससे निवासियों को अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में काफी मुश्किल हो रही है।



निवासियों ने बताया कि मात्र आधा घंटा पानी आता है वह भी नाम मात्र, जिससे निवासियों को अपनी जरूरतों को पूरा करने में काफी मुश्किल हो रही है। निवासियों ने जिलाधीश महोदय से अनुरोध किया है कि पानी की समस्या को तुरंत ठीक करने की कृपया करें ताकि किसी प्रकार की कठिनाई सामने न आये।

इस समस्या के समाधान के लिए निवासियों ने एक याचिका भी जिलाधीश महोदय को सौंपी है, जिसमें पानी की समस्या के समाधान के लिए अनुरोध किया गया है। हम उम्मीद करते हैं कि जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा और निवासियों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

# किसानों को 15 मार्च तक वितरित किए जाएंगे फसल बीमा के दस्तावेज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

डॉ. भूपेंद्र सिंह, प्रधानमंत्री फसल बीमा और मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला चंबा में 1 फरवरी से 15 मार्च 2025 तक 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' नामक अभियान चलाया जा रहा है।

कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत चंबा में किसानों के लिए पॉलिसी वितरण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें किसानों को फसल बीमा पॉलिसी से संबंधित दस्तावेज वितरित किए जाएंगे।

इस अभियान के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना में नामांकित किसानों को ग्राम और पंचायत स्तर पर विशेष शिवरों के माध्यम से पॉलिसी डॉक्युमेंट वितरित किए जाएंगे। यह अभियान 1 फरवरी से शुरू हो चुका है तथा आगामी 15 मार्च तक जारी रहेगा।

इस अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत लगभग 7114 किसानों, जिसमें ऋणी और गैर ऋणी किसान शामिल हैं को गेहूं और जौं से संबंधित पॉलिसी दस्तावेज और लगभग 1200 किसानों को मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत मटर, आलू और लहसुन से संबंधित पॉलिसी दस्तावेज वितरित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में बीमा कंपनी के अधिकारी और कृषि विभाग के खंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा और मौसम आधारित फसल बीमा योजना की जानकारी के लिए बीमा कंपनी और कृषि विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा और मौसम आधारित फसल बीमा योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी फसल से संबंधित चिताओं को लेकर सुरक्षा की भावना पैदा करना है तथा प्राकृतिक कारणों से किसानों को उनकी फसल को हुए नुकसान की भरपाई मुआवजे के रूप में प्रदान करना है ताकि किसान सुरक्षित महसूस कर पाएं और अपनी आर्थिकी सुदृढ़ कर पाएं। डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि खरीफ में मक्की और धान तथा रवि में गेहूं और जौं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना में आलू, मटर, टमाटर, पत्ता गोभी तथा लहसुन का बीमा करवाया जाता है।

इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण करवाना बहुत आसान है क्योंकि इस योजना में पंजीकरण करवाने के लिए किसी भी लोक मित्र केंद्र में करवा सकते हैं।

## प्रेस भवन मुहैया करवाने की मांग

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

मणिमहेश प्रेस क्लब का एक प्रतिनिधिमंडल एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा से मिला। इस मौके पर प्रेस क्लब भरमौर ने जल्द प्रेस भवन मुहैया करवाने की मांग एडीएम से की। इस मौके पर मणिमहेश प्रेस क्लब के अध्यक्ष विनोद ठाकुर, महासचिव अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार रंजीत शर्मा ,मनोज ठाकुर, ओपी शर्मा, मनीष कुमार, महेंद्र पटियाल विशेष रूप से मौजूद रहे।

इस मौके पर मणिमहेश क्लब के अध्यक्ष विनोद ठाकुर ने कहा है कि भरमौर के पत्रकारों के लिए अभी तक प्रेस भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। जिसको लेकर हाल ही के दिनों में मंत्री जगत सिंह नेगी के भरमौर दौरे के दौरान इस समस्या को लेकर ज्ञापन भी सौंपा था। जनजातीय विकास बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने भी इस पर तुरंत उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था।

एडीएम भरमौर से मांग की है कि जब तक प्रेस भवन नहीं मिल जाता है तब तक प्रशासन द्वारा किसी उचित जगह पर प्रेस के सदस्यों के लिए कमरा प्रदान किया जाए। इस मौके पर एडीम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने कहा है कि वह इस पर जल्द से जल्द उचित निर्णय लेंगे।

## संस्कृति को हर पहलू पर प्रचारित करने की आवश्यकता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

नॉट ऑन मैप टीम के कोऑर्डिनेटर और मानुज शर्मा एच2ओ हाउस चंबा के सह-संस्थापक राजेश कुमार ने डिप्टी कमिश्नर चबा से मिलने के लिए एक यात्रा की। इस मुलाकात का उद्देश्य चालो चंबा अभियान के तहत चंबा के पर्यटन संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए धन्यवाद व्यक्त करना थाख।

इस अवसर पर विश्वास विद्यापीठ की निदेशक सुसीला संतोष, 23 छात्रों और दो शिक्षकों के साथ उपस्थित थीं। उन्होंने सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए चंबा के सुंदर स्थानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे देश की संस्कृति को हर पहलू पर प्रचारित करने की आवश्यकता है।

सुसीला संतोष ने कहा, हम एक सुंदर संस्कृति से ताल्लुक रखते हैं और हमें अपनी विरासत पर गर्व होना चाहिए। हमारी विरासत को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने की आवश्यकता है। उन्होंने डिप्टी डायरेक्टर ऑफ चम्बा मुकेश रेपासवाल और चम्बा के स्थानीय लोगों को धन्यवाद दिया, जिनके साथ उन्होंने स्थानीय व्यंजनों का



चलो चंबा यात्रा के तहत मौजूद बच्चे व साथ हैं अन्य।

आनंद लिया। इस मुलाकात का उद्देश्य चम्बा के पर्यटन संभावनाओं को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम को प्रोत्साहित करने के लिए था। इस अवसर पर, राजेश कुमार ने कहा कि चम्बा के सुंदर स्थानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करने के लिए हमें मिलकर काम करने की आवश्यकता है। चंबा के पर्यटन संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए एक नई शुरुआत हुई है। इस अभियान के माध्यम से चम्बा के सुंदर स्थानों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित किया जाएगा।

## मारपीट करने पर एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, जड़ोल।** उपमंडल सुंदरनगर के डैहर क्षेत्र निवासी महिला ने एक दंपति पर डंडे व लात मुक्कों से मारने तथा परिवार को जान से मारने की धमकी को लेकर थाना सुंदरनगर में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में बनौड बरोटी निवासी महिला ने कहा है कि वह बुधवार शाम करीब 5 बजे अपनी नाली के पास खड़ी थी। इस दौरान वह पर उसके पड़ोस में रहने वाला दंपति आया और उसे खींच कर घसीटते हुए अपने आंगन में ले गये और डंडे व लात मुक्कों से उसे मारने लगे। महिला का आरोप है कि दंपति ने उसके साथ गाली गलौज भी किया। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपियों खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# हर्बिन चाइना में भरमौर का लाल दिखाएगा अपनी खेल प्रतिभा का दम

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के जनजातीय क्षेत्र भरमौर के गांव लाहल खनी के बेटे ने भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देते हुए अपनी खेल प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन करते राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवा कर न केवल जिला चंबा का नाम रोशन किया।

काबिले गौर है कि विंटर गेम्स में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाला मनजीत पुत्र तिलक राज ने जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2022 में स्वर्ण पदक तथा 2024 में क्रॉस कंट्री स्कीइंग में एक स्वर्ण और दो रजत पदक हासिल किए हैं, जिसके चलते मनजीत को



एशियाई विंटर गेम्स जो इसी वर्ष हर्बिन चीन में अपनी अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाएगा।

**2024 में क्रॉस कंट्री स्कीइंग में एक स्वर्ण और दो रजत पदक किए थे हासिल**

इस उपलब्धि के लिए जहां समस्त जनजाति क्षेत्र भरमौर में खुशी की लहर है तो वही स्थानीय विधायक डॉक्टर जनक राज ने विंटर खेल प्रतिभा के धनी मनजीत को उसकी होने वाली खेल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें गर्व है की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी विधानसभा क्षेत्र के युवा अपना लोहा मनवा रहे हैं।

## महाशिवरात्रि पर्व होगा भव्य शिव पूजन और लगेगा भंडारा

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

**लोग कार्यक्रम में शामिल होकर लें भोलेनाथ का आशीर्वाद**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भुरू नाग देवता लंगर समिति दल बनीखेत के द्वारा 26 फरवरी बुधवार को भव्य शिव पूजन का आयोजन किया जा रहा है।

समिति के सदस्यों ने बताया कि इस भव्य आयोजन को लेकर बीते काफी दिनों से छोटी-छोटी तैयारी मुकम्मल की जा चुकी है जो शेष हैं उन पर अभी काम चल रहा है और जल्द ही 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि के पावन दिवस पर सुबह गुरु नाग देवता मंदिर परिसर में विधिवत हवन की पूर्णाहुति के उपरांत शिव भक्तों हेतु फलाहार भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

वहीं भजन कीर्तन के उपरांत देर शाम ठीक 8 शिव नवाला की एंचीलीयों के साथ पूरी रात चारों पहर शिव का गुणगान काम किया जाएगा। अगली सुबह 27 फरवरी को बाद सुबह ठीक 1:00 बजे भुरू नाग देवता मंदिर परिसर में भव्य लंगर का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन को लेकर समस्त भुरू नाग देवता लगा समिति के सदस्यों ने क्षेत्र वासियों से विनम्र प्रार्थना की है कि वह मंदिर में अपनी उपस्थिति जरूर दर्ज करवा कर भोलेनाथ शिव शंभू का आशीर्वाद प्राप्त करें।(अनंत ज्ञान)

### सूडोकू नवताल- 7334

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7333 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## बर्फबारी में विभागीय टीम ने पैदल पहुंचकर जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

जिला चंबा के चिकित्सा खंड भरमौर में 100 दिन टीवी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए भारी बर्फबारी में भी विभागीय टीम ने पैदल पहुंच कर लोगो के स्वास्थ्य की जांच की।

चिकित्सा खंड भरमौर की टीम एन टीईपी के एसटीएस किशन चंद ठाकुर, आईसीटीसी के पवन भारद्वाज तथा लैब तकनीशियन देवेंद्र सिंह की अगुवाई में ये टीम भरमौर की दूरदराज की पंचायत जगत में बर्फबारी के बावजूद पहुंची तथा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। इस टीम ने बर्फ में पैदल चलते हुए एक्स-रे मशीन को उठाकर साइट पर पहुंचाया।



## अवैध खनन पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, काटे चालान

**रितेश, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट में यातायात नियमों की अनदेखी और क्षेत्र हो रहे अवैध खनन पर प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है।

इसी कड़ी में वीरवार को डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने स्वयं अप्पर भाम्बला के नजदीक जाहू-मंडी रोड पर आने-जाने वाली गाड़ियों का औचक निरीक्षण किया। पुलिस की इस करवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने यातायात कर नियमों का पालन न करने वालों चालकों को सख्त हिदायत देते हुए नियमों का पालन करने को चेताया। इस दौरान उन्होंने एक ट्रैक्टर को पकड़ा जो कि अवैध खनन करके बजरी ढो रहा था। ऐसे में मौके पर उसका 4700 रुपए का चालान काटा गया।

डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम का कहना है कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों को किसी भी सूरत में नहीं बक्शा जाएगा। यातायात नियमों की अनदेखी और क्षेत्र हो रहे अवैध खनन करने वालों के चालान काटने के पुलिस वालों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने वाहन चालकों से आह्वान किया है कि वह यातायात नियमों की पालना करें।

अन्यथा पुलिस सख्ती से कार्रवाई अमल में लाने की प्रक्रिया करेगी। अगर फिर भी नहीं माने तो ऐसे बिगड़ैल वाहन चालकों के खिलाफ कानून कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और वाहनों को जब्त तक कर लिया जाएगा।(अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

7 फरवरी, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** माघ, **तिथि** दशमी (09:28): **नक्षत्र** रोहिणी (06:41), **पक्ष :** शुक्ल, **योग :** एन्द्र (04:16) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13-12:57), **राहुकाल** (11:13 -12:35)।

### विशेष दिन

- 8 फरवरी : जया एकादशी व्रत कल।
- 8 फरवरी : गुरु गोलवलकर जयंती कल।

**मेष:** समस्या से ग्रस्त हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में समस्या से ग्रसित हो सकते हैं। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे प्रतिष्ठा प्रभावित हो।

**वृषभ:** व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन:** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धन, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी। महिला अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**कर्क:** व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। चली आ रही समस्या का समाधान होगा।

**सिंह :** मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**कन्या :** निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व उत्साहवर्द्धक होगी।

**तुला:** व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**धनु :** जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। गृह कार्य की दिशा में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**मकर :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।

**कुंभ :** किसी कार्य के संपन्न होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रचनात्मक कार्यों की दिशा में सफलता मिलेगी।

**मीन :** भावुकता पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यावसायिक मामलों में सचेत रहें। धन, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी।

## चिंताजनक — बीबीएमबी कॉलोनी में होता है हर नशा : ज्योति शर्मा

# पंडोह नशे का सबसे बड़ा केंद्र

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

**महिलाओं ने नारेबाजी कर नशे से दूर रहने का किया आह्वान**

पंडोह में चिट्टे के मामले ने तुल पकड़ लिया है। हर रोज स्कूल, कॉलेज और महिलाओं के साथ युवकों की रोष रैलियों निकल रही है। जो एक तरफ युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक कर रही है वहीं पुलिस को चिट्टे के कारोबारियों पर लगाम के लिए आह्वान भी कर रही है।

वीरवार को महिला मंडलों ने जरल कॉलोनी से तीन पीपल होते हुए पंडोह बाजार तक रैली निकालते हुए नशे के खिलाफ अपना गुबार निकाला। रैली में पांच महिला मंडलों ने भाग लिया जिसमें सयोग, सोझा, जागर, भैरवा महिला मंडल तीन पीपल और तरयाबला महिला मंडल ने भाग लिया। महिलाओं ने तख्ती पर नशे के खिलाफ श्लोगन लिखे थे तथा नारेबाजी करते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

सयोग महिला मंडल प्रधान ज्योति शर्मा ने कहा कि चिट्टे के मैन सौदागरों के खिलाफ पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं सोझा महिला मंडल प्रधान निला देवी ने कहा कि नशा कोई भी हो हमारे समाज के लिए, युवाओं के लिए चातक है, जबकि भैरवा महिला मंडल तीन पिपल प्रधान श्वेता सिंह ने कहा कि आज भी बीबीएमबी कॉलोनी में शराब, चिट्टा और जुआ चलती है। पशु औषधालय जरल में अकेली महिलाओं का चलना जोखिम भरा है। नशे की बीमारी से हम अपने परिवार और समाज को मुक्त कर पाएंगे। पंडोह हर प्रकार के नशे का बड़ा हब बन चुका है। जिसकी दल-दल में हमारे युवा ना चाहते हुए भी धंसते जा रहे हैं।

## पंगवाल एकता मंच के सदस्यों ने विक्रमादित्य से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंगवाल एकता मंच पांगी का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से शिमला में रू-ब-रू हुआ जहां प्रतिनिधिमंडल ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग जंक्शन एनएच-154 के साथ द्रम्मन-सिहुंता- चुवाड़ी-जोत-चंबा-कोटी-तीसा-किलाड़ (271 किमी) में चेहनी दर्रा सुरंग का निर्माण का मुद्दा था।

माननीय मंत्री से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ इस मामले को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया। जिस पर माननीय लोक निर्माण मंत्री ने सहमति व्यक्त की थी। माननीय लोक निर्माण मंत्री के निर्देश पर, मुख्य अभियंता (एनएच) हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण शिमला ने बुधवार को एक पत्र के माध्यम से अतिरिक्त महानिदेशक सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, परिवहन भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली को एक पत्र भेजा और संरेखण की स्वीकृति से अवगत कराने का अनुरोध किया।

इसको लेकर पंगवाल एकता मंच के सदस्यों ने जहां मंत्री महोदय का धन्यवाद किया तो वही कामना की इन कामों पर जल्द से जल्द शुरुआत होगी।

भारत एक अच्छा उत्पादक है और इस देश में कोई अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे। –सरदार वल्लभ भाई पटेल

## संपादकीय

# ...ताकि मधुर रहें संबंध

अमेरिका से भारत लाए गए 104 अवैध भारतीय प्रवासियों पर देशभर में सियासत काफी गर्म हो गई है। विपक्षी नेताओं ने कहा कि भारतीय नागरिकों को अमेरिका ने बंधक बनाकर भारत भेजा है। यह भारत देश का अपमान है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में कहा कि अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट करने का मामला कोई नया नहीं है। अमेरिका नियमों के तहत ही भारतीयों को भेजा है। विपक्षी दल इस मसले पर इतने भड़क गए हैं कि उन्होंने हाथों में हथकड़ी पहनकर संसद में प्रदर्शन तक कर दिया। वह कह रहे थे कि अमेरिका से अवैध प्रवासियों को भारत भेजे जाने का मामला अपमान है और वह इस तरह की बेइज्जती नहीं सहेंगे। अमेरिका से 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर जब अमेरिकी सैन्य विमान अमृतसर में उतरा तो तस्वीरों में भारत वापस भेजे गए लोगों के हाथों में हथकड़ी देखी गई। इसके बाद ही यह मामला काफी भड़क गया। कोई कह रहा है कि विश्व गुरु बनने का रास्ता भी ऐसा होगा कि आपके भारत के लोगों को हथकड़ी लगाकर भारत भेज दिया जाएगा तो कोई कह कह रहा है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निर्वासित किया गया है, लेकिन उन्हें हथकड़ी लगाकर जिस तरह मिलिट्री प्लेन में वापस भारत भेजा गया वो अमानवीय है। वे अपराधी नहीं हैं।

ऐसे में भारतीयों का अमेरिका से डिपोर्ट होना एक अत्यधिक राजनीतिक मामला बन गया है। अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों में 19 महिलाएं और 13 नाबालिग भी शामिल थे। इस मुद्दे ने भारतीय राजनीति में एक बड़ा विवाद पैदा किया है, खासकर विपक्षी दलों की ओर से सरकार की आलोचना के साथ। विपक्षी दलों ने अमेरिकी अधिकारियों के व्यवहार की निंदा की है, जिसमें उन्हें हथकड़ी और बेड़ियों में लाया गया था। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी सहित कई विपक्षी नेताओं ने इस मुद्दे पर सरकार को खूब घेरा है। दूसरी ओर, सरकार का कहना है कि वह अमेरिकी सरकार के साथ बातचीत कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि डिपोर्ट किए गए लोगों के साथ दुर्व्यवहार न हो। विदेश मंत्री ने कहा है कि यह सभी देशों का दायित्व है कि यदि उनके नागरिक विदेशों में अवैध रूप से रह रहे हैं तो उन्हें वापस लें। यह मामला बेहद संगीन हो गया है और इस मसले की पूरी दुनिया में भद्द पिट रही है। सरकार अपनी साख बचाने की कोशिश कर रही है, लेकिन विपक्षी दलों को राजनीति करने का नया मसला मिल गया है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अमेरिका से डिपोर्ट किए गए अवैध भारतीय प्रवासी वापस अमेरिका जा सकते हैं? इसका सीधा सा उत्तर है कि सभी देशों में डिपोर्ट को लेकर अपने अलग नियम होते हैं।

नियमों के मुताबिक, उस देश की सरकार नागरिक को डिपोर्ट क्यों कर रही है, इस बात पर निर्भर करता है कि वो वापस उस देश जा सकता है या नहीं। डिपोर्ट यानी निर्वासन के कारणों के आधार पर निर्वासित व्यक्ति एक निश्चित अवधि के लिए उस देश में प्रवेश नहीं कर सकता है या उसे अपने शेष जीवन के लिए उस देश से बाहर रखा जा सकता है। किसी भी देश से डिपोर्ट यानी निर्वासन के बाद वो नागरिक कितने सालों के उस देश में वापस नहीं जा सकता है। अमेरिका में ज्यादातर मामलों में प्रतिबंध दस साल तक रहता है। हालांकि, कुछ मामलों में यह पांच साल से लेकर स्थायी प्रतिबंध तक भी हो सकता है। ये सब निर्भर करता है कि उस व्यक्ति को देश से किन कारणों की वजह से निर्वासित किया जा रहा है। खासकर के अमेरिका में निर्वासन के बाद दोबारा वीजा अप्लाई करना काफी मुश्किल होता है, लेकिन ये असंभव नहीं है। अगर किसी बड़े कारणों से व्यक्ति को डिपोर्ट नहीं किया गया है, तो आमतौर पर वो व्यक्ति पांच सालों के बाद फिर अप्लाई कर सकता है, लेकिन वीजा को लेकर स्वीकृति उस देश के अधिकारी ही देते हैं।

बहरहाल, राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह इस मसले को ज्यादा तूल न दे। यह मसला बेशक संगीन है, लेकिन जितना ज्यादा इस मसले पर हो-हल्ला किया जाएगा उससे भारत की ही बेइज्जती पूरे विश्व में होगी। ऐसे मामलों पर सब दलों को एकजुट होकर संबंधित देश से बातचीत करनी चाहिए। वैसे भी अमेरिका के साथ भारत के संबंध अच्छे रहे हैं और वहां के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना मित्र मानते हैं। ट्रंप ने मोदी को अमेरिका भी बुलाया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों देश शीघ्र ही इस मसले का हल निकाल लेंगे, ताकि दोनों देशों के बीच संबंध मधुर बने रहें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पत्नी

**रमाबाई** अंबेडकर भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पत्नी थीं। उन्हें माता रमाबाई, माता रमाई और 'रमाताई' के नाम से भी जाना जाता है। जब भीमराव अंबेडकर चौदह वर्ष के थे, तभी रमाबाई का विवाह उनसे हो गया था। रमाबाई एक कर्तव्यपरायण, स्वाभिमानी, गंभीर और बुद्धिजीवी महिला थीं, जिन्होंने आर्थिक कठिनाइयों का सामना सुनियोजित ढंग से किया और घर-गृहस्थी को कुशलतापूर्वक चलाया। उन्होंने हर कदम पर अपने पति भीमराव अंबेडकर का साथ दिया और उनका साहस बढ़ाया। रमाबाई अंबेडकर का जन्म महाराष्ट्र के दापोली के निकट वानाड नामक गांव में हुआ था। रामी के माता-पिता का देहांत बचपन में ही हो गया था। उनकी दो बहनें और एक भाई था। भाई का नाम शंकर था। बचपन में ही माता-पिता की मृत्यु हो जाने के कारण रामी और उनके भाई-बहन अपने मामा और चाचा के साथ मुंबई (भूतपूर्व बंबई) में रहने लगे थे। रामी का विवाह 9 वर्ष की उम्र में भीमराव अंबेडकर से सन 1906 में हुआ। भीमराव की उम्र उस समय 14 वर्ष थी। तब वे पांचवीं कक्षा में पढ़ रहे थे। विवाह के बाद रामी का नाम रमाबाई हो गया। भीमराव अंबेडकर के तीन पुत्र और एक पुत्री देह त्याग चुके थे। वे बहुत उदास रहते थे। 27 मई, 1935 को तो उन पर शोक और दु:ख का पर्वत ही टूट पड़ा। उस दिन नृशंस मृत्यु ने उनसे पत्नी रमाबाई को भी छीन लिया। ■


रमाबाई अंबेडकर
जन्म : 7 फरवरी, 1898
मृत्यु : 27 मई, 1935

## कविता: जवान हमारे बड़े अभिमान


भीम बसेडू राजपूत, महादेव, सुंदरनगर (हि0प्र0)

*एक बुरी खबर; आतंकी मुठभेड़ में जवान शहीद,*
*बार-बार के नक्सली-आतंकी आप्रेशन की, लहू छींट से,*
*प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया बना शहीदी रोजनामचा,*
*और सुनो-देखो देशवासियों, खून सनी भारत माता की गोद,*
*छाई बलिदानियों की लालिमा से है; प्रकाशमान*
*होते धरती-आसमान,*
*अब यह तो नहीं पूरा मालूम, फौजी सुविधा का है कितना ध्यान?*
*करता रहता मगर देश वीरों का यशगान,*
*सर पर कफन बांधे हैं करते भारत रक्षा,*
*वो जीते मुल्क की आन, बान और शान,*
*चौबीस घंटों की वह बैल्टधारी देशभक्ति,*
*जवान हमारे बड़े अभिमान, जवान हमारे बड़े अभिमान।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मोहन के जापान दौरे से मप्र के औद्योगिक विकास को मिली नई दिशा


लेखक : हर्षवर्धन पांडे
वरिष्ठ पत्रकार



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जापान यात्रा ने न केवल जापान की औद्योगिक प्रगति और विकास को करीब से समझने का अवसर प्रदान किया, बल्कि वहां के लोगों की जीवनशैली, संस्कृति, तकनीकी विकास को भी करीब से देखा। जापान सरकार और प्रवासी भारतीयों द्वारा डॉ. यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

जापान में उनकी यात्रा का उद्देश्य मध्य प्रदेश और जापान के सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना रहा। जब वह टोक्यो पहुंचे तो उनका वहां स्थानीय प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान दौरे के पहले दिन टोक्यो में विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल हुए। टोक्यो में जापान के निवेशकों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों के साथ मध्य प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों और संभावनाओं के विषयों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव 'फ्रेंड्स ऑफ एमपी-जापान' टीम के साथ भेंट करने के साथ ही टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ औद्योगिक और निवेश सहयोग के विषय पर बैठक की जिसके बाद टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में 'सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप-फोकस मध्य प्रदेश' रोड-शो में भी सहभागिता की। जापान के तकनीकी विकास से डॉ. मोहन यादव को काफी प्रभावित किया। उन्होंने देखा कि कैसे जापान अपने अत्याधुनिक तकनीकी अविष्कारों और इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से दुनियाभर में एक महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है।

वहां की रेल प्रणाली ने उन्हें खासा प्रभावित किया। उन्होंने बुलेट ट्रेन की सवारी की और महसूस किया कि कैसे यह तकनीकी दृष्टि से दुनिया के सबसे तेज और सुरक्षित परिवहन साधनों में से एक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के साथ टोक्यो के मिनाटो-कू में विस्तृत चर्चा की जिसमें जापानी कंपनियों के मध्य प्रदेश में निवेश को लेकर संभावनाओं और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ।

जेट्रो ने मध्य प्रदेश सरकार के साथ बड़े निवेश पर चर्चा की। डॉ. मोहन यादव ने जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी को मध्य प्रदेश में हाइड्रो प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन करने वाली कंपनी एएनडीडी मेडिकल के निदेशक डाइकी अराई ने मध्य प्रदेश में निर्माण इकाई स्थापित करने की मंशा जाहिर की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोक्यो में एएनडी मेडिकल कंपनी के निदेशक डाइकी अराई से मुलाकात कर मध्य प्रदेश में चिकित्सा उपकरण निर्माण के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार औद्योगिक इकाइयों को रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध करा रही है। उन्होंने इस पार्क को भारत के तेजी से विकसित हो रहे हेल्थ केयर और मेडिकल डिवाइस सेक्टर का एक महत्वपूर्ण केंद्र बताया।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

उज्जैन में बन रहे मेडिकल डिवाइस और मुख्य रूप से मेडिकल सेक्टर के लिए भी जापान के उद्योगपतियों से निवेश की बात कही है। सीएम डॉ. यादव के प्रयासों से मध्य प्रदेश में मेडिकल और फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग का नया हब बनने जा रहा है जिसके लिए जापान से निवेशकों के बड़े प्रस्ताव भी मिले हैं। उन्होंने सिस्मेक्स की अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस निर्माण तकनीक का अवलोकन किया और मध्य प्रदेश में सिस्मेक्स को आमंत्रित किया। एएंडडी मेडिकल ने मध्य प्रदेश में अपनी निर्माण इकाई स्थापित करने में विशेष रुचि दिखाते हुए इसे वर्ष के अंत तक इसे शुरू करने की बात कही है।

जापान की एएंडडी मेडिकल कंपनी वैश्विक स्तर पर चिकित्सा उपकरण और स्वास्थ्य निगरानी उत्पादों का उत्पादन करती है। डॉ. मोहन यादव ने कोबे और ओसाका में स्थित हेल्थ केयर और डॉयग्नोस्टिक कंपनी साइसमेक्स प्रमुख औद्योगिक कंपनियों के उद्योगपतियों के साथ बैठक की और हेल्थ केयर, ऊर्जा और मैन्युफेक्चरिंग क्षेत्रों में निवेश एवं साझेदारी पर भी चर्चा की। उन्होंने जापानी कार निर्माता कंपनी 'टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन' के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मुलाकात कर उनसे मध्य प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। पैनासोनिक एनर्जी कंपनी लिमिटेड, डॉयग्नोस्टिक कंपनी साइसमेक्स सहित कई औद्योगिक कंपनियों ने बैटरी निर्माण और प्रदेश में ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में गहरी रुचि दिखाई और मध्य प्रदेश में भरपूर निवेश का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने जापान दौरे में प्रवासी भारतीयों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपने जो नींव तैयार की है। जापान की यात्रा डॉ.मोहन यादव के लिए एक अद्वितीय अनुभव है।

जापान में डॉ. यादव की सादगी लोगों के दिल में उतर गई। डॉ. यादव ने अपने सोशल मीडिया में एक ऐसा वीडियो शेयर किया जो खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उनके सहज, सरल और आकर्षक व्यक्तित्व की विलक्षण छाप देखने को मिल रही है। अपनी चार दिन की जापान यात्रा में न केवल जापान के प्रमुख उद्योगपतियों से मुलाकात की और निवेश और व्यापार के नए अवसरों को तराशा, बल्कि जापानी समाज और संस्कृति को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। उन्होंने वहां की तकनीकी प्रगति, कला, संस्कृति और व्यापारिक दृष्टिकोण को अपनी यात्रा के अनुभवों में समाहित किया। यह यात्रा मध्य प्रदेश और जापान के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने में भी सहायक साबित हुई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# रोबोट हमारे परिवार का हिस्सा बन सकते हैं



लेखक : डॉ. आरबी चौधरी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

विज्ञान की निरंतर प्रगति और अकल्पनीय अनुसंधान से समूचा विश्व तेजी से बदल रहा है। आबादी की चुनौतियों के बीच घटती प्रजनन दर और घटती जन्म दर जैसी समस्याएं आधुनिक विज्ञान से टक्कर लेने के लिए तैयार हैं।

ऐसी हालत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को एक संभावित समाधान के रूप में देखा जा रहा है। अब सवाल खड़ा होने लगा है कि क्या रोबोट सचमुच हमारे परिवार का हिस्सा बन सकता है? स्वीडन के उमेओ विश्वविद्यालय के शोधकर्ता एआई और किन्शिप नामक परियोजना के माध्यम से इस प्रश्न का समाधान ढूंढने में लगे हैं। अमेरिका से प्रकाशित होने वाली साइंस दिल्ली नामक पत्रिका में प्रकाशित पेपर में डॉ. बेरिट ऑस्ट्रोम ने लिखा है कि यह परियोजना इस बात की जांच करने में लगी है कि काल्पनिक कथाओं जैसे विज्ञान कथा कहानियों और फिल्मों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई को किस प्रकार बताया और समझाया गया है, ताकि यह समझा जा सके कि हम एआई को क्या अपने जीवन या परिवार के हिस्से के रूप में ऐसी दुनिया की कल्पना कर सकते हैं, जहां रोबोट परिवार का हिस्सा बन सके।

डॉ. बेरिट ऑस्ट्रोम ने यह भी लिखा है कि यह परियोजना सिर्फ रोबोट और एआई के बारे में नहीं कार्य कर रही है, बल्कि परिवार और रिश्तों को कैसे बेहतर ढंग से सजाया, संवारा और चलाया जा सकता है, उसपर भी काम कर रही है। डॉ. ऑस्ट्रोम ने आगे लिखा है कि इसमें कोई दो राय नहीं है जब हमारे घनिष्ठ रिश्ते हमारे समाज का आधार बनते हैं जिसमें देखभाल की जिम्मेदारियों से लेकर जीवन में होने वाली तमाम परिवर्तनकारी निर्णयों तक हर चीज को नियंत्रित करना पड़ता है। उन्होंने आगे लिखा है कि जैसे-जैसे एआई हमारे दैनिक जीवन में जिसमें स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक देखभाल मैं आगे बढ़ रहा है,वैसे-वैसे हम अधिक से अधिक इस पर भरोसा भी कर रहे हैं। यहां तक कि मानव और गैर-मानव(रोबोट) के बीच की सीमाएं तेजी से घटती जा रही हैं।

ऐसी स्थिति में जहां यह विज्ञान तेजी से आगे बढ़ रहा है , वहीं पर हमारे परिवार से लेकर हमारी कम्युनिटी के बीच जगह बनाती हुई एआई की संभावित भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठने लगे हैं। एआई और नाते-रिश्ते तक पहुंचने की संभावनाओं पर आधारित इस परियोजना की आधारशिला काल्पनिक कथाओं पर गहन शोध कार्य जारी है। अनुसंधानकर्ताओं ने इस विषय में विशेष चिंता की है कि अगर रोबोट घर का सदस्य बन गया तो क्या हमारे विशेष रुचि का ध्यान रख पाएगा और क्या पारिवारिक संबंधों में एआई की क्षमता विद्यमान है। ऐसी दशा में इसमें दो राय नहीं कि जैसे-जैसे जनसंख्या वृद्धि हो रही है, देखभाल करने वालों से लेकर हर परिवार में सभी के सहयोग-सहायता देने वाली सुविधाओं की आवश्यकता बढ़ती जाती है।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इस मामले में एआई-संचालित रोबोट और वर्चुअल असिस्टेंट संभवत: इस अंतर को भर सकते हैं तथा मैत्रीपूर्ण व्यवहार, भावनात्मक अनुभव और व्यवहारिक देखभाल प्रदान कर सकते हैं। हालांकि, इससे परिवार और रिश्तेदारी की प्रकृति के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि क्या रोबोट सचमुच हमारे परिवार का हिस्सा हो सकता है या यह हमारे रिश्तों को सहारा देने वाला एक उपकरण मात्र बंद कर रह जाएगा? जैसे-जैसे एआई हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण हिस्सा होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में यह विचार करना आवश्यक है कि हम इन प्रौद्योगिकियों से कैसे और क्यों जुड़ना चाहते हैं। क्या रोबोट रूपी मां या रोबोट रूपी भाई-बहन या बच्चा हो तैयार किया जा सकता है? क्या, इस तरह की दुनिया जल्दी ही आने वाली है? एआई या रोबोट के द्वारा तैयार पारिवारिक रिस्ते परियोजना हमें इन सवालों का पता लगाने और एक ऐसे दुनिया की कल्पना साकार हो सकती है, जहां एआई हमारे परिवारों का हिस्सा बन सकता है। कुल मिलकर, इस परियोजना का लक्ष्य यह है कि वैज्ञानिक इस प्रकार के अनुसंधान कार्यों को अभी बढ़ाने से पहले इसके परिणाम पर गंभीरता से सोच विचार कर लें। जैसा कि अपने रिसर्च पेपर में डॉ. ऑस्ट्रोम ने लिखा है, 'एआई के विश्लेषण परक क्षमता से हमें यह समझने में मदद मिल सकती है कि हम रिश्तों को सजा संवार कर पूरे परिवार की देखभाल की जिम्मेदारी को रोबोट के मस्तिष्क में भर सकते हैं और इस आधार पर हम भविष्य में एआई द्वारा प्रस्तुत किए जाने वालेआदित्य शर्मा,चंबा संभावित विकल्पों की कल्पना कर सकते हैं'।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**महाकुंभ** मौनी अमावस्या एवं बसंत पंचमी के स्नान के सामानांतर इस मेले में व्यक्ति उपस्थित होकर जो तटस्थ प्राकृतिक ऊर्जा सामान्य व्यक्ति को प्राप्त हो रही है, उसकी प्रेरणा अहात है। महाकुंभ का आस्थावान अंग केवल इसलिए नहीं बनना है कि काया संगम में डुबकी लगाएगी और व्यक्ति का लोक-परलोक सुधर जाएगा, बल्कि आवश्यकता कुंभगत प्राकृतिक प्रभाव को आत्मसात करने की है, ताकि जीवन-मृत्यु के मध्य घूर्णन करते मानवीय अस्तित्व के अंतिम शीर्ष लक्ष्य की ओर उन्मुख होने का आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हो। मनुष्य का जीवन केवल भौतिक संघर्ष द्वारा ही परास्त नहीं होता। यह वैचारिक एवं मानसिक संघर्ष द्वारा भी अधिक सीमा तक दुष्प्रभावित होता है। इन दोनों ही संघर्षों में आत्मबल बृहद सहायक भूमिका में होता है। आत्मबल का जीवंत एवं शाश्वत स्रोत अध्यात्म है।

**आदित्य शर्मा,चंबा**

# यातायात नियमों का उल्लंघन बेमौत मरते लोग, जिम्मेदार कौन?


लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी




देश में प्रतिदिन खून से सड़कें लाल हो रही हैं अक्सर देखा गया है कि लोग यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं और बेमौत मरते रहते हैं। बेशक प्रतिवर्ष की तरह 11 जनवरी 2025 से 17 जनवरी 2025 तक पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया, ऐसे आयोजनों पर करोड़ों रुपया खर्च किया गया। सेमिनार लगाए गए और कार्यक्रम किए गए। यातायात के प्रति लोगों को जागरूक किया गया, लेकिन सड़क हादसे कम नहीं हो रहे हैं। सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं। मानव जीवन अनमोल है। देश के नागरिकों को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए, ताकि सड़क हादसों पर रोक लग सके। सड़क सुरक्षा के ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं।

प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा हेतु करोड़ों रुपया बहाया जाता है, मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है, अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो इन हादसों पर विराम लग सकता है, मगर ऐसा नहीं हो रहा है। हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे हैं। प्रतिवर्ष डेढ़ लाख लोग सड़क हादसों में मारे जाते हैं। नववर्ष 2025 के पहले सप्ताह से ही लोग सड़क हादसों में मारे जा रहे हैं। देश में हर रोज इतने भीषण हादसे हो रहे हैं कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नींद सो रहे हैं। कोहरे के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे हैं प्रतिदिन लोग मारे जा रहे हैं। यातायात के नियमों का पालन न करने पर ही इन हादसों में निरंतर वृद्धि हो रही है, क्योंकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते हैं और यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं और मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं। लापरवाही से सड़कें रक्तरंजित हो रही है। चिराग बूझ रहे हैं।

बच्चे अनाथ हो रहे हैं। आज युवा लापरवाही के कारण जान गंवा रहे हैं। युवा देश के कर्णधार है जो देश का भविष्य है। प्रतिवर्ष लाखों युवा हादसों में बेमौत मारे जा रहे हैं। इकलौते चिराग अस्त हो रहे हैं। कोखें उजड़ रही है। माताओं व बहनों का सिंदूर मिट रहा है। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। युवाओं को जागरूक करना होगा, क्योंकि युवा ही विकराल हो रही सड़क हादसों की समस्या को रोक सकते है। लॉकडाउन में सड़क हादसों पर लगाम लग गई थी। सड़क सुरक्षा सप्ताह पर लाखों रुपया बहाया जाता है, मगर फिर भी सुधार नहीं होता। जब तक लोग यातायात के नियमों का उल्लंघन करते रहेंगे, तब तक इन हादसों में लोग बेमौत मरते रहेंगे। देश में जब 22 मार्च 2020 को जब लॉकडाउन लगा था तब हादसे पूरी तरह रुक गए थे।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लॉकडाउन के खुलते ही सड़क हादसों में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई। कोरोना महामारी में हादसे कम हो गए थे। लॉकडाउन में जंगली जानवर सड़कों पर विचरण करते थे। परिवहन पूरी तरह बंद था। प्रदूषण भी शून्य हो गया था। साल 2020 के अप्रैल व मई माह में यातायात के साधन बंद हो गए थे। जून माह में ज्यों ही लॉकडाउन खुल गया था, तो फिर से करोड़ों वाहन सड़कों पर दौड़ पड़े। जनवरी 2025 से ही सड़क हादसों की रफ्तार बढ़ती जा रही है। साल 2024 में भी सड़क हादसों का सिलसिला पूरा साल अनवरत चलता रहा था और लाखों लोग हादसों का शिकार होते रहे थे। देश के सैकड़ों सैनिक भी सड़क हादसों में शहीद हो गए थे। हजारों लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। प्रतिदिन हो रही दुर्घटनाओं में हजारों लोग अपंग हो गए जो ताउम्र हादसों का दंश झेलते रहेगें। देश में हर चार मिनट में एक व्यक्ति सड़क हादसे में मारा जाता है। प्रतिदिन देश की सड़कें रक्तरंजित हो रही है नौजवानों से लेकर बुजुर्ग काल का ग्रास बन रहे हैं। आंकड़ें बताते है कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत अन्य देशों से शीर्ष पर हैं। शराब पीकर बाहन चलाना तथा चलते वाहनों में मोबाइल का प्रयोग ही हादसों का मुख्य कारण माना जा रहा है। इसके कारण ही लाखों लोग सड़क हादसों में मौत का शिकार हुए। 2025 में भी सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं तथा प्रतिदिन दुर्घटनाओं का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है इसे सरकारों की लापरवाही की संज्ञा देना गलत नहीं होगा। ज्यादातर सड़क हादसे सर्दियों में होते हैं। लापरवाही के कारण हजारों सड़क हादसे हो रहे है सडक हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं।

देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढ़ती जा रही है। दुर्घटना के बाद मुआवजे की राशि बांटने में व समाचार पत्रों में सुखियों में रहने में प्रशासन व नेता लोग आगे रहते हैं नेताओं द्वारा घड़ियाली आंसू बहाए जाते हैं। सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी। केंद्र सरकार को इस पर गौर करना होगा तथा देश में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोक के लिए कारगर कदम उठाने होंगे, नहीं तो देश के प्रत्येक महानगरों व शहरों से लेकर गांवों तक हर रोज लाशें बिछती रहेगी लोग मरते रहेंगे। दुर्घटनाओं का कहर बरपता रहेगा। यदि सरकारे ऐसे ही सोती रहेगी, तो देश की सड़के खून से लाल होती रहेगी। मावन जीवन को बचाना होगा क्योंकि मानव जीवन दुर्लभ है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# जिंदगी में सहनशीलता से हमारी बहुत सी समस्याओं का समाधान स्वयंमेव ही संभव है...


लेखक : वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हि.प्र)



नि:संदेह बदलाव प्रकृति का अटल नियम है। पर कई परिस्थितियों में बदलाव केवल कुछ सीमा तक ही उचित है। इंसान अच्छे गुणों के कारण ही एक सच्चा इंसान कहलाने के काबिल है, परंतु अफसोस ! अब देखने में आ रहा है कि इंसान की जिंदगी में से अच्छे गुणों का विशेषता उनका जिसके कारण वह सर्वश्रेष्ठ प्राणी कहलाने का अधिकारी है, उसकी जिंदगी में से खत्म हो रहे हैं --यथा सहनशीलता का गुण।

यह विशेष गुण प्रत्येक इंसान की विलक्षण पहचान है पर दुर्भाग्य से इंसानों में सहनशीलता की बेहद कमी आ रही है। हम सहनशील क्यों नहीं रहे? इसके बहुत से कारण हो सकते हैं।

छोटी-छोटी बातों पर हम एक-दूसरे को मारने पर उतारु हो जाते हैं। एक मिनट का गुस्सा हमारे जीवन को बर्बाद कर सकता है। उस एक मिनट के लिए हम अपने आपको काबू में नहीं रह सके, तो फिर आजीवन पश्चाताप के अतिरिक्त हमारे हाथ में कुछ भी नहीं आता। आज के भौतिकतावाद के युग में हर वस्तु फटाफट बन चुकी है। कोई भी धैर्यवान नहीं। छोटे बच्चे से लेकर बूढ़े आदमी तक सभी सहनशीलता के गुण को भूलते जा रहे हैं। तनाव, क्रोध, इच्छाओं की पूर्ति न होना, नशा इत्यादि हमें जिंदगी के इस गुण से दूर लेकर जा रहे हैं।

आओ हम परस्पर मिल कर रहें। एक-दूसरे की भावनाओं की कद्र करें और सहनशील बनें। सहनशील बने रहने से हमारी बहुत सी समस्याएं स्वयंमेव हल हो जाएंगी। जिंदगी सुखद बन जाएगी। रोजाना के लड़ाई-झगड़े, तनाव, निराशा व उदासी जैसे विकार अपने आप समाप्त हो जाएंगे। सहनशीलता कितनी उचित है? क्या सहनशीलता केवल औरतों में होना ही लाजिमी है? यह प्रश्न बहुत गंभीर है। इनका उत्तर देना आसान काम नहीं है। फिर भी मेरी व्यक्तिगत राय यह है कि पुरुषों व औरतों में सहनशीलता एक समान रूप में होनी चाहिए, क्योंकि दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

गृहस्थ जीवन को सही रास्ते पर चलाने के लिए पति-पत्नी में सूझबूझ होना बहुत ही आवश्यक है। एक-दूसरे की आदतों व स्वभाव को समझते हुए पुरुष-स्त्री परस्पर निकट आने का भरपूर प्रयास करते रहना चाहिए। एक-दूसरे का सम्मान अत्यावश्क है।

शंका व व्यर्थ का हस्ताक्षेप घरेलू जीवन को उजाड़ देता है। मन में गलतफहमी न पनपने दें। परस्पर मिल-बैठ कर अपनी समस्यायों का हल ढूंढना श्रेयस्कर है। सहनशीलता ही एक ऐसा गुण है जिससे हमारी जिंदगी में आए बड़े से बड़े तनाव, परेशानी, उदासी व खिन्नता को खत्म किया जा सकता है। हां, सहनशीलता की कोई सीमा को निश्चित नहीं किया जा सकता। पर छोटी-छोटी बातों पर आपा खो देना बिलकुल भी जायज नहीं है। किसी को मां तो किसी को बाप के प्यार से वंचित होना पड़ रहा है। अपनी जिंदगी को आनंद व प्रसन्नता से जीने के लिए हम सब को सहनशील एवं नम्र होना जरूरी है। असहनशीलता के कारण समूचे समाज में अराजकता फैल सकती है। अत: अधिकधिक इस बात पर गौर करने की आवश्यकता है। सब को संभालना है और सब ने स्वयं संभलना है तभी हम उन्नति कर सकेंगे और बढ़िया जिंदगी जी सकते हैं। अंतत: एक और बात लिखनी चाहता हूं कि उत्तेजित करने पर भी कदापि हमें सहनशीलता का दामन नहीं छोड़ना चाहिए। इससे सब का भला होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों को वाद-विवाद के विषय से किया रू-ब-रू

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गागल में प्रधानाचार्य रमेश कुमार के नेतृत्व में 'नील कमल' ईको क्लब के सौजन्य से पर्यावरण विषयक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि रिसोर्स पर्सन अनिमा लोहिया, मुख्याध्यापिका राजकीय उच्च विद्यालय सकरोहा ने वाद-विवाद के विषय को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने बताया कि वाद-विवाद से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तर्कशक्ति एवं विषय के प्रति जागरूकता का विकास होता है तथा उस विषय की गहरी जानकारी प्राप्त होती है। इस कार्यक्रम में आयुर्वेदिक अस्पताल गागल की चिकित्सा अधिकारी डॉ.सरिता जायसवाल ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर अपने विचार रखे। योग प्रशिक्षिक रीता कुमारी ने प्राणायाम एवं योग क्रियाएं करवाकर योग के लाभों पर चर्चा की। ईको क्लब प्रभारी मैडम अंजू ने कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से किसी भी विषय पर वाद-विवाद करके अपनी तर्क शक्ति,आत्मविश्वास, संवेदनशील व्यवहार में वृद्धि करने का आह्वान किया।

### फोरलेन पर पानी रुकने से चालक हो रहे परेशान

**भीम बसेड़ू, महादेव।** आखिर फोरलेन की कितनी समस्याएं बताएं यानी संबंधित केंद्रीय प्राधिकरण स्वयं यहां लोगों के लिए एक जी का जंजाल बन गया है। पिछली रात हुई बारिश से गांव जरल के यहां फोरलेन पर पानी जमा हो गया और यह गहरा भाग जहां पानी की निकासी का प्रबंध ही नहीं है तालाब बन गया जिससे वाहन चालकों सहित पदयात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फोरलेन संबंधी कार्यों की गुणवत्ता को लेकर को लेकर कई बार सवालिया निशान लगाकर जनहित में सैकड़ों लोग आवाज उठा चुके हैं, लेकिन अभी तक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की तकनीक में शायद सुधार आने की बहुत गुंजाइश इसलिए भी है क्योंकि यह हिमाचल प्रदेश है और भौगोलिक स्थिति का ख्याल न कर यहां की जनता को बार-बार बेवकूफ बनाने की कोशिश की जा रही है यानी सस्ते में टरकाया जा रहा है जो बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है। लोगों ने समस्या के सुधार की मांग की।

### बदहाल शुकदेव वाटिका में सूखे पौधे

**अनंत ज्ञान, महादेव।** शहरी क्षेत्र सुंदरनगर के अंतर्गत आती धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थली शुकदेव वाटिका के एक बड़े भाग में वर्षो पहले हुई मूसलाधार बारिश से आई बाढ़ का बास मारता मलबा जिसे जनहित में हटाने और वाटिका को संवारने की बड़ी-बड़ी बातें तो की गई मगर सब कोरी ही साबित हुई हैं। लंबे अरसे से बदहाली का शिकार शुकदेव वाटिका का रखरखाव न के बराबर है यहां नए महंगे पौधे तो खूब लगाए गए हैं, लेकिन इक्के दुक्के छोड़कर सब सूखे पड़े हैं जिससे धन बर्बादी एवं एक बड़ी लापरवाही सामने आती है जिसे संबंधित विभाग का सीधे-सीधे बेखौफ मनमाना रवैया अपनाना कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी । शुकदेव वाटिका को नाम के अनुरूप न सजाकर यहां के झुलों, फुलवारी, शौचालय, नालियों, मार्ग इत्यादि को सुधारने की सख्त जरूरत है वहीं बड़े पैमाने पर रौशनी का प्रबंध करना जरूरी ही नहीं, बल्कि समय की भी मांग है। लोगों ने स्थानीय प्रशासन तथा उपायुक्त मंडी से पुरजोर में मांग की है कि शीघ्र ही राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21से सटे इस स्थल जहां पर्यटकों की आंखें भी चार होती हैं को सुधारने के लिए कारगर कदम उठाए।

### 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ, अभियान का हुआ शुभारंभ

**पधर, कविता।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 'मेरी पॉलिसी, मेरे हाथ' अभियान का शुभारंभ एसडीएम पधर सुरजीत सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान 15 मार्च तक चलाया जाएगा। जिसका उद्देश्य योजना के तहत नामांकित सभी ऋणी और गैर ऋणी किसानों तक पहुंचना और फसल बीमा के बारे मे जागरूक करना है। शिविर में एसडीएम ने 35 किसानों को फसल बीमा पालिसी का वितरण भी किया। इस दौरान कृषि उपनिदेशक राम चंद्र चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कम वर्षा, सूखा, बाढ़, भूमि कटाव,ओलावृष्टि और फसल कटाई के उपरांत दो सप्ताह तक होने वाले नुकसान एवं स्थानीयकृत आपदाओं को कवर किया जाता है। कृषि विषयवाद विशेषज्ञ सोनम कुमारी ने प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जिला समन्वयक बलविंदर ने बताया कि यदि प्राकृतिक कारणों से फसल को नुकसान होता है तो गेहूं, मक्की व धान की फसल के लिए की फसल के लिए किसान को अधिकतम 4370 रुपए प्रति बीघा तथा जौ के लिए अधिकतम 3640 रुपए प्रति बीघा का क्लेम मिलता है।

### स्वयंसेवियों ने की महाविद्यालय परिसर की सफाई

**अभिषेक, जोगिंदरनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मुनीष ठाकुर ने शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजीव ने स्वयंसेवियों को शिविर की संपूर्ण जानकारी दी। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर और पेयजल सुविधाओं की सफाई की। इसके अलावा, उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और कौशल विकास गतिविधियों के तहत ताजी सब्जियों का अचार बनाना सीखा। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजीव ने कहा कि सेवा भाव और अभ्यास विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है।

### रस्साकशी प्रतियोगिता में पंडोह रहा प्रथम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला बाल मंडी में 40 पी प्राइमरी स्कूलों की लगभग 300 माताओं की उपस्थिति में पहली शिक्षक मां मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि जिला परिषद सदस्या चंपा ठाकुर ने शिरकत की। उनके साथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष योगेश पटयाल, पूर्व पार्षद तोष कुमार भी मौजूद रहे। प्राथमिक शिक्षक संघ के खंड अध्यक्ष बलविंदर कुमार, महासचिव दिनेश कुमार व कोषाध्यक्ष पंकज ने बताया कि इस मौके पर रस्साकशी प्रतियोगिता में पंडोह प्रथम तथा त्रयांम्बली द्वितीय स्थान पर रहे। शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण में पंडोह प्रथम और बाल मंडी द्वितीय रहे।

# बेसहारा पशुओं के खिलाफ हार गुनेन पंचायत ने किया प्रदर्शन

**अभिषेक शर्मा, जोगिंदरनगर**

ग्राम पंचायत हार गुनेन और आसपास की पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीणों ने वीरवार को एसडीएम कार्यालय, जोगिंदरनगर के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या और उनसे हो रही समस्याओं के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बेसहारा पशुओं के आतंक से किसान और आमजन बुरी तरह परेशान हैं। विशेष रूप से रात के समय फसलों की सुरक्षा करना कठिन हो गया है। इन पशुओं के कारण सड़क हादसों का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे लोगों की जान पर बन रही है।

धरने में शामिल युवा जिला परिषद विजय भाटिया ने कहा कि सरकार को इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए ठोस नीति बनानी चाहिए। उन्होंने हर विधानसभा क्षेत्र में गोसदन स्थापित करने की मांग



ज्ञापन देने के उपरांत गुनेन पंचायत के लोग रोष जताते हुए।

**लोगों ने एसडीएम के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन**

उठाई और पहले से बने गोसदनों के विस्तार पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार को इसके लिए अलग से बजट आवंटित करना चाहिए ताकि आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। (अनंत ज्ञान)

### गोमाता हत्या पर जताई नाराजगी

**विजय** भाटिया ने मंडी के कनैड क्षेत्र में हुई गोमाता की हत्या की घटना पर भी कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और कड़ी सजा दिलाने की मांग की।

### समस्या का समाधान न होने पर करेंगे आंदोलन

**धरना**-प्रदर्शन के बाद, प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरकार से आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए शीघ्र कदम उठाने की मांग की गई। स्थानीय ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन और सरकार इस ज्वलंत समस्या पर कितनी गंभीरता से कदम उठाते हैं।

## पारंपारिक गीतों को सहेजने में जुटे लोकगायक मेदू सकलानी

**अनंत ज्ञान, बरोट।** आजकल के लोकगायक पारंपारिक गीतों को भूला कर नए गीतों को तब्बजो दे रहे हैं, मगर तेजी से उभर रहे पहाड़ी गीतकार व लोकगायक मेदू सकलानी विलुप्त हो रहे पारंपरिक पहाड़ी गीतों को अपनी आवाज देकर संगीत प्रेमियों तक पहुंचा रहे हैं।



चौहार घाटी की धमच्याण पंचायत के गांव ग्रामण के नानक चंद के घर जन्में मेदू सकलानी एक गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। बरोट में पत्रकारवार्ता में मेदू सकलानी ने बताया कि वे कई पहाड़ी हिट गीत लिख कर दर्जनों पारंपारिक गीतों को अपनी आवाज देकर अपने यूट्यूब चैनल में डाल चुके हैं।

मेदू सकलानी चौहार घाटी के विलुप्त हो रहे पारंपारिक पहाड़ी गीतों को अपनी सुरीली आवाज देकर अपने यूट्यूब चैनल में डाले हैं जिन्हें संजोने के लिए स्थानीय निवासी तथा संगीत प्रेमी खूब प्रशंसा कर रहे है। मेदू सकलानी का कहना है कि वे अपनी पारंपरिक संस्कृति को बचाने में हमेशा आगे रहेंगे।

# चौहार घाटी के प्राचीन गांवों में प्रतिबंधित हैं मादक पदार्थ व चमड़ा

**रूपी ठाकुर, बरोट**

जिला मंडी की चौहार घाटी तथा जिला कांगड़ा की छोटा भंगाल घाटी में कुछ गांव ऐसे भी हैं जहां बीड़ी, सिगरेट व चमड़े की वस्तुओं पर पूरी तरह प्रतिबंध है। यहां पर भूलकर भी ऐसी वस्तुएं लेकर कभी भी न जाए। चौहार घाटी के हुरंग, ख्बाण, पंजौड़ तथा मंडी रूलिंग छोटा भंगाल घाटी के जुधार, छेरना तथा अन्दरली मलाह ऐसे गांव है, जहां पर आज भी देवाज्ञा लागू है। इन गांवों में वास करने वाले देवी-देवताओं की आज्ञा की अवहेलना करने पर सभी को प्राकृतिक आपदा का दंश झेलने को मजबूर होना पड़ता है साथ में उल्लंघना करने पर देवी-देवताओं की आज्ञानुसार ही सजा भी मिलती है।

यह बात आपको बेशक कुछ अटपटी लगे, लेकिन यह सही है जिला मंडी की दुर्गम चौहार घाटी तथा जिला कांगड़ा की छोटाभंगाल घाटी के इन गांवों में देवी-देवताओं के आदेश ही सर्वोपरी माने जाते हैं। दोनों घाटियों के इन सभी गांवों में देवी-देवताओं की आज्ञा के चलते किसी को भी सरहद के अंदर बीडी से लेकर तंबाकू के अन्य उत्पाद व चमड़े का कोई भी सामान ले जाने

**आज्ञा की अवेहलना होने पर लोगों को झेलना पड़ता है प्राकृतिक दंश**

की अनुमति नहीं है। ऐसा सदियों से ही चला आ रहा है।

जानकारी के अनुसार जब भी इस आज्ञा की अवेहलना हुई है तो यहां के लोगों को किसी न किसी प्राकृतिक का दंश वर्षों तक झेलना पड़ा है। अगर कोई इन गांवों में मनाही के बावजूद ऐसी वस्तुएं ले जाए तो वहां के मंदिरों के गुर व पुजारियों को इसका तुरंत समाधान करना पड़ता है। गुर व पुजारी जो भी हर्जाना तय करेगा वह गलती करने वाले को भरना पड़ता है।

इन गांवों के सुंदर सिंह, हरिराम, श्याम सिंह व वजिंद्र सिंह बताते हैं कि गांवों में कोई ऐसी वस्तुएं लेकर प्रवेश करता है, तो यहां के मंदिरों के गुर व पुजारियों को इसका मालूम पड़ जाता है। उसके बाद देव खेल का सिलसिला शुरू हो जाता है। खेल यानी ऐसी हरकत जिससे गुर व पुजारी का खुद पर भी काबू नहीं रहता है उनकी आवाज भी बदल जाती है और ऐसा लगता है कि उनके अंदर कोई और ही आज्ञा दे रहा है। (अनंत ज्ञान)

# धर्मपुर विद्यालय पर राजनीतिक रोटियां सेंकना बंद करें स्थानीय विधायक : रजत

**अनंत ज्ञान, मंडी**



प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी रजत ठाकुर ने स्थानीय विधायक को कहा कि वह केंद्रीय विद्यालय धर्मपुर में अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना बंद करें, क्योंकि जब स्कूल खोलना था तो उन्होंने इस स्कूल को यहां न खोलने के लिए कई प्रकार के हथकंडे अपनाए और अब जब स्कूल खुल गया है तो यहां राजनीति की जा रही है।

उन्होंने कहा कि स्कूल का जब तक अपना भवन नहीं बन जाता तब तक यहां बच्चों के बैठने की व्यवस्था प्रदेश सरकार करती है और जब स्कूल का अपना भवन बन जाता है तो उसके बाद केंद्र सरकार इसकी देखरेख करती है। यहां तीन कमरे बनकर तैयार हो गए हैं और केवल दरवाजे व खिड़कियां लगना शेष है, लेकिन स्थानीय विधायक पहुंचते हैं और सभी बच्चों के अभिभावकों को फरमान जारी करते है कि सभी यहां फेवरीकेटिड कमरे बनाने के लिए पैसे दें।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों यहां हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर दौरे पर आए थे और उन्होंने दो फेवरीकेटिड कमरे बनाने की बात कही थी फिर अभिभावकों से पैसे लेना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह तो अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने का काम कर रहे हैं।

# बेहतर काम करने वाले पुरस्कृत लोगों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

इफको द्वारा कनैड पंचायत में फसल विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इफको एवं ग्राम पंचायत कनैड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इफको के राज्य विपणन प्रबंधक भुवनेश पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद मंडी एवं समाजसेवी चमन राही ने की। पंचायत प्रधान विशम दास, इफको के क्षेत्रीय अधिकारी रोहित गलोटिया, इफको से आए धर्मेंद्र, पुनीत, अजय और खेम राज व उनके सहित 400 से अधिक किसान उपस्थित रहे।

इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर बेहतर काम करने वाले पुरस्कृत लोगों को सम्मानित भी किया गया। पूर्व



कंबल बांटते हुए मुख्यातिथि व अन्य।

जिला परिषद चमन राही ने बताया कि खेतीबाड़ी के क्षेत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता परमानंद चौधरी, पूर्व कृषि उपनिदेशक खूब राम चौहान, पूर्व शिक्षा उपनिदेशक एसआर बंसल, देश की सबसे छोटी उम्र में पंचायत प्रधान रही जबना चौहान, डीआरडीए के पूर्व जिला अधिकारी टीएल चंदेल, सेवानिवृत्त सूबेदार बिहारी नायक, बागवानी के क्षेत्र में उत्कृष्ट उद्यान उद्यमी यशवंत गुलेरिया, समाजसेवी चंद्रवीर कागरा, निष्पक्ष पत्रकारिता के क्षेत्र में अनिल शर्मा, खेल के क्षेत्र में सफदर अली, शिक्षा के क्षेत्र मौलवी नूर अहमद, इंजीनियर अश्विनी कुमार अवरोल, संस्कृति संरक्षण में नागेंद्र भारद्वाज, कृषि जागरूकता के लिए उमेश ठाकुर, पूर्व उप महाप्रबंधक इफको लाल कंवर, स्वयंसेवी संस्थाओं को बढ़ावा देने के लिए चमन लाल गौतम, अल्पसंख्यकों की भलाई के लिए सन्नी ईपन, दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में सादिक मोहम्मद, भूपेंद्र ठाकुर व नरेश कुमार, पंचायतीराज संस्थाओं के संयोजक गोविंद्र वर्धन, पूर्व पंचायत प्रधान रमा को सम्मानित किया गया। वहीं नौणी यूनिवर्सिटी के प्रशिक्षुओं को भी सम्मानित किया गया।

वहीं कार्यक्रम में इफको के राज्य विपणन प्रबंधक द्वारा नैनो यूरिया और डीएपी के बारे में जानकारी दी। सभा में जिला अधिकारी इफको रोहित गलोटिया ने सागरिका दानेदार एवं सागरिका लिक्विड के बारे में जानकारी दी।

## सुंदरनगर में लापता हुई नाबालिग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल थाना सुंदरनगर के तहत नेरी गांव निवासी 12वीं कक्षा की छात्रा रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में हेमंत कुमार पुत्र रघु राम निवासी नेरी डाकघर दोघरी तहसील सुंदरनगर ने कहा कि उसकी बेटी घर से गांव की ओर गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पिता ने कहा है कि वह 12वीं कक्षा में पढ़ती है और 17 वर्ष 8 माह की है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सड़क पक्की करो, नहीं तो होगा पंचायत चुनावों का बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की नेर-घरवासड़ा पंचायत के गांव बाग, पट्टी, भलैंद्रा और भुजडू के ग्रामीणों ने सड़क पक्की करने की मांग को लेकर स्थानीय एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आगामी पंचायत चुनावों का बहिष्कार करेंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि पहले इस सड़क पर परिवहन निगम की दो बसें नियमित रूप से चलती थीं, लेकिन सड़क की खराब हालत के चलते पिछले तीन वर्षों से बस सेवा

**नेर-घरवासड़ा पंचायत के लोगों का ऐलान**

बंद है। इसका सीधा असर गांववालों की आवाजाही और दैनिक जीवन पर पड़ रहा है। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीणों ने प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री को ज्ञापन भेजते हुए तुरंत सड़क को पक्का करने की मांग की है। उनका कहना कि मांगों को पूरा नहीं किया, तो वे पंचायत चुनावों से पूरी तरह दूरी बना लेंगे।

## शिवरात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता आरंभ

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष लीला विलास ने बताया कि शिवरात्रि फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन ऐतिहासिक पड्डल मैदान में 13 से 16 फरवरी को होगा।

इस प्रतियोगिता में 15 वर्ष से कम आयु वर्ग व महिला फुटबॉल तथा सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इसके लिए विभिन्न कमेटियों का गठन कर लिया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें 11 फरवरी तक एंट्री जमा करवा सकते हैं।

# प्रदर्शनी में मॉडल तैयार कर विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



डॉ. नरेंद्र के साथ प्रदर्शनी के प्रतिभागी विद्यार्थी सामूहिक चित्र में।

**आदर्श यादव, नेरचौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ जम्मू के शेर ए कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मुख्य वैज्ञानिक नरेंद्र पाल ठाकुर ने दीप प्रज्वलित करके किया। नरेंद्र पाल ठाकुर राजगढ़ स्कूल के विद्यार्थी रहे हैं तथा इन्होंने इस पाठशाला को गोद लिया है। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों के द्वारा तैयार किए विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया।

# प्रधानमंत्री से सम्मानित होने पर सपना देवी का स्वागत



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री और पंचायती राज मंत्री द्वारा सम्मानित होने के बाद ढेलू पंचायत की प्रधान सपना देवी का बुधवार को पंचायत पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

पंचायत समिति द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में सपना देवी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह भविष्य में भी पंचायत के विकास के लिए निरंतर कार्य करती रहेंगी।

उनके इस सम्मान से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है, और ग्रामीणों ने उनके प्रयासों की सराहना की।

# दिव्यांगों के लिए सरकार की कई योजनाएं शुरू : कौशल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा सामुदायिक भवन महादेव सुंदरनगर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें निदेशक हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक लाल सिंह कौशल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

लाल सिंह कौशल ने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने अपने अभी तक के कार्यकाल में अल्पसंख्यक व दिव्यांगजनों के लिए अनेकों कार्यक्रम व योजनाएं शुरू की है।

**महादेव में अल्पसंख्यक लोगों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित**

मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सुखाश्रय योजना शुरू की गई जिसमें अनाथ बच्चों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही है। हाल ही में बच्चों को योजना के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण के लिए भी भेजा गया था।

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को घर बनाने के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए का प्रावधान रखा गया है जबकि मुख्यमंत्री सुक्खू ने बाढ़ की आपदा में जिन लोगों के घर बह गए उन्हें घर बनाने के लिए 7 लाख रुपए देने का फैसला लिया।

कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम मनोज कुमार और प्रबंधक सीएल शर्मा ने लोगों को निगम की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते बताया कि अल्पसंख्यक एवं विकलांग वर्ग के व्यक्तियों के लिए विभिन्न ऋण योजनाएं चलाई जा रही है जिसमें टर्म लोन योजना, शिक्षा ऋण योजना, सूक्ष्म वित्त पोषण योजनाएं आदि शामिल हैं।

# 15 फरवरी तक चेन वुड कटर का करवाएं पंजीकरण, वरना होगी जब्ती

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

उपमंडल जोगिंद्रनगर में चेन वुड कटर रखने वाले सभी लोगों को 15 फरवरी तक अपने उपकरणों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य कर दिया गया है। डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर कमल भारती ने बताया कि पंजीकरण न करवाने वालों के वुड कटर जब्त कर लिए जाएंगे।

वन विभाग के अनुसार, चेन वुड कटर का अवैध रूप से उपयोग वनों की अवैध कटान और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने में किया जा सकता है। डीएफओ ने कहा कि इस प्रक्रिया से अवैध लकड़ी कटाई पर नियंत्रण लगाया जा सकेगा और जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

डीएफओ कमल भारती ने स्पष्ट किया कि 15 फरवरी की समय सीमा के बाद यदि बिना पंजीकरण के चेन वुड कटर पाया गया, तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। अवैध रूप से लकड़ी काटने या वन संपदा को नुकसान पहुंचाने वालों पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

## 8 व 16 फरवरी को बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत उपमंडल नंबर 2, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड, जोगिंद्रनगर के सहायक अभियंता शिव कुमार ने बताया कि 33/11 केवी सब-स्टेशन भराडू में रंग-रोगन कार्य किया जाएगा। इस कारण 8 फरवरी 2025 और 16 फरवरी 2025 को सुबह 9:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

वहीं भराडू, कस, गडूही, मच्छयाल, टिकरू, बल्ह, रोपड़ी, ब्यूंह, नौहली, मनारू व आसपास के क्षेत्र। उन्होंने बताया कि यदि मौसम खराब रहा तो कार्य अगले दिन के लिए स्थगित किया जा सकता है।

**अनदेखी** कंगरकोठी-त्रिलोचनकोठी सिंचाई योजना का लक्ष्य खतरे में

# सफेद हाथी बना जायका का प्रोजेक्ट

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

लगभग सवा करोड़ की लागत से तैयार जायका कंपनी द्वारा निर्मित कंगरकोठी-त्रिलोचनकोठी सिंचाई योजना का लक्ष्य अच्छा रहा होगा , परंतु आज इसका अस्तित्व पुरानी बंद पड़ी फैक्टरी जैसा है, जिसका अतीत अच्छा रहा हो परंतु भविष्य संदिग्ध है ।



गाद के कारण बंद पड़ा हुआ बांध।

बांध गाद से भरा पड़ा है सोलर पैनल निष्क्रिय दिख रहे हैं और खेत पानी की प्रतीक्षा में मुरझाए पड़े हैं । किसान संघ के संचालक ,पंजाब हरियाणा के किसान नेताओं की आरपार की लड़ाई से परिचित नहीं हैं । वे भी सरकार के प्रति टकटकी लगाए देख रहे हैं और सरकार व सरकारी मशीनरी कान में तेल डाल उंघ रही है । इसलिए सभी चमत्कार की प्रतीक्षा में बैठे हैं-शायद चमत्कार हो जाए, बांध में पानी भर जाए और खेतों में पहुंच फसल लहलहाने लगे।

**स्थानीय जनता ने लगाई इसे शुरू करने की गुहार**

दो वर्ष पहले लींडीधार की छाती दरक गई थी और बाढ़ में गाद आकर बांध के भराव क्षेत्र को पाट गई । मशीनें बंद हो गई और पानी का बहाव गाद में कहीं अदृश्य हो गया। (अनंत ज्ञान)

**मशीनें बंद और पानी का बहाव गाद में हुआ अदृश्य**

### बादल फटने के बाद स्थिति हुई खराब

**बादल** फटने की उस घटना वाले दिन से सब कुछ बदल गया और आज तक वही स्थिति बनी हुई है । जन प्रतिनिधि और प्रशासन की तन्द्रा और निंद्रा इतनी गहरी है कि उसे कुंभकर्णी विरासत कहना अनुचित नहीं होगा । स्थानीय लोगों ने परियोजना को पुन: चालू करने की गुहार लगाई है।

# रिवालसर में अवैध कब्जों को लेकर प्रशासन हुआ सख्त

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**

उपतहसील रिवालसर के तहत कानूनगो वृत्त रिवालसर व लेदा में सरकारी भूमि पर लोगों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को लेकर राजस्व विभाग सख्त हो गया।

उपतहसील रिवालसर के अधिकार क्षेत्र में लगभग 90 से अधिक लंबित पड़े बारांट बेदखली के मामलों पर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में कानूनगो वृत्त रिवालसर में चिन्हित 24 तथा लेदा वृत्त के 6 अवैध कब्जाधारियों को कार्यकारी दंडाधिकारी एवं तहसीलदार उप तहसील रिवालसर संजीव प्रभाकर ने नोटिस जारी करते हुए सभी को आगामी 7 दिनों के भीतर स्वयं कब्जा हटाने के कड़े निर्देश जारी कर दिए है तथा शेष बचे अवैध कब्जा धारकों को जल्द नोटिस भेजने कि प्रकिया शुरू कर दी है। नोटिस मिलते ही अवैध कब्जा धारकों में हड़कंप मच गया है। बता दें कि प्रदेश हाई कोर्ट ने किसी भी किस्म की सरकारी भूमि को अवैध कब्जा मुक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार के सभी विभागों व प्राधिकरणों के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं।

तहसीलदार उप तहसील रिवालसर संजीव प्रभाकर ने बताया कि निर्धारित अवधि के भीतर अवैध कब्जा न हटाए जाने की स्थिति में विभाग द्वारा अपने स्तर पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## कर्मचारी वेतन नहीं मिलने पर नाराज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजस्व विभाग के दैनिक भोगी व अंशकालीन कर्मचारियों ने पांच माह से वेतन नहीं मिलने पर गहरी नाराजगी जताई है। संघ के प्रधान अजीत सिंह ने बताया कि कर्मचारी प्रतिदिन आठ घंटे की ड्यूटी कर रहे हैं और विभाग द्वारा सौंपे गए सभी कार्यों डाक, सम्मन वितरण आदि को तत्परता से पूरा कर रहे हैं, लेकिन वेतन का भुगतान नहीं हो रहा। अजीत सिंह ने कहा कि वेतन न मिलने के कारण संकट आ गया है। उन्हें रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो रहा है।

संघ कई बार प्रशासन और विभाग से वेतन भुगतान की मांग कर चुका है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने समस्या के समाधान की मांग उठाई।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं सोहन लाल** पुत्र श्री नागेन्द्र सिंह गांव टेपर डाकघर व तहसील औट जिला मण्डी हि.प्र. घोषणा करता हूं कि आधार कार्ड व स्कूल रिकार्ड में मेरा नाम सोहन लाल जबकि ग्राम पंचायत नाउ के रिकार्ड में मेरा नाम विपन दर्ज है। उपरोक्त दोनों मेरे ही नाम है। ग्राम पंचायत नाउ के रिकार्ड में मेरा नाम सोहन लाल उर्फ विपन दर्ज किया जाए। अब मुझे इसी नाम से जाना जाए। संबंधित नोट करें।

# शादी के नाम पर धोखाधड़ी आखिर कसूर किसका?

**नुकसान की भरपाई बिचौलिया महिला से करवाने पर लेडी ने दी थी आत्महत्या की धमकी**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

ऊना जिले के नारी गांव में शादी के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सुर्खियों में छाया हुआ है। कभी पंचायत का फैसला चर्चा में आ रहा है तो कहीं बिचौलिया महिला की कथित आत्महत्या की धमकी की खबर बन रही है। खबर यह भी आई कि तनाव महसूस करते हुए शादी करवाने वाली बिचौलिया महिला ने आत्महत्या की धमकी दे डाली है। जानकारी के मुताबिक इस धमकी के बाद गांव में स्थिति तनावपूर्ण हो गई और मौके पर पुलिस को बुलाना पड़ा था। पुलिस के समझाने पर मामला शांत हुआ बताया जा रहा है।

जिले की नारी पंचायत में जो बारात के बिना दुल्हन लौटने का मामला था, उसमें कहीं न कहीं लड़के पक्ष की भी लापरवाही रही है। अगर लड़की का घर और परिवार नहीं देखा था और सब सपनों की दुनिया में था तो कसूर किसका माना जाना चाहिए। भले ही बिचौलिया महिला ने धोखाधड़ी की सभी सीमाएं पार की हैं, लेकिन चूक दूसरे पक्ष से भी हुई है। नुकसान के जिम्मेदार दोनों ही माने जा सकते हैं। बता दें कि बीते सप्ताह ही इस मसले पर पंचायत ने फैसला सुनाया था कि पूरे खर्च की भरपाई रिश्ता करवाने वाली बिचौलिया महिला उठाएगी। यह महिला दूल्हे के चाचा की बहू है। पंचायत ने बीते सोमवार तक यह राशि देने के आदेश दिए थे। ऐसा नहीं करने पर महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कही गई थी। दूल्हा पक्ष के अनुसार, शादी पर 5.86 लाख रुपए खर्च हुआ है। बिचौलिया महिला ने उस समय दूल्हा पक्ष का पैसा लौटाने की बात पंचायत में तो मानी, मगर, पैसा नहीं दिया। मंगलवार को जब नारी गांव के लोग बिचौलिया महिला के घर पैसे लेने पहुंचे और तो महिला ने हंगामा कर दिया। ग्रामीणों ने वहां पर उसकी ऑल्टो गाड़ी को अमानत के तौर पर कब्जे में लिया। इससे बिचौलिया महिला भड़क उठी और उसने आत्महत्या करने की चेतावनी दे डाली। पुलिस ने मामला शांत किया। तब बिचौलिया महिला ने 2 लाख रुपए 24 फरवरी तक देने और सारी राशि तीन माह के भीतर देने की बात कही।

पंचायत प्रधान राम कुमार के अनुसार, बिचौलिया और उसके पति ने तीन महीने का समय मांगा है, जिसे पंचायत ने स्वीकार कर लिया है। इस अवधि के बाद पंचायत बिचौलिया के खिलाफ आगे की कार्रवाई का निर्णय लेगी। जाहिर है कि ऊना के नारी गांव से एक बारात हरोली विधानसभा क्षेत्र के सिंगा गांव गई थी, जब बारात वहां पहुंची तो पता चला कि वहां कोई शादी ही नहीं थी। इसके बाद बारातियों ने उस लड़की की फोटो दिखाई, जिससे शादी होनी थी, इस पर गांव वालों ने कहा कि यह लड़की उनके गांव की नहीं है। तब बारात बैरंग वापस लौटी। सवाल अभी भी यह है कि इसमें कसूर अकेले एक महिला का ही नहीं बल्कि कुछ अन्य लोगों की लापरवाही भी उजागर हो रही है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

# वाह! मिलने लगे नगर निगम के लाभ

## खुशखबरी... नगर निगम ऊना में सभी पात्र लोगों के बनेंगे पक्के मकान

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दूसरे चरण का सर्वे शुरू, गृह निर्माण के लिए मिलेंगे 2.50 लाख**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

नगर निगम ऊना के गठन के बाद अब क्षेत्र के नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलना शुरू हो गया है। खासतौर पर, नगर निगम में शामिल ग्राम पंचायतों के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दूसरे चरण का सर्वे शुरू हो गया है, जिसके तहत नगर निगम ऊना में सभी पात्र लोगों के पक्के मकान बनाने के लिए प्रति परिवार 2.50 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

अतिरिक्त उपायुक्त एवं नगर निगम ऊना के आयुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2 के लाभ के लिए पात्र लोग अब खुद अपना सर्वे कर सकते हैं। चयन समिति के सत्यापन के बाद उन्हें यह राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक लाभार्थी भूमि के स्वामित्व प्रमाण सहित आवश्यक दस्तावेजों के साथ एकीकृत वेब पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या लोक मित्र केंद्र के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, नगर निगम कार्यालय में शहरी स्तरीय तकनीकी सेल से भी संपर्क किया जा सकता है। नगर निगम में सम्मिलित 14 पंचायतों को इस योजना का सीधा लाभ मिलेगा। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 1.50 लाख रुपए दिए जाते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में 2.50 लाख रुपए गृह निर्माण के लिए मिलते हैं। इसके अतिरिक्त, वार्षिक आय सीमा भी ग्रामीण क्षेत्र की 1.80 लाख रुपए के मुकाबले शहरी क्षेत्र के लिए 3 लाख रुपए रखी गई है। इससे नगर निगम क्षेत्र के 14 पंचायतों झलेड़ा, रैंसरी, कोटला खुर्द, अजनोली, कोटला कलां (लोअर और अप्पर), लाल सिंगी, अरनियाला (लोअर और अपर), मलाहत, रामपुर, कुठार खुर्द, कुठार कलां और ग्राम पंचायत टब्बा (आंशिक) के नागरिकों को सीधे लाभ मिलेगा।

इसके अलावा गुर्जर ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में सम्मिलित सभी पंचायतों में साफ-सफाई और सीवरेज व्यवस्था को लेकर खाका तैयार किया जा रहा है।

### यह है पात्रता

**प्रधानमंत्री** आवास योजना (शहरी) के तहत लाभार्थी परिवारों में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे। शहरी क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के पास भारत के किसी भी हिस्से में पक्का आवास नहीं होना चाहिए और परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। पात्र परिवारों को अपनी उपलब्ध भूमि पर पक्के घर के निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। नए पक्के आवास में कम से कम दो कमरे, रसोई और शौचालय-बाथरूम का निर्माण करना अनिवार्य होगा।

### इन्हें मिलेगी वरीयता

**योजना** के तहत विधवाओं, एकल महिलाओं, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडरों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों और समाज के कमजोर वर्गों को वरीयता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, सफाई कर्मियों, पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडरों, पीएम विश्वकर्मा योजना के विभिन्न कारीगरों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, भवन और अन्य निर्माण श्रमिकों, और पीएमवाई शहरी-2 के संचालन में चिन्हित समूहों को विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### पहले चरण में 10 करोड़ से 601 घरों का निर्माण पूर्ण

**आयुक्त** महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि योजना के पहले चरण में नगर निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 604 घरों की स्वीकृति मिली थी, जिसके लिए 10.24 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। इनमें से 601 घरों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और 9.97 करोड़ रुपए लाभार्थियों को जारी किए जा चुके हैं।

### ऊना के विकास के लिए अधिक धन लाने पर फोकस : रायजादा

**ऊना** के पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता सतपाल रायजादा ने कहा कि ऊना के समग्र विकास के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हमारी कोशिश है कि नगर निगम के माध्यम से ऊना के विकास के लिए अधिक से अधिक धन लाया जाए, ताकि लोगों को भरपूर सुविधाएं मिल सकें। हम भविष्य में इसे नगर निगम से स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से काम करेंगे।

# जनवरी में गगरेट पुलिस ने वसूला साढ़े आठ लाख रुपए जुर्माना



रोड सेफ्टी क्लब की बैठक में शिरकत करते क्लब के सदस्य।

अनंत ज्ञान, गगरेट

रोड सेफ्टी क्लब गगरेट की बैठक वीरवार को लोक निर्माण विभाग के गगरेट स्थित विश्रामगृह में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के प्रधान विशाल पुरी ने की, जबकि पुलिस थाना गगरेट के प्रभारी सन्नी गुलेरिया ने विशेष रूप से शिरकत कर यातायात नियमों की अनुपालना के लिए क्लब का सहयोग मांगा।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अवेहलना करने वालों के साथ पुलिस सख्ती से निपट रही है और बीते माह गगरेट पुलिस ने 2600 से अधिक चालान कर आठ लाख रुपए से अधिक जुर्माना वसूला है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अनुपालना वाहन चालक महज चालान से बचने के लिए न करें बल्कि अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहन चालक यातायात नियमों की अनुपालना करना सुनिश्चित करें।

क्लब के वरिष्ठ सदस्य प्राणनाथ शर्मा ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और स्कूल व कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को यातायात नियमों की अनुपालना न करने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया जाए। इस अवसर पर यातायात पुलिस के हेड कांस्टेबल परमजीत सिंह, सब इंस्पेक्टर रमेश कुमार, क्लब के सदस्य रमेश हीर, सन्नी पुरी, अमन पुरी, राजीव शर्मा राजू, रोहित लखनपाल, गौरव शर्मा, लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता गौरव शर्मा, वरुण शर्मा सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## थ्रो-बॉल सब-जूनियर टीम के खंड स्तरीय मैच आज से

**विनोद शर्मा लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा में थ्रो-बॉल चैरिटेबल ट्रस्ट हिमाचल के सौजन्य से सात फरवरी से थ्रो-बॉल सब जूनियर टीम के खंड स्तरीय मैच आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर आयोजित की जा रही है। थ्रो-बॉल हिमाचल के टेक्निकल बोर्ड के अध्यक्ष यशवीर ने बताया कि यह खंड स्तरीय प्रतियोगिता होगी, इसके बाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी, उसके उपरांत राज्य की टीम का चयन मैच के दौरान ही किया जाएगा। यशवीर ने कहा कि छात्र-छात्राओं को थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सभी सहभागिता करने वाले छात्र अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बंगाणा में आर्य पब्लिक स्कूल में अपनी उपस्थिति समय पर दें। प्रतियोगिता खिलाड़ियों के कौशल को निखारने का अवसर प्रदान करेगी। (अनंत ज्ञान)

## डीसी जतिन ने बंगाणा कॉलेज के स्वयंसेवियों को किया सम्मानित



उपायुक्त को सम्मानित करते एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी

अनंत ज्ञान, बंगाणा

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर में उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें शॉल व टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया।

उपायुक्त ने युवाओं को सही दिशा में प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि यदि उन्हें उचित मार्गदर्शन मिले, तो वे अपने जीवन में महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के संतुलित उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को इसका सकारात्मक और रचनात्मक रूप से उपयोग करना चाहिए, ताकि वे अपने कीमती समय का सही उपयोग कर अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों को उपायुक्त ऊना द्वारा सम्मानित किया गया।

## हवन यज्ञ के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

हीना पठानिया, बड़ूही

महालक्ष्मी इंडस्ट्री अंबेहड़ा रामकिशन में चल रही साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का समापन वीरवार को हो गया। कथा के समापन के बाद हवन यज्ञ और भंडारा हुआ। कथा समापन के बाद विमला देवी, महालक्ष्मी इंडस्ट्री के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी एवं उनकी पत्नी बीडीसी सदस्य सुषमा शर्मा, बेटी श्वेता शर्मा, हनी शर्मा समेत गांव के वरिष्ठ लोगों ने हवन किया।

हवन के दौरान कथा व्यास आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने कहा कि आत्मा को जन्म व मृत्यु के बंधन से मुक्त करने के लिए भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना होगा। उन्होंने कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों के बजाए सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। कथावाचक आचार्य शिव कुमार ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया।



श्रीमद् भागवत कथा के दौरान मौजूद गणमान्य।

### विशाल लंगर का आयोजन

श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में बंगाणा, थानाकलां, खुरवाई, जोगी पंगा, तलमेहडा, सोहारी, टकोली,चौली एवं चिंतपूर्णी क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन, जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं।

मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान को लगाए गए भोग का बच्चा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन के दिन विधि विधान से पूजा-अर्चना करवाई दोपहर तक हवन किया गया, बाद में प्रसाद वितरित हुआ। शास्त्री ने कथा आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### राय मैहतपुर रेलवे स्टेशन की ऊंचाई बढ़ाएगा रेलवे

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गत दिनों राय मैहतपुर के युवाओं के साथ जिला के युवा भाजपा नेता अरुण कौशल द्वारा राय मैहतपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की ऊंचाई व लंबाई बढ़ाने के लिए मांग पत्र सौंपा गया था। मांग पत्र में युवाओं ने कहा था कि इस स्टेशन पर प्रतिदिन तीन पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव होता है परंतु स्टेशन की स्थिति बहुत दयनीय है। इसके साथ-साथ राय मैहतपुर फाटक की जगह रेलवे अंडर ब्रिज के निर्माण की मांग भी रखी गई थी। इस पर वीरवार को अरुण कौशल को पोर्टल पर रेलवे मंडल अंबाला के अधिकारियों द्वारा आए उत्तर में कहा गया कि प्लेटफार्म की ऊंचाई को बढ़ाने को लेकर संबंधित विभाग को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस मौके पर अरुण कौशल ने मैहतपुर के युवाओं का आभार जताया है जिन्होंने गत दिनों जिला उपायुक्त के समक्ष क्षेत्र की मांग रखी थी।

### मुकेश से मिला चालक-परिचालक महासंघ ऊना

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से वीरवार को राजकीय अर्ध राजकीय चालक-परिचालक महासंघ ऊना की कार्यकारिणी ने प्रधान विजय अशरफ के नेतृत्व में उनके निवास स्थान गोंदपुर जयचंद में भेंट की। इस दौरान कार्यकारणी ने उपमुख्यमंत्री को चालकों और परिचालकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। महासंघ ने 4-9-14 वेतन वृद्धि को बहाल करने के साथ-साथ अतिरिक्त वेतन वृद्धि 15-20-25 के स्थान पर 8-15-20 करने तथा स्पेशल-पे बढ़ाने को लेकर अपनी मांग रखी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने राजकीय अर्धराजकीय चालक-परिचालक महासंघ ऊना की समस्याओं के समाधान के लिए उपयुक्त कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी के उपप्रधान बेअंत सिंह, कैशियर श्यामलाल, सदस्य जसवीर सिंह व नरेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### पंचायत समिति सदस्य की नशे के खिलाफ बढ़िया पहल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** तनोह पंचायत के उपप्रधान नरेंद्र कुमार एवं वार्ड पंच जयवीर ने कहा कि लठियाणी-तनोह पंचायत समिति सदस्य जोगिंदर देव आर्य ने युवाओं को चिट्टे के नशे के विरुद्ध बहुत ही बढ़िया पहल की है और उन्होंने कहा कि आर्य द्वारा ये बहुत ही बढ़िया समाज के लिए दिया है क्योंकि युवा अपनी युवावस्था के साथ खिलवाड़ कर रहा है। नशा करने वाले युवाओं के परिवार के सदस्य बहुत ही परेशान एवं दुखी हैं। जयवीर ने कहा कि माता-पिता का भी कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों का स्कूल एवं कॉलेज जाने आने की गतिविधियों के बारे में पूरी जानकारी रखें कि उसके दोस्त किसी प्रकार का नशा करते हैं या नहीं।

### विधायक ने घर-घर जाकर सुनीं जनसमस्याएं



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने एक अनूठी पहल की है। उन्होंने चताड़ा पंचायत के गांव चताड़ा में घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनीं, बुजुर्गों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उनकी इस जनसंपर्क मुहिम ने न केवल आम जनता को राहत दी, बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों को भी उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराया। विधायक विवेक शर्मा ने चताड़ा गांव में पैदल भ्रमण कर जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की छोटी-बड़ी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। पानी की समस्या, सड़कों की दुर्दशा, बिजली कटौती, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और अन्य जनहित से जुड़े मुद्दे उनके संज्ञान में आए, जिनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अपने दौरे के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने गांव के बुजुर्गों से भी विशेष रूप से मुलाकात की।

### कोर्ट फीस न मिलने से राजस्व कार्य लटके

**विवेक शर्मा, अंब।** उपमंडल अंब में कोर्ट फीस के वितरण में आई परेशानी से न केवल न्यायिक कार्यों में रुकावटें उत्पन्न हो रही हैं, बल्कि राजस्व व कानूनी कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। दरअसल, कोर्ट फीस एक अहम दस्तावेज है, जो किसी भी कानूनी प्रक्रिया को शुरू करने के लिए आवश्यक होता है, लेकिन कोर्ट फीस उपलब्धता में देरी होने से कोर्ट में दाखिल होने वाले मामलों में समस्या पेश आ रही है और वकील व ग्राहक दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोर्ट फीस के वितरण में इस देरी के कारण नागरिकों को न्याय प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब हो रहा है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा, सरकार की राजस्व वसूली पर भी असर पड़ रहा है। वहीं कुछ स्टांप बैंडर्स का कहना है कि कोर्ट फीस ऑनलाइन मिलती थी लेकिन जो कोर्ट फीस 20 की होती थी। सरकार द्वारा उसके 30 रुपए लिए जाते थे जिसकी वजह से आम नागरिक परेशान हो रहे थे। इसके बाद सरकार ने निर्णय लिया कि कोर्ट फीस ट्रेजरी में उपलब्ध करवाए जाएंगे, लेकिन वहां भी जब 4 या 5 बैंडर्स के द्वारा जब कोर्ट फीस मंगवाने के लिए कहा जाता है तो उसके बाद किसी अन्य जगह से मंगवाए जाते हैं, जिसकी वजह से यह सारी दिक्कत आ रही है। ट्रेजरी ऑफिसर का कहना है कि हमारे पास कोर्ट फीस उपलब्ध है और बैंडर्स हमारे से लेकर भी जा रहे हैं कोई भी बैंडर दिन मैं किसी भी समय आ कर कोर्ट फीस ले सकता है। तहसीलदार प्रेम धीमान ने कहा यह समस्या अभी ध्यान में आई है। बैंडर्स और ट्रेजरी ऑफिसर से इस बारे पता कर तुरंत समस्या का समाधान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## सत्संग के मूल्यों को जीवन में अपनाना जरूरी : संत बाबा बाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

श्री राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट कोटला कलां आश्रम संत बाबा बाल जी महाराज के वार्षिक महासम्मेलन में वीरवार को संत बाबा बाल जी ने भक्तों को भक्ति के रस और रहस्यों के बारे बताया। उन्होंने कहा कि भागवत का श्रवण करने और उसे अपने जीवन में उतारने का अलग अलग फल है। कुछ लोग आते हैं लेकिन भागवत और सत्संग का श्रवण करके उसका अंश मात्र भी जीवन में नहीं ढालते हैं। मनुष्य सत्संग में आ रहा है, उसका यह भाव भी फलदायक है, लेकिन कितना हृदय में लेकर जा रहा है, यह उसके विवेक पर निर्भर करता है। हालांकि श्रद्धा भाव से जो श्रद्धालु सत्संग का श्रवण करते हैं उनका जीवन सफल होता है।



संत बाबा बाल जी श्री राधा कृष्ण की झांकी की आरती उतारते हुए।

इसमें हिमाचली लोक गायक करनैल राणा श्रीधाम वृंदावन से पंकज कृष्ण ठाकुर ने रासलीला और श्रीमद् भागवत कथा महापुराण कथा के परम पूजनीय इंद्रेश जी उपाध्याय महाराज ने कथा प्रवचन करके भक्तजनों को निहाल किया।

इस अवसर पर हिमाचली लोक गायक करनैल राणा ने पीले राधिके सहित अन्य कई धार्मिक भजन पेश करके पंडाल में बैठे दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। बता दें कि यह महासम्मेलन 12 फरवरी तक जारी रहेगा। यहां पर आए भक्तजन को भक्तिमय माहौल में वृंदावन जैसा महसूस कर रहे हैं और यहां पर आध्यात्मिकता का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है।

पंडाल में तिल तक धरने के लिए जगह नहीं है। संत बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद पाकर भक्त निहाल हो रहे हैं।

## मुख्यमंत्री लघु दुकानदार योजना हो सकती है कारगर सिद्ध

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** छोटे व्यापारियों के आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री लघु दुकानदार योजना कारगर सिद्ध हो सकती है। इस योजना के तहत लघु दुकानदार को पचास हजार रुपए की राशि ऋण के तौर पर तीन वर्ष के लिए मिलेगी, जिसका सही भुगतान होने पर आधे ब्याज की राशि सब्सिडी के रूप में माफ की जाएगी। ग्रामीण परिवेश में लघु व्यवसाय करने वाले दुकानदारों के लिए यह योजना वरदान साबित हो सकती है।

सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वीरवार को ग्राम पंचायत अंबोआ में खंड विकास कार्यालय की और से एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मिशन कार्यकारी अंकुश डढवाल ने बताया कि लघु दुकानदार पचास हजार रुपयए तक ऋण हासिल करने के लिए खंड विकास कार्यालय में आकर इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर एफपीओ के अधिकारी ऋषभ और विश्वजीत भी मौजूद रहे।

## बिजली बोर्ड के 700 पदों को खत्म करना निंदनीय कार्य : जगत राम

अनंत ज्ञान, ऊना

राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने कहा कि सुक्खू सरकार कर्मचारी मोर्चे पर ठीक चल रही है। उनकी पुरानी पेंशन बहाल करना और अब सरकार के सभी विभागों में लगातार ताबड़तोड़ भर्तियां हो रही हैं। प्रतिदिन कहीं न कहीं कोई न कोई सरकारी नौकरी का ऐलान हो रहा है जो कि अच्छे कदम उठाए जा रहे हैं।

जगत राम ने कहा कि सुक्खू सरकार द्वारा बिजली बोर्ड में 700 पदों को समाप्त करना एक निंदनीय कार्य है और बताया कि बिजली बोर्ड सार्वजनिक क्षेत्र का अभिन्न अंग है और इस क्षेत्र को गरीबी से निकालकर आम लोगों को रोजगार देने का बड़ा साधन बताया है। सार्वजनिक क्षेत्र में स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू, स्वर्गीय इंदिरा जी और कांग्रेस की विचारधारा की सोच है। सार्वजनिक क्षेत्र को कमजोर करने के लिए कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने के लिए यह तो भाजपा और आरएसएस का एजेंडा है, इसको हिमाचलवासी व देश का कर्मचारी वर्ग कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। जगत राम ने यह भी बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र को बचाना और महंगाई और बेरोजगारी के विरुद्ध केंद्रीय ट्रेड यूनियन का संयुक्त मोर्चा बन चुका है और इस मोर्चे में मुख्य रोल इंटक निभा रही है और इस मोर्चे के अध्यक्ष इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजीव रेड्डी है सार्वजनिक क्षेत्र को पूंजीपतियों के हाथों बिकने से रोकना और रोजगार के लिए इसका विस्तार करना और इसकी विचारधारा के पीछे नहीं हटने का नीतिगत फैसला है इसके पीछे हटाने का किसी भी ट्रेड यूनियन का सवाल ही पैदा नहीं होता।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
**मैं, सुरिंदर कौर,** पत्नी श्री बलविंदर सिंह निवासी गांव व डाकघर गोंदपुर जयचंद, तहसील हरोली, जिला ऊना (हि.प्र.), घोषणा करती हूं कि आधार रिकॉर्ड में मेरा नाम रानो गलत दर्ज है जबकि मेरा सही नाम सुरदिंर कौर है। अतः सुरिंदर कौर और रानो एक ही व्यक्ति है। सभी संबंधित नोट करें।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
**मैं, नीतू बग्गा,** पत्नी स्व. बलबीर वर्मा निवासी वार्ड नंबर 02, वीपीओ लोअर पंजावर, उप तहसील इस्पुर, तहसील एवं जिला ऊना (हि.प्र.), घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम राधिका से बदलकर नीतू बग्गा कर लिया है। कृपया सभी संबंधित नोट करें।

**जायजा** — विधायक विवेक ने 27 पंचायत प्रतिनिधियों और सचिवों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा

## विधायक ने लंबित कार्यों को 31 मार्च तक पूरा करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, ऊना

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए विधायक विवेक शर्मा ने 27 पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायत सचिवों के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में जिलाधीश ऊना जतिन लाल जिला पंचायत अधिकारियों के साथ जिला प्रशासन मौजूद रहा। बैठक में सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी पंचायत में आ रही विकास कार्यों एवं अन्य समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा।

बैठक में पंचायत स्तर पर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई और उन्हें समय सीमा के भीतर पूरा करने पर जोर दिया गया। विधायक विवेक शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को 31 मार्च तक पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीण जनता को जल्द से जल्द इन सुविधाओं का लाभ मिल सके। विधायक विवेक शर्मा ने बैठक में कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य जनता को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाएं और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी प्रोजेक्ट अनावश्यक रूप से लंबित न रहे।



विधायक विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक करते हुए।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य गांव से शहर तक जनता की समस्याओं का समाधान करना है। हर घर तक पक्का रास्ता और हर गांव को सड़क सुविधा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। बैठक के दौरान विधायक ने अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिए कि वे 31 मार्च तक सभी निर्माण कार्यों को पूरा करें।

उन्होंने कहा कि कई योजनाएं पहले से स्वीकृत हैं, लेकिन कार्यों की धीमी गति से जनता को समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विकास कार्यों की प्रगति की नियमित निगरानी करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विधायक विवेक शर्मा ने स्पष्ट किया कि उनके कार्यकाल का सबसे बड़ा लक्ष्य हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि कई गांव आज भी कच्चे रास्तों और खराब सड़कों के कारण विकास की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। इन गांवों तक पक्की सड़कों का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए पंचायतों को सक्रिय भूमिका निभाने की जरूरत है। इसके साथ ही, उन्होंने पंचायतों को निर्देश दिया कि वे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अन्य सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत सड़क नेटवर्क तैयार किया जा सके।

विधायक ने कहा कि हर घर जल योजना के तहत सभी ग्रामीण घरों को पाइप के जरिए साफ पानी पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कुछ पंचायतों में जलापूर्ति को लेकर समस्याएं सामने आई हैं, जिन्हें जल्द दूर किया जाएगा। इसके अलावा, स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों में स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी चर्चा की गई।

### बैठक में ये रहे मौजूद

**बैठक** में जिलाधीश ऊना जतिन लाल, जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, कांग्रेस के प्रदेश सचिव देसराज गौतम, बीडीसी सदस्य शोभित गौतम, जिला पार्षद उर्मिला शर्मा, अजय शर्मा के अलावा जिला के प्रशासनिक अधिकारी खंड विकास अधिकारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# धूप खिलते ही अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में लगा सैलानियों का मेला

**कमलेश वर्मा, केलांग**



कुल्लू व लाहौल-स्पीति में वीरवार को मौसम सुहावना रहा। दो दिनों की बर्फबारी और बारिश के बाद वीरवार को धूप खिलते ही कुल्लू जिले के सोलंगनाला सहित अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल व अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का मेला लग गया।

पर्यटकों ने साहसिक खेलों का आनंद लिया। उधर, विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अटल टनल रोहतांग फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल हो गया है, लेकिन पहले दिन में सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए ही खुला है। हालांकि अभी मनाली-केलांग मार्ग पर पर्यटक वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हो पाई है, लेकिन हालात सामान्य होने पर जल्द ही सभी पर्यटक वाहन अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल से आगे जा पाएंगे। दो दिनों से लाहौल घाटी में और मनाली व आसपास के इलाकों में बर्फबारी का दौर शुरू हुआ था, जो कि बुधवार तक जारी रहा। इससे टनल यातायात के लिए बंद हुई थी। बीआरओ की ओर से सड़क से बर्फ हटाने के बाद अभी टनल सिर्फ फोर बाई फोर वाहनों के लिए ही खोली है, जिसमें स्थानीय लोग ही सफर कर सकते हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि यदि शुक्रवार को भी मौसम साफ रहा तो फोर बाई फोर वाहनों से पर्यटक भी अटल टनल सहित लाहौल घाटी की ओर रवाना हो सकेंगे। फोर बाय फोर वाहन के चालक शालू ठाकुर, चंद्रसेन व खेम ने बताया कि टनल के नॉर्थ पोर्टल में सुबह के समय बर्फ जमने से दिक्कत हो रही है, लेकिन धूप खिलते ही सब सामान्य रहा है। वीरवार को काफी फोर बाय फोर वाहन पर्यटकों को लेकर टनल के नॉर्थ पोर्टल पहुंचे। सोलंगनाला के पर्यटन कारोबारी तुला ठाकुर व रमेश ने बताया कि आज सोलंगनाला में दिन भर धूप खिली रही। उन्होंने बताया कि कुछ एक फोर बाय फोर पर्यटक वाहन टनल के नॉर्थ पोर्टल गए, जबकि अधिकतर पर्यटकों ने खिली धूप के बीच सोलंगनाला मैदान में ही बर्फ का आनंद लिया।

स्की हिमालया की मैनेजर निर्मला ने बताया कि वीरवार को पर्यटक रोपवे के सुहाने सफर का आनंद लेते हुए फातरु पहुंचे और बर्फ से ढके फातरु की वादियों में घूमने का आनंद उठाया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि वीरवार को फोर बाय फोर वाहनों को अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल तक ही भेजा गया। उन्होंने बताया कि सभी पर्यटन स्थलों में खिली धूप के बीच पर्यटकों ने बर्फ का आनंद लिया। उन्होंने बताया कि अटल टनल के उस पर वाहनों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी। उधर, लाहौल घाटी की लोनिवि के अधीन आने वाली 165 सड़कों में से मात्र एक ही सड़क अभी बहाल हुई है और जनजीवन भी अभी पूरी तरह अस्त व्यस्त है। (अनंत ज्ञान)

## चंद्रा घाटी में हुआ हिमस्खलन

**लाहौल** घाटी में हालांकि अधिक हिमपात नहीं हुआ है, लेकिन हिमस्खलन की घटना सामने आने लगी है। वीरवार को चंद्रा घाटी में सिस्सू के सामने पीर पंजाल की पहाड़ी में हिमस्खलन हुआ। इस साल सर्दियों में नाममात्र हिमपात हुआ है, जिस कारण हिमस्खलन की घटना भी सामने नहीं आई है, लेकिन वीरवार को चंद्रा घाटी में पहली बार हिमस्खलन की घटना सामने आई है।

# मनाली के हामटा में स्वास्थ्य बिगड़ने से पर्यटक की मौत

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के हामटा में स्वास्थ्य बिगड़ने से पर्यटक की मौत हो गई है। पर्यटक अपने भाई व मंगेतर के साथ मनाली घूमने आया था और हामटा में बर्फ से बने घर इग्लू में ठहरा था।

मृतक की पहचान साईं प्रकाश एल शेट्टी पुत्र लक्ष्मण वी शेट्टी आरओ 4-5ए-139 शिरडी साईं क्रॉस गेटसोन कालोनी के रूप में हुई है। पुलिस को दिए बयान में मृतक के भाई ने बताया कि वह अपने भाई साईं प्रकाश व उनकी मंगेतर श्रुति के साथ चार फरवरी को मनाली घूमने आए थे व मनाली के सेथन में इग्लू में ठहरे थे। आज साईं प्रकाश का स्वास्थ्य बिगड़ा व इग्लू वालों की मदद से गाड़ी में बिठाया और मिशन अस्पताल पहुंचाया। मिशन अस्पताल में पर्यटक की मौत हो गई। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। मृतक के भाई के अनुसार पर्यटक की मौत स्वास्थ्य बिगड़ने से हुई है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### सड़क के भूमि अधिग्रहण को लेकर सीएम से मिला लाहौल का प्रतिनिधिमंडल

# लोगों को उचित मुआवजा देने की मांग



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

तांदी, संसारी किलाड़, थिरोट सड़क के भूमि अधिग्रहण को लेकर लाहौल का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू से मिला।

विधायक अनुराधा की अध्यक्षता में मिले प्रतिनिधिमंडल ने लाहौल के लोगों को उचित मुआवजा देने की मांग की। तांदी से संसारी नाला का विस्तारीकरण होना है, जिसके लिए विस्तारीकरण का कार्य सीमा संगठन द्वारा प्रस्तावित है। भूमि अधिग्रहण की सूचना भी जारी हो चुकी है। भूमि अधिग्रहण होने पर सर्किल रेट के निर्धारण को लेकर उपजे संशय के निराकरण के लिए किसान वर्ग चिंतित है कि उन्हें उनकी कृषि योग्य भूमि का पर्याप्त मुआवजा नहीं मिलेगा क्योंकि मौजूदा सर्किट रेट जो विभिन्न मुहालों तथा ईलाकों के लिए निर्धारित की गई है, वह बहुत कम हैं।

घाटी में किसानों की औसतन भू-मिल्कीयत दो हेक्टेयर से कम है। प्रतिनिधिमंडल ने 1968 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार जनजातीय इलाकों में सरकार की अनुमति के बिना भूमि का हस्तांतरण अर्थात क्रय -विक्रय, लीज, रहन या गिफ्ट के तौर पर गैर जनजातीय लोगों के पक्ष में नहीं हो सकती। इस प्रतिबंध के कारण लाहौल घाटी में केलांग और जिसपा को छोड़कर भूमि की खरीद फरोक्त न के बराबर है। घाटी में सर्किल रेट का निर्धारण बहुत ही कम हुआ है, जिनकी भूमि का अधिग्रहण हुआ है या अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित है, उन्हें न्याय संगत एवं उचित धनराशि मुआबजे के तौर पर मिले। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि इस विषय पर पहले भी मुख्यमंत्री सहित चीफ सेक्रेटरी औंकार से भी मुलाकात कर चुकी हैं और लगातार इस पर प्रयासरत हैं कि किसानों को भूमि का उचित मुआवजा मिले।

# रायसन में 9 करोड़ से लगेगी आरसीसी दीवार

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



कुल्लू जिले में स्थित रायसन गांव में जल शक्ति विभाग द्वारा 9 करोड़ रुपए की लागत से एक आरसीसी दीवार बनाई जाएगी।

यह दीवार 460 मीटर लंबी और 7 मीटर ऊंची होगी। इसका उद्देश्य बाढ़ के प्रभाव को कम करना है क्योंकि रायसन गांव बाढ़ की दृष्टि से बहुत संवेदनशील है। जल शक्ति विभाग ने इस परियोजना को एसकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी और आशापुरी कंस्ट्रक्शन कंपनी को सौंपा है। एसकेएस कंपनी ने अपना कार्य रायसन (चंडीगढ़) में शुरू कर दिया है और जल्द ही आशापुरी कंस्ट्रक्शन भी इस कार्य को आरंभ करेगी। अधिशाषी अभियंता कटराईं अनूप शर्मा ने बताया कि यह आरसीसी दीवार सात मीटर लगभग ऊंची लगाई जाएगी और दीवार शिरढ़ नाला से रायसन बस्ती को पूरा कबर कर के रायसन के नए पुल तक लंबी होगी। वीरवार को रायसन में जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार ठाकुर, अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा, सहायक अभियंता योगेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता जीत पठनिया व बाढ़ सुरक्षा दीवार कमेटी के अध्यक्ष राज कुमार सहित दोनों कंस्ट्रक्शन कंपनियों के लोग मौजूद रहे। अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार ठाकुर ने ठेकेदारों को तुरंत कार्य शुरू करने को कहा। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर कार्य का जायजा लिया। आरसीसी दीवार का कार्य शुरू करने पर रायसन पंचायत के प्रधान कर्म चंद ठाकुर, ज्योति प्रकाश, पाशवीर ठाकुर, कन्नू मियां, परवीन बौद्ध सहित स्थानीय लोगों ने मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़ व जल शक्ति विभाग का धन्यवाद प्रकट किया।

# ग्राहन नाला में ईको टूरिज्म के अंतर्गत परियोजना का होगा निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू के विधायक एवं साडा कमेटी के अध्यक्ष सुंदर ठाकुर ने कहा कि कसोल के साथ लगते ग्राहन नाले में ईको टूरिज्म के अंतर्गत साडा कमेटी के माध्यम से एक बड़ी परियोजना का निर्माण किया जाएगा, जिसमें नहाने के कुंड होंगे और साथ में यहां पर जो टूरिस्ट आते हैं, उनके लिए इंटरप्रिटेशन सेंटर होगा। उन्होंने कहा कि जो टूरिस्ट फैमिली के साथ आता है, उनके लिए यहां पर बाथ बनेंगे और गर्म पानी की जितनी थेरेपी होती हैं, वह सभी यहां उपलब्ध करवाई जाएंगी।

वन विभाग से ईको टूरिज्म के तहत इस जगह को लेंगे और जो गर्म पानी नदी में जाकर बर्बाद हो रहा है, उसको यहां पर लाया जाएगा और ड्रिलिंग से यहां पर गर्म पानी कि खोज भी की जाएगी, अगर वहां गर्म पानी निकला तो वह भी एक विकल्प रहेगा। उन्होंने कहा कि यहां एमआरएफ साइट का निर्माण भी किया जा रहा है। एमआरएफ साइट का मतलब है कि किसी अपशिष्ट पदार्थ कि रिकवरी फैसिलिटी, उसमें कोई यहां पर उसको जलाएगा नहीं, बल्कि उसको साफ करने का कार्य होगा। यह साइट साडा एरिया के लिए बहुत लाभकारी रहेगी कूड़ा निष्पादन के साथ टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

# एंट्रेंस एग्जाम 9 मार्च को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लद्दाख स्काउट रेजीमेंट सेंटर के लेफ्टिनेंट कर्नल विशाल द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के जिला लेह और कारगिल सहित हिमाचल प्रदेश के जिला लाहौल-स्पीति के अग्निवीर अभ्यर्थियों के लिए 9 मार्च को लद्दाख स्काउट रेजीमेंट सेंटर में कॉमन एंट्रेंस एग्जाम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने अग्निवीर परीक्षा के अभ्यर्थियों से उक्त परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड प्राप्त करने के लिए 8 फरवरी, 2025 को ड्रिल ग्राउंड, लद्दाख स्काउट रेजीमेंट सेंटर में रिपोर्ट करने के लिए कहा है।



बर्लिन में दिखा कुल्लवी परिधान का जादू, राष्ट्रीय समन्वयक महिला कांग्रेस व वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री विद्या नेगी अपने समूह के साथ कुल्लवी परिधान में पहुंची बर्लिन।

# ब्रह्मांड की जानकारी जुटा रहा मनाली का पांच वर्षीय सक्षम

**अनंत ज्ञान, मनाली**



मनाली के डीपीएस स्कूल का पांच वर्षीय छात्र सक्षम ब्रह्मांड की जानकारी जुटा रहा है। सक्षम मात्र 15 महीने की उम्र में सभी अल्फाबेट सीखकर मिरेकल ब्वॉय का खिताब जीत चुका है। 3 साल की उम्र में सक्षम ने दुनिया की किसी भी कार बनाने वाली कंपनी के लोगो की पहचान का रिकॉर्ड बनाया था।

5 साल की उम्र में सक्षम ने 195 देशों के झंडे, भाषा, मुद्रा और राजधानियों की जानकारी के साथ यंगेस्ट फ्लैग एक्सपर्ट ऑफ इंडिया का खिताब भी जीत चुका है। सक्षम की माता स्नेहा व पिता सागर ने मनाली में पत्रकारों से अपने अनुभव साझा किए। स्नेहा ने बताया कि गर्भ के तीन महीने बाद ही बच्चे के भविष्य को लेकर मेडिटेशन शुरू कर दिया था। इस बीच उन्होंने योगा के साथ भागवत गीता सहित धार्मिक पुस्तकें पढ़ीं। भजन सुनना दिनचर्या में शामिल किया। उन्होंने बताया कि सक्षम आम बच्चों से भिन्न है और हर चीज की जानकारी जल्द जुटा लेता है। सक्षम ठाकुर ने गूगल मैप पर असाधारण प्रतिभा दिखाते हुए यंगेस्ट मैप जीनियस ऑफ इंडिया का खिताब जीता। पिता सागर ने बताया कि सक्षम का नाम ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। उन्होंने बताया कि ओएमजी ने कुछ ही दिन पहले सक्षम के नाम की घोषणा की।

# हवन-यज्ञ से धार्मिक आयोजन संपन्न

**अनंत ज्ञान, आनी।** निथर उपतहसील में स्थित चेबड़ी गांव में भगवती माता के भव्य मंदिर में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का भव्य समापन हुआ। 4 से 6 फरवरी तक चले इस आयोजन में विशेष पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत 4 फरवरी को हुई, जब कलश स्वरूप में भगवती माता को ढगेनी स्थित माता भुवनेश्वरी के मंदिर ले जाया गया। 5 फरवरी की शाम करीब 6 बजे माता भगवती, माता ढगेनी के साथ वापस चेबड़ी मंदिर पहुंचीं। इस दौरान चेबड़ी की सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक रूप से माताओं का स्वागत किया। आयोजन के अंतिम दिन 6 फरवरी को हवन-यज्ञ और झाड़े का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें निथर क्षेत्र से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। मंदिर कमेटी के प्रधान चंद्रपाल शर्मा और कारदार होशियार चंद शर्मा सहित स्थानीय निवासियों ने बताया कि ढगेनी मंदिर में दोनों शक्तियों का मिलन अत्यंत भावुक क्षण था, जिसने सभी भक्तों की आंखें नम कर दीं। कार्यक्रम के समापन पर भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर कमेटी के अनुसार, जिस उद्देश्य से यह धार्मिक अनुष्ठान किया गया था, वह भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# हिमाचल में अब प्राकृतिक उत्पादों को जगह-जगह बेच सकते हैं किसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश में सरकार के द्वारा अब प्राकृतिक खेती कुशल योजना के तहत काम कर रहे किसानों को अपने उत्पाद बेचने के लिए जगह उपलब्ध करवाई जाएगी।

इसके लिए शिमला में एक मोबाइल वैन की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश के हर जिले के विकास खंड में किसान संगठनों के लिए कैनोपी भी उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि वे अपने खेतों में तैयार प्राकृतिक कृषि उत्पादों को बेच सके। हिमाचल में सरकार के द्वारा इस दिशा में कड़े कदम उठाए जा रहे हैं और जल्द ही प्राकृतिक उत्पादों को बेचने के लिए किसानों को अब दिक्कत का सामना नहीं करना होगा। जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कृषि विभाग की आत्मा परियोजना निदेशक डॉक्टर रितु गुप्ता ने बताया कि जिला कुल्लू के 6 विकास खंड में भी इसी योजना के तहत कार्य किया जाएगा और 14 कैनोपी किसान उत्पादक संगठनों को उपलब्ध करवाई जाएगी। आने वाले समय में भी विभिन्न मेलों तथा प्रदर्शनियों में किसान उत्पादक संगठनों को स्टॉल भी मुफ्त में उपलब्ध करवाया जाएगा।

डॉ. रितु गुप्ता ने बताया कि कुल्लू के बंजार उपमंडल की चकुरठा पंचायत में भी किसान उत्पादक संगठन बनाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है और दूसरा संगठन मनाली के सर सेई में तैयार किया जाएगा। इसमें विभिन्न किसानों को जोड़ा जाएगा और इस साल में राष्ट्रीय कृषि खुशहाल योजना के तहत हर पंचायत से 10 किसानों को जोड़ने की योजना बनाई गई है। ऐसे में हर पंचायत में आत्मा परियोजना के तहत प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे और जहर मुक्त खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित किया जाएगा।

# मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कुल्लू द्वारा विभिन्न इकाइयों में कॉलेज के प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी अपनी स्थापना से ही छात्र हित और राष्ट्रीय हित में कार्य करती आ रही है। इसी संदर्भ में पिछले लंबे समय से जो एबीवीपी की प्रांत स्तरीय मांगें रही हैं और जो भी शिक्षण संस्थानों की स्थानीय मांगे हैं, उनको लेकर एबीवीपी ने ज्ञापन सौंपा यह ज्ञापन पूरे प्रांत में सभी शिक्षण संस्थानों में शिक्षण संस्थान के मुख्य अधिकारी को दिया गया, जिसमें उन्हें प्रांत स्तरीय और अपने जिला स्तरीय और शिक्षण संस्थान की समस्याओं से अवगत करवाया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आने वाले कुछ दिनों में हस्ताक्षर अभियान होना है और आने वाले समय में धरना-प्रदर्शन होना है। भूख-हड़ताल होना है यह सभी आंदोलन पूरे प्रांत स्तर में किए जाएंगे।

# स्कूटी पर सवार होकर दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक बाइक रैली का आयोजन किया गया।

इस मौके पर लगभग 60 महिला, युवती और किशोरियों ने 30 स्कूटियों में सवार होकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस रैली की अगुवाई महिला पुलिस के वीरांगना दस्ते ने की। एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाई। जिला कार्यक्रम अधिकारी गजेंद्र ठाकुर ने बताया कि आगामी महिला दिवस तक इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिसमें प्रसव पूर्व लिंग जांच अधिनियम और बाल विवाह प्रतिषेद्ध अधिनियम के प्रावधानों पर जनता को जागरूक किया जाएगा। रैली में भाग लेने वाली किशोरियों सौम्या, नीलम और पल्लवी ने कहा कि इस रैली में प्रतिभागी बनकर वे उत्साहित हैं और बेटियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन सहायक सिद्ध होंगे।

**मांग** पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति की बैठक आयोजित

# मेडिकल बिलों का जल्द किया जाए भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



पथ परिवहन कल्याण संगठन कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति की बैठक सूदन सिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें लगभग 70 के करीब पेंशनर्स ने भाग लिया। सभी उपस्थित पेंशनर्स ने मांग की कि सरकार एवं प्रबंधन उनकी पेंशन का स्थायी समाधान निकाले, जिससे पेंशन हर माह की पहली तारीख को उपलब्ध हो सके, ताकि सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े। दूसरा उन्होंने यह भी मांग की परिवहन निगम से जो पेंशनर जनवरी-2016 से मई-2022 तक सेवानिवृत्त हुए हैं, उन कर्मचारियों को नए वेतनमान के अनुसार वित्तिय लाभ जल्द जारी किए जाएं।

उम्र के इस पड़ाव में अधिकतम पेंशनर बीमार हैं और उन्हें पिछले तीन वर्षों से मेडिकल बिलों की अदायगी नहीं की जा रही है और पेंशन भी बिलंब से मिलने के कारण सभी मरीजों को भारी आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है समय पर उपचार न होने के कारण पूरे प्रदेश में प्रत्येक दिन किसी न किसी पेंशनर की मौत हो रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार और प्रबंधन समान रूप से उत्तरदायी है। सभी पेंशनर्स ने मांग की है कि उनके मेडिकल बिलों का भुगतान जल्द किया जाए, ताकि बीमार पेंशनर अपना ईलाज समय पर करवा सकें। पथ परिवहन कल्याण संगठन कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के महासचिव एवं प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य गौरी लाल भारती ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री घोषणाएं तो कर देते हैं, लेकिन घोषणाओं पर अमल नहीं करते शायद उनकी स्मृति कमजोर पड़ गई है। इस प्रकार उन्होंने परिवहन निगम के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती समारोह में पेंशनर्स के मेडिकल बिलों की अदायगी के लिए 12 अक्तूबर 2024 को 9 करोड़ रुपए की घोषणा की थी, लेकिन आज तक नौ करोड़ तो छोड़ो नौ रुपए नहीं आए। इससे साफ प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री जिनके पास परिवहन निगम का स्वतंत्र प्रभार भी है वह निगम के पेंशनर्स को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

सभी उपस्थित सदस्यों ने मांग की है कि उनके मेडिकल बिलों की अदायगी जल्द की जाए। जनवरी 2025 से वर्तमान तक लगभग 215 लोग सेवानिवृत्त हो गए हैं, लेकिन बहुत हैरानी की बात है कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद भी उन्हें अभी तक पेंशन/ पीपीओ नंबर तक जारी नहीं किया गया है।

एक वर्ष की बीत जाने के बाद भी अभी तक उपरोक्त पेंशनर्स की पेंशन के लिए कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उपरोक्त कर्मचारियों को जल्द पीपीओ नंबर जारी किए जाएं। सभी पेंशनर्स ने सरकार व प्रबंधन से मांग की है कि उनकी उपरोक्त मांगों का जल्द निपटारा किया जाए अन्यथा पूरे प्रदेश में प्रदेश व्यापी आंदोलन की शुरुआत की जाएगी।

# रोनिका ने दिया सबसे अच्छा भाषण

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी के राजकीय डिग्री कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में रोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जीतेंद्र और सुनिधि ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया। अंजलि और करुणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रोफेसर अशोक कुार और प्रोफेसर पम्पी घमटा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. धन प्रकाश ने मुख्यातिथि का स्वागत किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन मिस लवली ने किया। मुख्यातिथि डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने अपने संबोधन में छात्रों को सड़क सुरक्षा की महत्ता और सरकारी संस्थानों में इस तरह के कार्यक्रमों की प्रासंगिकता के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर नरेंद्र पॉल विष्ट, अधीक्षक गोपाल शर्मा, प्रोफेसर विनोद कुमार, प्रोफेसर संजय दत्त और प्रोफेसर विजय कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बंजार में न्यायालय भवन के निर्माण के कारण धंस रहा क्षेत्र



विधायक सुरेंद्र शौरी ने किया निरीक्षण, सुरक्षा और सुविधा के कदम उठाने के दिए निर्देश।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार में न्यायालय भवन का निर्माण कार्य जोरों पर है, लेकिन न्यायालय भवन के निर्माण के कारण साथ लगता क्षेत्र भूस्खलन की चपेट में आ चुका है। न्यायालय के निर्माणाधीन भवन के साथ लगते बीडीओ व अन्य कर्मचारी आवास क्षतिग्रस्त हुए हैं। लगातार भूस्खलन के कारण 4 करोड़ की लागत से बने ब्लॉक भवन को भी खतरा पैदा हो गया है।

स्थानीय लोगों व क्षेत्र की समस्याओं को देखते हुए बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने विकास खंड अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष व विकासखंड समिति अध्यक्ष के साथ भूस्खलित हो रहे क्षेत्र का निरीक्षण किया व मौके का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने ब्लॉक भवन व अन्य आवासीय भवनों की स्थिति का मूल्यांकन किया और इसके बचाव के लिए आवश्यक कदम उठाने पर चर्चा की। विधायक शौरी ने कहा है कि सरकारी संसाधनों की सुरक्षा, स्थानीय जनता व कर्मचारियों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। न्यायालय के भवन कार्य में अच्छी प्रगति हो रही है, लेकिन साथ लगते बने हुए अन्य भवनों की सुरक्षा के लिए भी समय रहते आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। सुरेंद्र शौरी ने बताया कि अधिशाषी अभियंता बंजार को इस निर्माण कार्य की स्थिति पर करीबी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं व साथ लगते भवनों की सुरक्षा व स्थिति को बेहतर करने के लिए कार्य करने के आदेश दिए हैं।

# चनौन पंचायत को आज मिलेगा अटल ज्ञान केंद्र

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार घाटी की पंचायत चनौन के अंतर्गत घर्टगाड़ में अब युवाओं को घरद्वार पर ही पुस्तकालय की सुविधा मिलेगी। शुक्रवार को पंचायत चनौन के अंतर्गत घर्टगाड़ में अटल ज्ञान केंद्र जनता की सुविधा के लिए शुरू किया जाएगा।

इस पुस्तकालय भवन का लोकार्पण बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में स्थानीय जनता व साथ लगती पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधि व जनता भी भाग लेगी। स्थानीय पंचायत प्रधान चेत राम ठाकुर ने कहा कि व यह पुस्तकालय हमारे ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा और ज्ञान के प्रसार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि अटल ज्ञान केंद्र हमारे क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और हमारे युवाओं को एक उज्ज्वल भविष्य प्रदान करेगा। उन्होंने विधायक सुरेंद्र शौरी का आभार जताया, जिनके मार्गदर्शन व वित्तपोषण से यह योजना संभव हुई है।

# पानी की दरों में चार गुना वृद्धि के खिलाफ सोलन भाजपा ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**आर मोहन चौहान, सोलन**

प्रदेश सरकार ने जल शक्ति विभाग से सोलन नगर निगम को मिल रहे पानी की दरों में करीब चार गुना बढ़ोतरी के खिलाफ भाजपा ने हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। पिछले तीन दिनों में शहर के वार्ड क्षेत्रों में करीब 5 हजार लोगों के हस्ताक्षर जुटाने का दावा किया जा रहा है।

भाजपा शहरी मंडल सोलन के अध्यक्ष और वार्ड-9 के पार्षद शैलेंद्र गुप्ता का कहना है कि जब तक प्रदेश सरकार नोटिफिकेशन को वापस नहीं लेगी हस्ताक्षर अभियान जारी रहेगा। भाजपा बढ़ी दरों के खिलाफ 7 फरवरी को सोलन में विरोध-प्रदर्शन भी करने जा रही है। हालांकि नगर निगम ने बढ़ी हुई दरों को फिलहाल लागू नहीं करने और इस नोटिफिकेशन को वापस लेने का प्रस्ताव पारित कर सरकार को भेज चुकी है। इतना ही नहीं मेयर और अन्य कांग्रेसी पार्षद मुख्यमंत्री से मिलकर पानी की बढ़ी दरों को वापस लेने की मांग भी कर चुके हैं।


पानी की दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ शहर में हस्ताक्षर अभियान चलाती भाजपा।

वहीं, चुनावी वर्ष में पानी की दरों में बढ़ोतरी कांग्रेस के लिए गले की फांस बन गई है। इससे नगर निगम के उन कांग्रेसी पार्षदों की चिंता भी बढ़ी है, जो आगामी चुनाव में दोबारा चुनाव लड़ने के सपने देख रहे हैं। यदि सरकार अपने निर्णय पर अड़िग रही, तो नगर निगम सोलन के अंतर्गत आने वाले सोलन निवासियों को मासिक पानी के बिलों में लगभग चार गुना वृद्धि का सामना करना पड़ेगा। हालांकि चौतरफा विरोध के चलते सरकार जल्द इस निर्णय को वापस ले सकती है। बता दें कि संशोधित दर 27.71 रुपए प्रति किलो लीटर से बढ़ाकर 100 रुपए की गई है, जो जनता के लिए एक झटका है।

हालांकि यह वृद्धि निगम चुनावों के दौरान किए गए पहले के वादे के विपरीत है, जिसमें प्रति घर 100 रुपए की रियायती दर पर पानी की आपूर्ति की गई थी। फिलहाल स्थानीय उपभोक्ताओं को अभी तक नई दरों को दर्शाते हुए बिल नहीं मिले हैं, लेकिन यह बदलाव पहले से ही चिंता का विषय हैं।

जल शक्ति विभाग ने 21 सितंबर, 2024 को जारी एक अधिसूचना के माध्यम से सोलन और पालमपुर एमसी के लिए यह मूल्य वृद्धि शुरू की, जब राज्य सरकार ने पूरे राज्य में पानी के शुल्क में संशोधन किया। (अनंत ज्ञान)

## सरकार इस पर जल्द लेगी निर्णय : मेयर



**सोलन** नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पानी की दरों में बढ़ोतरी के निर्णय को वापस लेने का आश्वासन दिया है। जल्द सरकार इस पर निर्णय लेगी। भाजपा के पार्षद राजनीति चमकाने के लिए लोगों को गुमराह कर रहे हैं। निगम ने हाउस में बढ़ी हुई दरों को लागू नहीं करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पार्षदों द्वारा सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार से संशोधित दरों को वापस लेने का आग्रह किया गया है।

## निगम पर 107 करोड़ से अधिक की देनदारी

**इन** दोनों नगर निकायों में जेएसडी द्वारा पानी की आपूर्ति की जाती है इसलिए उन पर बढ़े हुए शुल्क लगाए गए हैं, जबकि अन्य नगर निकाय अपनी जलापूर्ति का प्रबंधन स्वयं करते हैं। नतीजतन, नवंबर, 2024 से जेएसडी से पानी के लिए शुल्क में काफी वृद्धि हुई है, जिससे पहले से ही आर्थिक रूप से बोझिल एमसी पर और अधिक दबाव बढ़ गया है, जो 107 करोड़ रुपए से अधिक की देनदारी है। बढ़ी हुई दरों ने नगर निगम की मासिक जलापूर्ति लागत में काफी वृद्धि की है। उदाहरण के लिए, गिरि योजना से लिए जाने वाले पानी का मासिक शुल्क 50.36 लाख रुपए से बढ़कर 2.04 करोड़ रुपए हो गया है और अश्वनी योजना से यह 16.64 लाख रुपए से बढ़कर 55 लाख रुपए हो गया है। ये नई दरें अक्तूबर 2024 से उपभोक्ताओं को दी जाने वाली हैं। भाजपा पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सितंबर 2024 में अधिसूचना जारी होने के बावजूद उन्हें संशोधित शुल्कों के बारे में सूचित नहीं किया गया। गुप्ता ने इन बढ़े हुए शुल्कों को अत्यधिक करार देते हुए कहा कि निवासियों पर अनावश्यक बोझ डाला गया है।

# 13 वार्डों के विकास पर खर्च होंगे 52 लाख

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर परिषद नाहन द्वारा शहर के विकास को लेकर हाल ही में हुए नगर परिषद के जनरल हाउस में कई अहम फैसले लिए गए हैं। इसमें शहर के 13 वार्डों में विकास कार्यों को गति देने के मकसद से 52 लाख की राशि खर्च की जाएगी। मीडिया से बात करते हुए नगर परिषद नाहन के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर ने बताया कि नगर परिषद के 13 वार्डों में 52 लाख विकास कार्यों पर खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि 1 फरवरी को आयोजित नगर परिषद के जनरल हाउस में पार्षदों की डिमांड पर यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि फैसले के मुताबिक प्रत्येक वार्ड के विकास कार्य पर चार-चार लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इसमें गली नाली सड़क और डंगे आदि का निर्माण किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नगर परिषद में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता को पार्षदों से मिलकर उनके वार्ड में होने वाले विकास कार्यों की सूची बनाने के बाद एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए गए हैं। एस्टीमेट बन जाने के बाद ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। इसके बाद इन कार्यों को अवॉर्ड किया जाएगा।

# नाहन मेडिकल कॉलेज में डिलीवरी के दौरान मां व नवजात की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

मेडिकल कॉलेज नाहन में डिलीवरी के बाद नवजात सहित मां की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से जहां परिवार पर दुखों का पड़ाह टूट पड़ा, तो वहीं अस्पताल में मौके पर मौजूद स्टाफ सहित अन्य लोगों की आंखें भी नम हो गईं।

जानकारी के मुताबिक गत मध्यरात्रि उपमंडल पांवटा साहिब से एक गर्भवती महिला बीनू (34) पत्नी सुरेश की हालत गंभीर होने की वजह से उसे मेडिकल कॉलेज नाहन रेफर किया गया था। अभी महिला को ऑप्रेशन थियेटर में सिजेरियन के लिए शिफ्ट ही किया जा रहा था कि ऑप्रेशन से पहले ही सुबह करीब 6 बजे महिला की डिलीवरी हो गई, लेकिन अधिक रक्त स्त्राव के कारण महिला ने दम तोड़ दिया और बच्चा भी मृत अवस्था में पैदा हुआ। अपनी पत्नी और बच्चे की मौत की खबर सुनते ही उसके पति सुरेश के साथ-साथ परिवार पर भी दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बताया जा रहा है कि महिला की ये पांचवीं डिलीवरी थी। ऐसे में अन्य संतानों के सिर से भी उनकी मां का साया उठ गया। मां की मौत से बच्चों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से गोरखूवाला क्षेत्र में भी शोक की लहर दौड़ गई है। मेडिकल कॉलेज नाहन के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमिताभ जैन ने बताया कि महिला करीब साढ़े 7 महीने की गर्भवती थी। यह उसकी पांचवीं डिलीवरी थी, लेकिन यहां ऑप्रेशन से पहले नवजात समेत महिला ने भी दम तोड़ दिया। मेडिकल कॉलेज नाहन के एमएस डॉ. अमिताभ जैन ने बताया कि उपमंडल पांवटा साहिब से एक गर्भवती महिला बीनू (उम्र 34 साल) को मेडिकल कॉलेज लाया गया।

हालत गंभीर होने की वजह से बीनू को नाहन रेफर किया गया क्योंकि महिला की प्रीमैच्योर डिलीवरी थी। लिहाजा यहां महिला के ऑपरेशन (सिजेरियन) की तैयारी की गई। अभी महिला को ऑपरेशन थियेटर में शिफ्ट ही किया जा रहा था कि ऑपरेशन से पहले ही महिला की डिलीवरी हो गई, लेकिन हैवी ब्लीडिंग के कारण महिला बीनू ने दम तोड़ दिया और बच्चा भी मृत अवस्था में पैदा हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### महंगाई भत्ते की किस्त जारी करने की मांग

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन सराहां यूनिट की मासिक बैठक यूनिट अध्यक्ष नरेश दत्त शर्मा की अध्यक्षता में सराहां में संपन्न हुई। बैठक में जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के दौरान रिटायर हुए पेंशनरों की बकाया देय राशि व महंगाई भत्ते की चार प्रतिशत किस्त का बकाया भुगतान नहीं किए जाने पर सरकार की निंदा की गई तथा जल्द से जल्द बकाया देय राशि का भुगतान करने की मांग की गई। बैठक में नरेश जस्सल, राम सिंह कश्यप, प्रमोद गौतम, जगत राम शर्मा, ओम प्रकाश, मनमोहन सिंह, चंद्र मोहन कैंथ, राम स्वरूप शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, श्याम सुंदर सहित लगभग तीस सदस्यों ने भाग लिया।

### आज व कल होम लोन एक्स्पो का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन स्थित सेब मंडी में 7 व 8 फरवरी को होम लोन एक्स्पो का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पंजाब नेशनल बैंक, सोलन के मंडल प्रमुख दया नंद कर्दम ने दी। दया नंद कर्दम ने कहा कि इस एक्सपो में होम लोन लेने वाले ग्राहकों से बैंक द्वारा प्रोसेसिंग/अपफ्रंट फीस नहीं ली जाएगी। उन्होंने कहा कि टेक ओवर वाले मामलों के लिए कानूनी और मूल्यांकन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। गृह ऋण पर ब्याज 8.4 प्रतिशत की दर से प्रारंभ होगा।

### शीतलपुर में 200 रोगियों की जांची आंखें

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** महावीर इंटरनेशनल वीरा सेंटर नालागढ़ की ओर से वीरवार को बद्दी के शीतलपुर में भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड ने नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में 200 से अधिक मरीजों की आंखों की जांच की। शिविर में नेत्रों की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, एचबी, ईसीजी की जांच कर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया। इस दौरान लोगों को निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं।

# कैंसर के इंजेक्शन बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग, मजदूर घायल, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

औद्योगिक क्षेत्र नालागढ़ के तहत लोधी माजरा मार्ग पर कैंसर के इंजेक्शन बनाने वाली बीटा नामक फैक्टरी में बीती रात अचानक आग लग गई।

आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है और जैसे ही ऊपरी मंजिल में शॉर्ट सर्किट हुआ, तो उसमें आग फैल गई पहले प्रोडक्शन के इंजेक्शन एरिया में आग लगी और जैसे ही वहां से धुआं निकलना शुरू हुआ तो वहां कार्यरत कर्मचारी सभी बाहर निकल गए और देखते-देखते आगे ने आसपास के एरिया को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना के बाद दमकल विभाग नालागढ़ की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन आग लगने के कारण एक मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है और आग लगने के कारण फैक्टरी में लाखों के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। फैक्टरी के एचआर मैनेजर भीम सिंह से बातचीत की तो उन्होंने बताया कि प्रोडक्शन के इंजेक्शन एरिया में आग लगी और वहां से धुआं उठना शुरू हुआ और उसके बाद सभी मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया, उसके बाद दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। उन्होंने कहा कि आग लगने से कोई ज्यादा जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन धुएं के कारण एक मजदूर का दम घुट गया था, लेकिन उसे निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है।

**शॉर्ट सर्किट के कारण लगी बीटा नामक फैक्टरी में आग**

# जतिन जस्टिस बोर्ड सोलन के सदस्य

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जतिन साहनी को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा सीडब्ल्यूसी जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड सोलन का सदस्य नामित किया है। यह नामांकन बच्चों के कल्याण और संरक्षण के लिए जतिन साहनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



जुवेनाइल जस्टिस अधिनियम-2015 के तहत, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड का गठन बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके संरक्षण के लिए किया गया है। इस बोर्ड के सदस्यों को बच्चों के हित में निर्णय लेने और उनके कल्याण के लिए काम करने की जिम्मेदारी दी जाती है। जतिन साहनी का नामांकन इस बोर्ड में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को दर्शाता है और यह उम्मीद की जाती है कि वह बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# गहनों सहित मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस ने थाना सोलन के तहत घर का ताला चोरी कर करीब साढ़े पांच लाख के सोने व चांदी के गहने व एक मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक सोलन निवासी नरेश ठाकुर ने पुलिस थाना सदर सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 6 जनवरी को शाम 6 से 7 बजे के बीच में कोई नामालूम शख्स इनके मकान का ताला तोड़कर कमरा में रखी लोहे की अलमारी को तोड़कर उसमें से सोने व चांदी के गहने व एक मोबाइल चोरी करके ले गया। चोरी हुए सामान की कीमत लगभग 5,50,000 रुपए है, जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना सदर सोलन में पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा मौके का तकनीकी विश्लेषण कर उक्त मामले में चोरी हुए सामान व आरोपियों की तलाश लगातार जारी रखी। 5 को पुलिस थाना सदर सोलन की टीम ने उक्त मामले में आरोपी व चोरी हुए गहनों की तलाश में मुस्तैदी से काम करते हुए आरोपी को मुकाम देंहुघाट में ट्रेस कर उससे गहनता से पूछताछ की व उसके द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल के बारा में पूछा, तो उसने बताया कि यह मोबाइल इसने सोलन में एक मकान से चोरी किया है, जिस पर उसे पूछताछ के लिए पुलिस थाना



सदर सोलन लाया गया तथा उक्त मोबाइल की शिनाख्त शिकायतकर्ता से करवाई गई, जिसे शिकायतकर्ता ने चोरी हुआ मोबाइल अपना शिनाख्त किया, जिस पर आरोपी सैमुअल कुमारहटटी तह व जिला सोलन को इस मामले में गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से एक चोरी हुआ मोबाइल बरामद कर पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य चोरी हुए सामान की बरामदगी की जा रही है। जांच के दौरान पाया कि यह आरोपी पहले भी आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहा है, जिसके खिलाफ पुलिस थाना सदर सोलन में वर्ष-2024 में एक चोरी का मामला दर्ज हुआ था। मामले में जांच जारी है।

# 20 से सिरमौर जिले में चलाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला सिरमौर द्वारा 20 फरवरी से जिला सिरमौर में राष्ट्रीय कृमि कार्यक्रम अभियान चलाया जाएगा, जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा गत दिवस मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी ब्लॉक के मेडिकल ऑफिसर ,आशा को-ऑर्डिनेटर, पर्यवेक्षक व सीएचओ उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनोद सांगल ने प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ. अजय पाठक ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के 172526 बच्चों को एल्बेंडाजोल और 1 से 5 वर्ष के 40204 बच्चों को विटामिन-ए की खुराक देने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 646 आशा और 42 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को एल्बेंडाजोल और विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बच्चों की आंतो में कीड़े होने से बच्चे एनिमिया के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 1480 सरकारी, 169 गैर-सरकारी स्कूल तथा 1573 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जहां पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, स्कूल अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पंचायत प्रधानों, सदस्यों व सभी लोगों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करें।

# सीमेंट कंपनी पर वादों को पूरा ने करने के लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सब उपमंडल पंचायत सुधार सभा दाड़लाघाट के लोगों ने अंबुजा सीमेंट कंपनी द्वारा किए गए वादों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया है।

सभा महासचिव प्रेम केशव ने कहा कि कंपनी ने प्लांट लगाने से पहले स्थानीय लोगों से कई वादे किए थे, जिनमें रोजगार, भूमि की लीज और प्रदूषण नियंत्रण शामिल थे, लेकिन कंपनी ने इन वादों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा खराब पड़ी भूमि की लीज बिना कारण बंद की गई है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। इसके अलावा प्रदूषण के कारण पशुओं के चारे का खराब होना और बीमारियों के कारण पशुओं पर उल्टा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि कंपनी प्रबंधन को बार-बार कहने पर कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है, जो बहुत ही दुखद है। कंपनी के इस रवैये से स्थानीय लोगों में बहुत नाराजगी है। इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय लोगों ने कंपनी प्रबंधन से मांग की है कि वे अपने वादों को पूरा करें और स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि अगर कंपनी ने अपने वादों को पूरा नहीं किया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। रेलिंग की फिटिंग भी जगह-जगह से खराब पड़ी है, जिससे लोगों को खतरा होता है। उन्होंने कहा कि कंपनी प्रबंधन को इस समस्या का समाधान करना चाहिए।

# डीसी साहब! जल्द करवाएं व्यापार मंडल सोलन के चुनाव



**अनंत ज्ञान, सोलन**

व्यापार मंडल सोलन के चुनाव का मुद्दा गरमा गया है। चुनाव लंबित होने से नाराज कुछ व्यापारी डीसी सोलन मनमोहन शर्मा से मिले। उन्होंने व्यापार मंडल सोलन के चुनाव जल्द करवाने की मांग की।

गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से व्यापार मंडल का सदस्यता अभियान भी चला हुआ है, जिसके चलते नए सदस्यों को व्यापार मंडल में जोड़ा जा रहा है, लेकिन व्यापारियों का कहना है कि इस सदस्यता अभियान में भी व्यापारियों को पिक एंड चूज किया जा रहा है। इसके चलते व्यापारियों में काफी रोष देखने को मिल रहा है। डीसी मनमोहन शर्मा ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस मामले में उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने के लिए 7 से 8 व्यापारी डीसी कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन में लगभग 100 से अधिक व्यापारियों ने अपने हस्ताक्षर किए हैं।

# डीसी ने पैरा ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता विरेंद्र सिंह को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर सुमित खिम्टा ने पैरा ओलंपिक एथलेटिक्स मीट में भारत का प्रतिनिधित्व कर स्वर्ण पदक विजेता वीरेंद्र सिंह को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए शाल व टोपी भेंटकर सम्मानित किया।



उन्होंने कहा कि विरेंद्र सिंह ने संयुक्त अरब अमीरात के शारजहां में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर देश व प्रदेश के साथ-साथ सिरमौर जिले का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि विरेंद्र सिंह सिरमौर जिले के श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के लगनू गांव के दिव्यांग धावक ने स्वर्ण पदक जीतकर युवाओं के लिए एक मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि विरेंद्र सिंह ने दिव्यांगता को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया, जबकि जीत और मेहनत कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। विरेंद्र सिंह की इस उपलब्धि पर जिला सिरमौर सहित प्रदेश भी गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने बताया कि विरेंद्र सिंह ने 1500 व 800 मीटर दौड़ में भी देश को रजत पदक दिलाया है।

# पंचायत सदस्य के निधन पर की शोक सभा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत धुंदन में एक आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें वार्ड मेंबर स्वर्गीय सुख राम के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। पंचायत प्रधान शकुंतला शर्मा ने बताया कि सुख राम का निधन पूरी पंचायत के लिए बहुत दुखद है। उन्होंने अपने पीछे बूढ़ी मां, पत्नी और तीन बेटियां छोड़ी हैं। सुख राम ने अपने वार्ड में कई सराहनीय कार्य किए हैं, जो पंचायत इतिहास में हमेशा याद रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि सुख राम एक समर्पित और मेहनती व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने वार्ड के लोगों के लिए हमेशा काम किया। उनकी मृत्यु से पूरी पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई है। सुख राम ने मार्च के बाद एक बावड़ी बनाने का संकल्प लिया था, जिसे पंचायत पूरा करेगी और यह बावड़ी उनके नाम पर बनाई जाएगी। यह एक श्रद्धांजलि होगी उनके योगदान और सेवा के लिए।

# सिरमौर की 2,400 बीघा जमीन पर लहलहाएगी अमरूद की खेती

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला सिरमौर में सब ट्रॉपिकल फ्रूट में अमरूद की खेती को लेकर एचपी शिवा प्रोजेक्ट एक नई फ्रूट क्रांति की ओर कदम बढ़ाने जा रहा है। एक और जहां ऊपरी हिमाचल में सेब प्रदेश की आर्थिकी में महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

वहीं आने वाले कुछ समय में जिला सिरमौर बेहतर किस्म के अमरूदों की खेती के लिए भी पहचाना जाएगा। इस पहल के तहत जिला सिरमौर की 2,400 बीघा जमीन में अमरूद की खेती का लक्ष्य रखा गया है। योजना के प्रथम चरण में ही 28 हेक्टेयर जमीन पर अमरूद के बगीचे तैयार कर दिए गए हैं। अमरूद के बगीचों के लिए एडीबी बैंक की ओर से की जाने वाली फंडिंग से इस योजना को अंजाम दिया जा रहा है। हॉर्टिकल्चर विभाग द्वारा इस योजना के लिए जिले में 17 क्लस्टर बनाए गए हैं, जिसमें फिलहाल नाहन और पांवटा साहिब के किसानों को शामिल किया गया है।

इस योजना के तहत नाहन के डूंगी सैर की 3.78 हेक्टेयर, जमटा महीपुर रोड क्षेत्र के जुड़ग में 5 हेक्टेयर, सिंबलवाड़ा में 8.10 हेक्टेयर, नाहन के बुडड़ियों में 4 हेक्टेयर और खैरी चांगण में 7 हेक्टेयर जमीन पर अमरूद के बगीचे तैयार कर दिए गए हैं। हॉर्टिकल्चर विभाग की ओर से किसानों को लगातार अमरूद की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पांवटा साहिब इलाके के किसान फिलहाल इस योजना में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इसकी बड़ी वजह है कि यहां के किसान गेहूं और धान की फसल को उगाने में ही ज्यादा रुचि रखते हैं। हालांकि, विभाग के विषय विशेषज्ञ किसानों को अमरूद के बगीचे के साथ-साथ अन्य कैश क्रॉप को लेकर भी अवगत करवा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**सुविधा** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने किए 69. 50 लाख रुपए के उद्घाटन

# शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे बड़े बदलाव

**अनंत ज्ञान, सोलन**

प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने वाले बच्चों को गुणात्मक शिक्षा घरद्वार पर उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्प है, जिसके लिए शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं।

यह उद्गार विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने ग्राम पंचायत महिपुर के गांव चोरटीया-बनोगटा की एससी बस्ती में 2.5 लाख रुपए से बने नवनिर्मित महिला मंडल भवन तथा पंचायत कमलाहड़ में 67 लाख रुपए से बने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कमलाहड़ के नए भवन का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने स्कूल स्टाफ व स्थानीय लोगों को स्कूल भवन की बधाई दी। इसके अलावा उन्होंने लोक निर्माण विभाग को 1 साल से कम समय में स्कूल भवन को तैयार करने के लिए भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहले ग्राम पंचायत कमलाहड़ एक बहुत बड़ी पंचायत हुआ करती थी और इस पंचायत का बहुत बड़ा क्षेत्र होता था। इसके उपरांत कटाह शीतला को इसे अलग कर काटा शीतल पंचायत बनाई गई। सम्राट पंचायत में अधिकतर विकास कार्य कांग्रेस सरकार द्वारा करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी की बसों की समय सारिणी को देखते हुए इस रोड पर एक प्राइवेट बस चलाई जाएगी, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।


विकास कार्यों के उद्घाटन करते विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलाव करने जा रही है और राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों के माध्यम से प्रदेश सरकार ने इसकी शुरुआत करते हुए प्रदेश में 10 विधानसभा क्षेत्रों में डे-बोर्डिंग स्कूलों का कार्य आरंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में विद्यार्थियों को सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, ताकि वह आत्मविश्वास के साथ जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कर सके।

उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने स्टाफ का प्रावधान किए बिना अनेक स्कूल खोल दिए, जबकि वर्तमान सरकार ने फैसला लिया कि इन स्कूलों को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक इनमें पर्याप्त स्टाफ का प्रावधान नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार की नीतियों के कारण ही गुणात्मक शिक्षा का स्तर काफी गिरा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को गुणात्मक सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रयास कर रही है और शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर सुधार किया जा रहा है। उन्होंने स्कूल में बने मंच की छत बनाने का आश्वासन भी दिया। इससे पूर्व बलिंदर पुंडीर रिटायर्ड शास्त्री व रिटायर्ड सीएचटी अशोक ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया।

# साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी साझा की

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय महाविद्यालय सराहां की साइबर जागरूकता सैल एवं एनएसएस इकाई ने 'साइबर जागरूकता' कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय लेक्चर हॉल में साइबर जागरूकता विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

प्रो. दिनेश कुमार (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी) ने प्रो. जगमोहन ठाकुर (कार्यवाहक प्रिंसिपल, राजकीय महाविद्यालय, सराहा), स्त्रोत व्यक्ति प्रो. प्रियंका सराव (सह-आचार्य वाणिज्य विभाग) प्रो. सुदेश कुमार (संयोजक साइबर जागरूकता सैल) अन्य आचार्यों, कार्यालय कर्मचारियों व विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। तत्पश्चात स्रोत व्यक्ति प्रो. प्रियंका सराव ने छात्रों को विभिन्न साइबर खतरों और साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी साझा की और विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के लिए प्रति जागरूक रहने पर बल दिया। इस कार्यक्रम में 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर सुदेश कुमार ने औपचारिक रूप से उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रो. जगमोहन ठाकुर (कार्यवाहक प्रिंसिपल, राजकीय महाविद्यालय, सराहां), डॉ. राजन कौशल, डॉ. मोहल्ला डोलमा, प्रो. कृष्ण दत्त, डॉ. रीमा शर्मा, शंभू नाथ (अधीक्षक), संजीव कुमार (क्लर्क) और किरण कांत (लाइब्रेरियन) उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अध्यापिका ने लगाया मानसिका प्रताड़ना का आरोप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर-16 के सरकारी स्कूल में महिला अध्यापिका से पुरुष शिक्षक द्वारा मानसिक प्रताड़ना और जातिसूचक शब्द कहे जाने का मामला सामने आया है। पंजाब से डेपुटेशन पर आए एक शिक्षक रणबीर कुमार जोहड़ ने चंडीगढ़ की महिला शिक्षिका को मानसिक रूप से बहुत परेशान किया और उसे जातिसूचक शब्द कहे। जिसकी शिकायत शिक्षिका ने अपने साथी शिक्षकों के साथ चंडीगढ़ के शिक्षा सचिव प्रेरणा पूरी को 24 जनवरी को दी थी मामले को संज्ञान में लेते हुए सचिव ने तुरंत स्कूल शिक्षा निर्देशक को निर्देश दिए की इस पर इंक्वायरी करवाई जाए, परंतु शिक्षा निर्देशक द्वारा कोई इंक्वायरी कराने के निर्देश जारी नहीं किए गए और महिला शिक्षिका पर स्कूल की प्रिंसिपल द्वारा समझौता करने का दबाव बनाया जाने लगा। सूत्रों से पता लगा है की प्रिंसिपल शिक्षक के साथ कई मीटिंगों में आती-जाती है और शिक्षक को बचाने की कोशिश कर रही है। वहीं पर महिला के हक में बोलने पर कुछ गवाहों को धमकाने का मामला भी सामने आ रहा है।

### रेडक्रॉस गतिविधियों में युवाओं का अहम योगदान

**अनंत ज्ञान, हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार की पावन धरा पर नंगली बेला आश्रम में भारतीय रैडक्रॉस समिति, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ द्वारा आयोजित छह दिवसीय



राज्य स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर (लड़कियों के लिए) का शुभारंभ मुख्यातिथि नरेश चौधरी चेयरमैन, उत्तराखंड रेडक्रॉस द्वारा रैडक्रॉस के संस्थापक सर हैनरी डयूनांट के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम में बिजेंद्र सौरोत, सचिव, जिला रैडक्रॉस शाखा, फरीदाबाद द्वारा बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की गई। नरेश चौधरी ने कहा कि जिंदगी में आगे बढ़ने और समाज व राष्ट्र के विकास के लिए कार्य करने के लिए एक मंच की आवश्यकता होती है। रेडक्रॉस एक ऐसा ही मंच है जो जरूरतमंद लोगों की निस्वार्थ सेवा करता है। देश की युवा शक्ति सामाजिक एकता और राष्ट्रीय विकास की रीढ होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी उर्जा का सकारात्मक प्रयोग करने और युवा उर्जा को राष्ट्र सेवा कार्यों में लगाकर एक जिम्मेदार नागरिक बनने का भी आह्वान किया। उन्होंने हरियाणा रैडक्रॉस द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की भी सराहना की । शिविर निदेशक रोहित शर्मा ने नरेश चौधरी का शिविर में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने अवगत करवाया कि शिविर में हरियाणा प्रांत के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के 208 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर सर्वजीत सिंह, रिलीफ ऑफिसर, रमेश चौधरी स्टेट ट्रेनिंग सुपरवाइजर, पुरुषोत्तम सैनी डिप्टी सुपरिंटेंडेंट, रैडक्रॉस फरीदाबाद, आदि मौजूद रहे।

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप 8 फरवरी से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एमराल्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी द्वारा दो दिवसीय 10वां जीटीए कप ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स कांप्लेक्स सेक्टर 56, चंडीगढ़ में 6वीं डैन ब्लैक बैल्ट मास्टर शिव राज घर्ति व तीसरी डैन ब्लैक बैल्ट कविता राय नेतृत्व में 8 और 9 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न आयुवर्ग के 3 से 25 आयुवर्ग के बच्चे व खिलाडी हिस्सा लेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए एमराल्ड मार्शल आर्ट्स एकेडमी के डायरेक्टर मास्टर शिव राज घर्ति व कविता राय घर्ति ने बताया कि यह चैंपियनशिप 4 श्रेणियों में आयोजित की जाएगी जिसमें क्योरूगी, पूमसे, गियोक्पा (ब्रेकिंग), स्पीड किकींग प्रतियोगिता शामिल हैं। इसके अलावा चैंपियनशिप के अंतर्गत टैग टीम की अद्भुत प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी, जिसमे विजेता प्रतिभागी को 21000 की धनराशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में ट्राइसिटी से 800 से अधिक प्रतिभागी, देश के10 राज्यों से 200 से अधिक प्रतिभागी तथा ट्राइसिटी के 43 स्कूल और अन्य राज्यों के 28 स्कूल हिस्सा लेंगे। मास्टर शिव राज घर्ति ने बताया कि एकेडमी ने वर्ष 2013 में जीटीए चैंपियनशिप की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य भारतभर के विभिन्न पृष्ठभूमियों के ताइक्वांडो खिलाडियों को एक मंच प्रदान करना था, जहां वे ताइक्वांडो के विविध कौशल का प्रदर्शन कर सकें।

### श्रीश्री रवि शंकर महाकुंभ के अनुष्ठानों में हुए शामिल



**प्रयागराज।** गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर ने कुंभ मेले के दौरान कई महत्वपूर्ण आध्यात्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। कई अखाड़ों के साधु-संतों से मुलाकात की और हजारों श्रद्धालुओं के लिए ध्यान-सत्र का आयोजन किया। प्रयागराज आगमन पर गुरुदेव सबसे पहले महर्षि महेश योगी जी के स्मृति स्थल पर पहुंचे, जिसके बाद परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंद के आश्रम पहुंचकर संगम घाट के दर्शन किए। गुरुदेव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की और उन्हें महाकुंभ की बधाई दी। रविवार सुबह सबसे पहले आर्ट ऑफ लिविंग कैंप से 800 मीटर की दूरी पर स्थित नागवासुकी घाट पर देश विदेश से पहुंचे, जहां अनुयायियों के साथ गंगा स्नान किया।

### ट्रंप की नीतियों और एलन मस्क के खिलाफ प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** ट्रंप की नीतियों और एलन मस्क के खिलाफ अमेरिका के कई शहरों में लोग सड़कों पर एकत्र हुए और विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप प्रशासन की ओर से प्रवासियों के खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई से लेकर ट्रांसजेंडर अधिकारों को वापस लेने और गाजा पट्टी से फिलिस्तीनियों को जबरन स्थानांतरित करने के प्रस्ताव की निंदा की। फिलाडेल्फिया, कैलिफोर्निया, मिनेसोटा, मिशिगन, टेक्सास, विस्कॉन्सिन, इंडियाना और कई अन्य शहरों में प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निंदा करते हुए पोस्टर लहराए।

### बांग्लादेश : शेख मुजीबुर के घर तोड़फोड़



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के धानमंडी 32 स्थित शेख मुजीबुर रहमान के तीन मंजिला मकान पर गुरुवार सुबह भी बुलडोजर चला दिया गया। इससे पिछली रात पहले गुस्साए छात्रों ने घर में तोड़फोड़ की थी और मकान को आग के हवाले कर दिया था। इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने बुधवार देर रात पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के कई नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की और देश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के भित्ती चित्रों को विरूपित किया। तोड़फोड़ और आगजनी उस समय की गई थी, जब मुजीबुर रहमान की बेटी और अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना लोगों को ऑनलाइन संबोधित कर रही थीं। सोशल मीडिया पर 'बुलडोजर जुलूस' के आह्वान के बाद राजधानी ढाका के धनमंडी इलाके में बुधवार को हजारों लोग मुजीबुर रहमान के आवास के बाहर इकट्ठे हो गए थे।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्नी संग महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी

## अध्यात्म एवं सनातन परंपराओं के विराट समागम का भी मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी पत्नी श्रीमती सुमन सैनी के साथ गुरुवार को प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अरैल पक्का घाट पर पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की तथा अध्यात्म एवं सनातन परम्पराओं के विराट समागम का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुंभ का एक विशेष महत्व स्थान माना गया है। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान हर सनातनी संगम में पवित्र डुबकी लगाना चाहता है। शास्त्रों के अनुसार कुंभ में डुबकी लगाने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, इसीलिए बड़े से बड़े ऋषि-मुनि और संत-महात्मा महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए विशेष तौर पर शामिल होने के लिए आते हैं।

उन्होंने त्रिवेणी संगम की विशेषता को बयां करते हुए कहा कि मां गंगा, यमुना, सरस्वती का संगम है, भारत की धरा पर यह दृश्य विहंगम है। तीर्थराज प्रयाग दर्शन महान, दिव्य और अद्‌भुत है महाकुंभ का स्नान। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बुजुर्गों को भी महाकुंभ में पवित्र स्नान का अवसर प्रदान करने के लिए हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का विस्तार करते हुए महाकुंभ को भी इसमें शामिल किया है। हर जिले से प्रयागराज के लिए विशेष बसें चलाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रयागराज के महाकुभ मेले में स्थापित गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के आश्रम तथा कैलाशा नंद गिरी के आश्रम में पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री धामी ने साइकिलिंग पदक विजेताओं को प्रदान किए मेडल



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री ने वीरवार को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत शिवालिक वेलोड्रम मे ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता को दर्शक दीर्घा से देखा। उन्होंने वेलोड्रम पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर ट्रैक पर साइकिलिंग भी की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पुरूष वर्ग के टीम परस्यूट डिस्टेंस 4000 मीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड, रजत पदक विजेता पंजाब व कांस्य पदक विजेता राजस्थान को मैडल व पहाड़ी टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इसके उपरान्त मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के साथ भोजन किया व खिलाड़ियों के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में खिलाड़ियों से जानकारी ली जिस पर खिलाड़ियो ने सभी प्रकार की व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 28 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का देहरादून से शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल के शुभारंभ होने के दिन से ही पूरे प्रदेश में एक उत्साह का माहौल है। इस राष्ट्रीय खेल की प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए लगभग 20 हजार लोगों द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अपना योगदान दिया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हो रही प्रतियोगिताओं की व्यवस्थाओं पर मुख्यमंत्री अधिकारियों से लगातार अपडेट ले रहे हैं और स्वयं जाकर भी व्यवस्थाओं को देख रहे हैं।

संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि खिलाड़ियों के लिए हर संभव सुविधाएं उपलबध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी बेहतर देखने को मिल रहा है, अभी तक लगभग 33 मेडल उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हासिल किए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा इस राष्ट्रीय खेल का शुभारंभ हुआ था और 14 फरवरी को हल्द्वानी में गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा इसका समापन किया जाएगा।

## भाजपा नेता के नेतृत्व में ईवी रिक्शा यूनियन ने डीएसपी ट्रैफिक से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



आज ईवी रिक्शा यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा के नेतृत्व में ट्रैफिक के डीएसपी प्रकाश से मुलाकात की। इस मौके पर नरेश अरोड़ा ने बताया कि चंडीगढ़ में ईवी रिक्शा लगभग 2000 के करीब हैं, जिनको समय-समय पर सड़क पर ट्रैफिक नियमों को लेकर और कुछ और समस्याएं आती रहती हैं। जिसके लिए यूनियन के नेताओं के साथ आज ट्रैफिक पुलिस के अफसर को वह समस्याएं बताईं। डीएसपी ने सभी नेताओं को ईवी रिक्शा को लेकर जो कानून है उसके बारे में विस्तार से बताया और आश्वासन दिया कि यदि सभी रिक्शा चालक कानून का पूर्णता पालन करेंगे तो ट्रैफिक पुलिस उनकी इसमें मदद करेगी। अरोड़ा ने बताया कि रिक्शा चालकों की कुछ समस्या प्रशासन से भी आ रही है कुछ सड़कों पर जाना उनके प्रतिबंधित है उसके विषय में वह उच्च अधिकारियों से बात करके उनको निपटारा करने की कोशिश करेंगे ताकि रिक्शा चालकों को अपनी रोजी-रोटी कमाने में कोई समस्या न आए वह अपने जीवन का निर्वहन अच्छे से कर सकें।

### विज ने 10 मई तक शहीद स्मारक को पूरा करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी में सन् 1857 में देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की याद में बन रहे शहीद स्मारक के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री मोदी से समय मांगेंगे और उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री उन्हें इसके लिए समय जरूर देंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हर हालत में 10 मई तक शहीद स्मारक बनकर जनता को समर्पित हो जाना चाहिए। विज वीरवार को अंबाला में जीटी रोड पर निर्माणाधीन आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक के निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मेमोरियल टॉवर की लिफ्ट शुरू नहीं होने पर मंत्री अनिल विज ने एक्सईएन को निर्देश देते हुए कहा कि दस दिन तक लिफ्ट चल जानी चाहिए । उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक एशिया का सबसे बड़ा स्मारक होगा। स्मारक में कलाकारों ने अपनी कला का कमाल करके बहुत ही शानदार एक्जीबिट बनाए हैं।

## चंडीगढ़ हेरिटेज सिटी नहीं, तो शेयर वाइज प्रॉपर्टी खरीद-फरोख्त पर रोक क्यों?

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

केंद्र सरकार ने संसद में स्पष्ट कर दिया है कि चंडीगढ़ को 'हेरिटेज सिटी' का दर्जा प्राप्त नहीं है, बल्कि केवल कैपिटल कांप्लेक्स क्षेत्र ही हेरिटेज श्रेणी में आता है। इस जवाब के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब पूरा शहर हेरिटेज नहीं है, तो यूटी प्रशासन ने पिछले दो वर्षों से शेयर वाइज प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त पर रोक क्यों लगा रखी है?

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरजीत ढिल्लो ने इस फैसले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि इस रोक से चंडीगढ़ के हजारों लोग परेशान हैं। कोई कैंसर मरीज अपने इलाज के लिए संपत्ति बेचना चाहता है, तो किसी को अपने बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए धन की आवश्यकता है, लेकिन प्रशासन की मनमानी के कारण वे अपनी ही संपत्ति का लेन-देन नहीं कर पा रहे हैं। प्रॉपर्टी डीलरों और संपत्ति मालिकों के बीच अफरा-तफरी मची हुई है, और कई ट्रांजेक्शन रुके पड़े हैं।

उन्होंने कहा कि इस अव्यवहारिक आदेश के कारण लोगों को जबरदस्त आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित कई बार डीसी से लेकर प्रशासन के सलाहकार तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस अनुचित रोक को तुरंत हटाया जाए, ताकि चंडीगढ़ के नागरिकों को राहत मिल सके और संपत्ति के लेन-देन सुचारु रूप से हो सकें।

## देश-विदेश

## आरएसएस का उद्देश्य इतिहास, संस्कृतियों और परंपराओं को मिटाना : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों का हवाला देते हुए वीरवार को आरोप लगाया कि आरएसएस का इरादा देश पर एक विचार, एक इतिहास और एक भाषा थोपने का है, लेकिन इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वह यूजसी के मसौदा नियमों के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर द्रमुक की छात्र इकाई की ओर से आयोजित प्रदर्शन में शामिल हुए। राहुल ने दावा किया कि आरएसएस का उद्देश्य अन्य सभी इतिहास, संस्कृतियों और परंपराओं को मिटाना है। यही तो वह हासिल करना चाहते हैं। आरएसएस विभिन्न राज्यों की शिक्षा प्रणालियों के साथ भी ऐसा ही करने का प्रयास कर रहा है और यह उनके एजेंडे को आगे बढ़ाने का एक और कदम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राज्य की अपनी अनूठी परंपरा, इतिहास और भाषा होती है, यही कारण है कि संविधान में भारत को राज्यों का संघ कहा जाता है। हमें इन मतभेदों का सम्मान करना चाहिए और समझना चाहिए। तमिल लोगों का हजारों वर्षों से चला आ रहा समृद्ध इतिहास, संस्कृति और परंपरा है। राहुल गांधी ने कहा कि यह तमिल लोगों और अन्य राज्यों का अपमान है जहां आरएसएस अपनी विचारधारा थोपने की कोशिश कर रही है। यह आरएसएस द्वारा उन सभी चीजों को कमजोर करने का एक प्रयास है।

### डब्ल्यूएचओ का हिस्सा नहीं रहेगा अर्जेंटीना : माइली

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ 'गंभीर मतभेदों' के कारण संयुक्त राष्ट्र एजेंसी से अपने देश के हटने का आदेश दिया है। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति जेवियर माइली का निर्णय उनके सहयोगी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णय से मेल खाता है, जिन्होंने 21 जनवरी को पदभार ग्रहण करने के पहले ही दिन एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर कर अमेरिका को डब्ल्यूएचओ से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। डब्ल्यूएचओ से एक और सदस्य देश के चले जाने से वैश्विक स्वास्थ्य में सहयोग और अधिक कम हो जाएगा।

## अमेरिका के बाद इसराइल का यूएनएचआरसी से हटने का ऐलान

**एजेंसी, यरूशलम**

**राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप की ओर से संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) से अमेरिका के हटने की घोषणा के बाद इसराइल ने कहा कि वह इस फैसले में वाशिंगटन के साथ है। इसराइली विदेश मंत्री गिदोन ने भी यूएनएचआरसी से हटने का ऐलान किया है।

उन्होंने ने 'एक्स' पर कहा कि इस मुद्दे पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ है और यूएनएचआरसी में शामिल नहीं होगा। उन्होंने यूएनएचआरसी पर मध्य पूर्व में 'एकमात्र लोकतंत्र 'इसराइल', को जुनूनी रूप से बदनाम करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि इस निकाय ने मानवाधिकारों को बढ़ावा देने के बजाय एक लोकतांत्रिक देश पर हमला करने और यहूदी-विरोधी भावना को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि इसराइल के खिलाफ 100 से अधिक निंदा प्रस्ताव पारित किए गए हैं, जो परिषद में अब तक पारित सभी प्रस्तावों का 20 प्रतिशत से अधिक है। यह संख्या ईरान, क्यूबा, उत्तर कोरिया और वेनेजुएला के खिलाफ पारित प्रस्तावों से भी अधिक है। इसराइल अब इस भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करेगा। विदेश मंत्री की यह घोषणा पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका यात्रा के दौरान आई है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यूएनएचआरसी और संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) से अमेरिका के अलग होने की घोषणा की, जिसकी हमास के साथ कथित संबंधों के आरोपों को लेकर काफी आलोचना हुई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने की क्लैट के नतीजों को चुनौती देने वाली याचिकाएं दिल्ली हाईकोर्ट स्थानांतरित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**विधि** विश्वविद्यालयों में स्नातक, स्नातकोत्तर की प्रवेश परीक्षाओं को लेकर विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।

कोर्ट ने 2025 कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) के नतीजों को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं दिल्ली उच्च न्यायालय को स्थानांतरित कर दी हैं। इसके साथ ही कोर्ट ने परीक्षा परिणाम को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को तीन मार्च को दिल्ली उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि जिन उच्च न्यायालयों में परीक्षा परिणामों के खिलाफ दायर याचिकाएं लंबित हैं, उन सभी याचिकाओं को सात दिनों के भीतर दिल्ली हाईकोर्ट को भेजा जाए।

### गया में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

**गया।** बिहार के गया जिले में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के स्थानीय नेता महेश मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस उपाधीक्षक (विधि-व्यवस्था) रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि छानबीन से पता चला है कि मिश्रा का जमीन को लेकर अपने रिश्तेदार से विवाद था और वह बुधवार रात एक भोज में शामिल होने गए थे, तभी घात लगाए बदमाशों ने उन पर गोलीबारी कर दी।

### धनशोधन मामला: आरोपियों को दस्तावेजों की स्पष्ट प्रतियां उपलब्ध करवाने पर ईडी निदेशक तलब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** की एक अदालत ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से संबंधित धोखाधड़ी एवं जालसाजी से जुड़े 88 करोड़ रुपए के धनशोधन मामले में आरोपियों को दस्तावेजों की स्पष्ट प्रतियां उपलब्ध नहीं कराने को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक राहुल नवीन को तलब किया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अपर्णा स्वामी ने नवीन को 26 मार्च को अदालत में उपस्थित होने और आरोपियों को उपलब्ध कराए जाने वाले दस्तावेजों की स्थिति लिखित में देने का निर्देश दिया।

न्यायाधीश ने यूनिकॉन सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ मामले में यह आदेश ईडी के उपनिदेशक दीपिन गोयल की ओर से अदालत को यह बताए जाने के बाद पारित किया कि 'आरोपी व्यक्तियों को जो प्रतियां उपलब्ध कराई गई हैं, वे विभाग के पास उपलब्ध सर्वोत्तम प्रतियां हैं।' न्यायाधीश ने मामले में देरी और आदेश सुनाए जाने की तिथि 25 जनवरी को सुनवाई के दौरान ईडी के वकील की अनुपस्थिति का भी संज्ञान लिया।

## अब बिना शुल्क पनामा नहर से गुजरेंगे अमेरिकी जहाज

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पनामा नहर पर कब्जे की धमकी का असर नजर आने लगा है। पनामा ने पनामा नहर से गुजरने वाले अमेरिकी सरकारी जहाजों के लिए शुल्क समाप्त करने पर सहमति जताई है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के पनामा का दौरा करने के बाद यह बयान सामने आया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि अब बिना किसी शुल्क के पनामा नहर से गुजर सकते हैं। इससे अमेरिकी सरकार को हर साल लाखों डॉलर की बचत होगी। गौरतलब है कि अमेरिका के समुद्री व्यापार का बड़ा हिस्सा पनामा नहर के जरिए होता है। ट्रंप राष्ट्रपति



चुनाव जीतने के बाद से ही पनामा नहर पर कब्जे की बात कर रहे हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया कि चीन, पर्दे के पीछे से पनामा नहर का संचालन कर रहा है। ट्रंप ने शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपने संबोधन में भी ये बात दोहराई थी। उन्होंने कहा कि पनामा नहर हमने पनामा को उपहार में दी थी, लेकिन अब इसका संचालन चीन कर रहा है। हमने इसे चीन को नहीं दिया था और अब हम इसे वापस लेंगे।

### सांडों के हमले में मृतक के परिवार को मिलेंगे 33 लाख

**बीकानेर।** बीकानेर में 2 सांडों के हमले में युवक की मौत के मामले में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने राज्य सरकार और पंचायत समिति को दोषी माना है। कोर्ट ने मृतक के परिजनों को 33 लाख 22 हजार रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। 21 मई, 2018 को बीकानेर के केसरदेसर जाटान गांव के रहने वाले आसाराम सुथार (40) घर जा रहा था। इसी दौरान 2 सांडों ने बीच सड़क पर आसाराम पर हमला कर दिया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। आशाराम सुथार की 21 मई 2018 को मौत हुई थी। वह राज मिस्त्री थे। इससे सालाना 2.89 लाख रुपए तक कमा लेते थे। उन पर उनकी पत्नी, तीन बच्चे और माता-पिता सहित 6 लोग आश्रित थे। कोर्ट ने कहा कि आवारा पशुओं को गोशालाओं में डालकर आमजन की सुरक्षा करना जिम्मेदारों का दायित्व था, जिसमें वे विफल रहे, इसलिए राज्य सरकार और पंचायत समिति को दोषी माना गया है।

**बीकानेर कोर्ट ने राज्य सरकार और पंचायत समिति को दोषी माना**

## सेंसेक्स 213 अंक गिरकर 78,058 पर बंद, निफ्टी 92 भी नीचे लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में वीरवार को गिरावट रही। सेंसेक्स 213 अंक गिरकर 78,058 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 92 अंक की गिरावट रही, ये 23,603 बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 11 में तेजी और 19 में गिरावट रही। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 30 गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि 20 में तेजी रही। सेक्टोरल इंडाइसेज की बात करें तो, निफ्टी रियल्टी में सबसे ज्यादा 2.19 फीसदी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.82 फीसदी की गिरावट रही। ऑटो और एफएमसीजी करीब




1 फीसदी नीचे बंद हुए। वहीं, फार्मा और प्राइवेट बैंकों के शेयर में मामूली तेजी रही। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.15 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.65 फीसदी की तेजी है। वहीं चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.76 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है।

## रैगिंग नियमों की अनदेखी पर 18 मेडिकल कॉलेजों को नोटिस जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




**यूजीसी** ने एंटी-रैगिंग नियमों का पालन न करने पर 18 मेडिकल कॉलेजों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डिफॉल्टर कॉलेजों में दिल्ली के दो कॉलेज भी शामिल हैं। इसके अलावा, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी के दो-दो, आंध्र प्रदेश और बिहार के तीन-तीन तथा मध्य प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश का एक-एक कॉलेज शामिल हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सचिव मनीष जोशी ने कहा कि जांच में पाया गया कि इन कॉलेजों ने रैगिंग की समस्या को रोकने के लिए एंटी-रैगिंग विनियम, 2009 में निर्धारित अनिवार्य आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं किया था। विशेष रूप से, यह हमारे संज्ञान में आया है कि संस्थान नियमों के अनुसार छात्रों से रैगिंग विरोधी शपथ-पत्र प्राप्त करने में विफल रहे।

**यूजीसी ने सात दिन के भीतर मांगा जवाब**

# भारत ने इंग्लैंड से 4 विकेट से जीता पहला वनडे

## शुभमन गिल ने 87 रन बनाए, अक्षर-श्रेयस की फिफ्टी; जडेजा-हर्षित ने लिए 3-3 विकेट

**एजेंसी, नागपुर**

भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर पहला वनडे मैच जीत लिया है। नागपुर के वीसीए स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड की टीम के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया था। कप्तान का ये फैसला शुरुआत में सही साबित हुआ, क्योंकि 70+ तक कोई विकेट नहीं गिरा था। इसके बाद गुच्छों में विकेट गिरे और इंग्लैंड संभल नहीं पाया। इंग्लैंड की ओर से कप्तान जोस बटलर और जैकब बेथेल ने अर्धशतक जड़े।

इंग्लैंड की टीम 47.5 ओवर में महज 248 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने 38.4 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरा वनडे 9 फरवरी को कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत की ओर से शुभमन गिल ने 87, श्रेयस अय्यर ने 59 और अक्षर पटेल ने 52 रन बनाए। रवींद्र जडेजा और हर्षित राणा को 3-3 विकेट मिले। इंग्लैंड से जोस बटलर ने 52 और जैकब बेथेल ने 51 रन बनाए। आदिल रशीद और साकिब महमूद को 2-2 विकेट मिले। 39वें ओवर की चौथी गेंद पर रवींद्र जडेजा ने साकिब महमूद के खिलाफ चौका लगाया। इसी के साथ टीम ने टारगेट हासिल कर लिया। जडेजा 12 और हार्दिक पंड्या 9 रन बनाकर नॉटआउट रहे। शुभमन गिल 36वें ओवर में 87 रन बनाकर कैच हो गए। उन्हें साकिब महमूद ने मिड ऑन पर जोस बटलर के हाथों कैच कराया। शुभमन ने 96 गेंद की पारी में 14 चौके लगाए। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ 94 और अक्षर पटेल के साथ 108 रन की पार्टनरशिप की। केएल राहुल 36वें ओवर में आदिल रशीद की गेंद पर कैच आउट हुए। राहुल ने 9 गेंद पर 2 रन बनाए। उन्हें रशीद ने कॉट एंड बोल्ड किया।





शॉट खेलता शुभमन गिल।

### खत्म हुआ 14 महीने का सूखा

**आपको** जानकर हैरानी होगी कि भारतीय टीम को 14 महीने बाद वनडे में पहली जीत नसीब हुई है। इससे पहले टीम इंडिया ने अपना आखिरी वनडे मुकाबला 2023 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीता था। ये सेमीफाइनल मुकाबला था, जिसमें जीत के बाद टीम इंडिया ने फाइनल का टिकट हासिल किया था। हालांकि, भारतीय टीम फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारकर वर्ल्ड कप जीतने से चूक गई। इसके बाद टीम इंडिया ने अगस्त 2024 में वनडे सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा किया, लेकिन 3 मैचों की सीरीज 0-2 से हार गई। ये साल 2024 में टीम इंडिया की एकमात्र वनडे सीरीज थी। अब 6 महीने बाद टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ अपने घर में वनडे सीरीज खेल रही है।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शॉल्ट (रन आउट) | 43 | 26 | 5/3 |
| डकेट क. जायसवाल ब. राणा | 32 | 29 | 6/0 |
| रूट पगबाधा ब. जडेजा | 19 | 31 | 1/0 |
| ब्रुक ब. मुजारबानी | 00 | 03 | 0/0 |
| बटलर क. पांड्या ब. पटेल | 52 | 67 | 4/0 |
| बेथेल पगबाधा जडेजा | 51 | 64 | 3/1 |
| लिविंगस्टोन क. राहुल ब. राणा | 05 | 10 | 0/0 |
| कार्स ब. शमी | 10 | 18 | 1/0 |
| रासिद ब. जडेजा | 08 | 16 | 0/0 |
| आर्चर (नाबाद) | 21 | 18 | 3/1 |
| महमूद क. राहुल ब. यादव | 02 | 04 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 05 | | |
| **कुल : (47.4 ओवर)** | **248/10** | | |

**विकेट पतन :** 1-75, 2-77, 3-77, 4-111, 5-170, 6-183, 7-206, 8-220, 9-241, 10-248.

**गेंदबाजी :** शमी 8-1-38-1, राणा 7-1-53-3, पटेल 7-0-38-1, पांड्या 7-1-37-0, यादव 9.4-0-53-1, जडेजा 9-0-26-3.

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायवाल क. सॉल्ट ब. आर्चर | 15 | 22 | 3/0 |
| रोहित क. लिविंस्टोन ब. महमूद | 02 | 07 | 0/0 |
| गिल (नाबाद) | 83 | 94 | 13/0 |
| अय्यर पगबाधा ब. बेथेल | 59 | 36 | 9/2 |
| पटेल ब. रासिद | 52 | 47 | 6/1 |
| राहुल क. ब. रासिद | 02 | 09 | 0/0 |
| पांड्या (नाबाद) | 09 | 06 | 0/1 |
| जडेजा (नाबाद) | 12 | 10 | 2/0 |
| वॉशिंगटन (नाबाद) | 01 | 01 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 13 | | |
| **कुल : (36 ओवर)** | **251/6** | | |

**विकेटपतन :** 1-19, 2-19, 3-113, 4-221, 5-225, 6-235.,

**गेंदबाजी :** आर्चर 7-1-39-1, महमूद 6.4-0-47-2, कार्स 5-0-52-0, रासिद 10-1-49-2, बेथेल 3-0-18-1, लिविंगस्टोन 5-0-28-0, रूट 2-0-10-0.

## स्पोर्ट्स विंडो

### राशिद की तरह ऊर्जा के साथ खेलना चाहता हूं : अजमतुल्लाह



**एजेंसी, गक्बेरहा।** आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय क्रिकेटर अजमतुल्लाह उमरजई ने कहा कि वह अपने करिश्माई कप्तान राशिद खान की तरह ही हमेशा पूरी ऊर्जा और अपना सब कुछ झोंक देने के जज्बे के साथ ही मैदान पर उतरना चाहते हैं और उन्हें उम्मीद है कि उनका पुरस्कार आने वाली पीढ़ी के क्रिकेटरों के लिये प्रेरणा बनेगा । अफगानिस्तान के इस 24 वर्ष के हरफनमौला ने पिछले साल वनडे क्रिकेट में चौदह मैचों में 20.47 की औसत से 17 विकेट लिए और 50 से ऊपर की औसत से 412 रन बनाकर आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का पुरस्कार जीता। वह रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद अपने देश के लिए बीते साल सर्वाधिक वनडे रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज और एएम गजांफर के बाद सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज रहे। यहां पहली बार एसए 20 फाइनल में पहुंची राशिद खान की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस केपटाउन के लिए पदार्पण करने वाले उमरजई ने खास बातचीत में कहा,''बहुत अच्छा लग रहा है कि यहां पहली बार खेल रहा हूं और हम फाइनल में हैं। उमरजई ने कहा कि राशिद के कप्तान होने से उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा है और उन्हें काफी कुछ सीखने को मिल रहा है।

### ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर स्टोइनिस ने वनडे को कहा अलविदा



**एजेंसी, मेलबर्न।** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में चुने गए ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने वीरवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी हालांकि, टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेगा। स्टोइनिस के अचानक लिए गए इस फैसले से ऑस्ट्रेलिया की परेशानी बढ़ गई है। उसकी टीम पहले ही खिलाड़ियों के चोटिल होने की समस्या से जूझ रही है। ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा 12 फरवरी तक करनी होगी। माना जा रहा है कि एसए20 टूर्नामेंट के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण स्टोइनिस ने अचानक यह फैसला किया। वह इस टूर्नामेंट में डरबन सुपर जॉइंट्स की तरफ से खेलते हैं। स्टोइनिस ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा जारी किए हुए बयान में कहा, ''ऑस्ट्रेलिया के लिए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलना अविश्वसनीय सफर रहा और इसके लिए मैं आभारी हूं। अपने देश का शीर्ष स्तर पर प्रतिनिधित्व करना ऐसी चीज है जिसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगा।''उन्होंने कहा, ''मेरे लिए यहां फैसला करना आसान नहीं था, लेकिन मुझे लगता है कि एकदिवसीय क्रिकेट को अलविदा कहने और अपने करियर के अगले अध्याय पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने का यह सही समय है।''

### मेग लैनिंग का ग्लैमरस स्टाइल

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलियाई टीम की इस ग्लैमरस कप्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 6 दिसंबर 2008 में डेब्यू किया था। क्रिकेट के 151 वर्षों के इतिहास में पहली बार महिला खिलाड़ी के लिए पुरस्कार की घोषणा करते हुए विजडन ने मेग लैनिंग को लीडिंग वुमन क्रिकेटर भी चुना।



### लाहौर का गद्दाफी स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार : पीसीबी

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने वीरवार को घोषणा की कि लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में नवीनीकरण और आधुनिकीकरण का काम 117 दिन के रिकॉर्ड समय में पूरा हो गया है और अब यह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सहित अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी के लिए तैयार है। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि स्टेडियम में अब बेहतर सुविधाएं, नई फ्लडलाइट्स, हॉस्पिटैलिटी बॉक्स, अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक स्कोरबोर्ड और शीर्ष स्तर के एलईडी टावर हैं। पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा, ''मैं उन सभी लोगों का आभारी हूं जिन्होंने आशंकाओं और आलोचनाओं के बावजूद स्टेडियम को समय पर तैयार करने के लिए दिन-रात काम किया।'' प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ शुक्रवार को एक समारोह के दौरान स्टेडियम का आधिकारिक उद्घाटन करेंगे।



## वेस्टइंडीज में एक दशक बाद टेस्ट सीरीज खेलेगा ऑस्ट्रेलिया

**एजेंसी, सेंट जॉन्स ( एंटीगा )**

वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया तीन टेस्ट और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलने के लिए इस साल जून और जुलाई में कैरेबियाई दौरे पर आएगा। यह 2015 के बाद से ऑस्ट्रेलिया का वेस्टइंडीज का पहला टेस्ट दौरा होगा। फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए खेले जाने वाली टेस्ट सीरीज का पहला मैच 25 जून से ब्रिजटाउन, बारबाडोस में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट तीन जुलाई से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में और तीसरा टेस्ट 12 जुलाई से किंग्स्टन, जमैका में खेला जाएगा। इसके बाद पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज खेली जाएगी। इसके पहले दो मैच किंग्स्टन में सबीना पार्क 20 और 22 जुलाई को जबकि बाकी तीन मैच 25, 26 और 28 जुलाई को सेंट किट्स के बैसेटेरे में खेले जाएंगे।


### रियाल मैड्रिड कोपा कप के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, मैड्रिड।** गोंजालो गार्सिया के स्टॉपेज टाइम में किए गए गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने लेगानेस को 3-2 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। रियाल मैड्रिड ने लुका मोड्रिच और एंड्रिक के गोल की मदद से हाफ टाइम तक दो गोल की बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे हाफ में लेगानेस ने दो गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। ऐसे में 20 वर्षीय गार्सिया ने इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोल करके रियाल मैड्रिड को उलटफेर से बचा कर उसे सेमीफाइनल में पहुंचाया। एटलेटिको मैड्रिड सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम थी। उसने मंगलवार को गेटाफे को अपने घरेलू मैदान पर 5-0 से हराया था।

## माक्ररम के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स ने एसए20 एलिमिनेटर में जोबर्ग सुपर किंग्स को हराया

**एजेंसी, सेंचुरियन**

एडेन माक्ररम ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए 40 गेंद में 62 रन बनाए जिसकी मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने लगातार तीसरा एसए 20 खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ाते हुए एलिमिनेटर में जोबर्ग सुपर किंग्स को 32 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर सनराइजर्स ने माक्ररम के 40 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 63 और सलामी बल्लेबाज डेविड बेडिंघम के 14 गेंद में 27 रन की मदद से छह विकेट पर 186 रन बनाए। मार्को जेनसेन ने निचले क्रम पर 12 गेंद में 23 रन बनाए। जवाब में सुपर किंग्स कभी भी मैच में दबाव बनाते नहीं दिखे और 20 ओवर में सात विकेट पर 157 रन ही जोड़ सके।



सनराइजर्स के लिए बेडिंघम ने आक्रामक शुरुआत करते हुए पहले ही ओवर में लिथु सिपामला को दो चौके जड़े। इसी गेंदबाज ने दूसरे ओवर में 21 रन दे डाले जिसमें बेडिंघम ने एक चौका और एक छक्का, जबकि टोनी डि जोर्जी ने एक्स्ट्रा कवर में एक छक्का लगाया। माक्ररम और जेनसेन ने सिपामला के तीसरे ओवर में 29 रन निकाले। पोर्ट एलिजाबेथ में जन्मे इस गेंदबाज ने चार ओवर में 72 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। सुपर किंग्स के लिए अनुभवी लेग स्पिनर इमरान ताहिर ने बेडिंघम को पहली ही गेंद पर पवेलियन भेजा जिनका शानदार कैच एक्स्ट्रा कवर पर फाफ डु प्लेसी ने लपका।

जवाब में सुपर किंग्स को डेवोन कोंवे (20 गेंदों में 30) और डु प्लेसी (18 गेंदों में 19) ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर 4.2 ओवर में 40 रन बनाए, लेकिन उनके आउट होने के बाद मैच सुपर किंग्स के हाथ से निकल गया। तेज गेंदबाज क्रेग ओवरटन ने 13वें ओवर में विहान लुब्बे और मोईन अली को आउट करके सुपर किंग्स की वापसी के रास्ते बंद कर दिए। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने 17 गेंद में 37 रन बनाकर वापसी की कोशिश की, लेकिन लियाम डॉसन ने उन्हें 15वें ओवर में बोल्ड कर दिया।

## हिमाचल का एल्विन वर्ल्ड स्की चैंपियनशिप में चयनित

**अनंत ज्ञान, मनाली**



हिमाचल प्रदेश के मनाली के एल्विन कंवर का चयन अल्पाइन वर्ल्ड स्की चैंपियनशिप के लिए किया गया है। वह 4 से 16 फरवरी तक ऑस्ट्रिया में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में खेलेगा। एल्विन कंवर का चयन लगातार 11वीं वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए हुआ है। एल्विन ने साल 2012 में पहली बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लिया था। इस चैंपियनशिप का आयोजन फेडरेशन ऑफ इंटरनेशनल स्की एंड स्नोबोर्ड (फिस) द्वारा किया जाता है।

इस चैंपियनशिप के लिए हिमाचल की 3 महिला खिलाड़ी संध्या ठाकुर, आंचल ठाकुर और तनुजा ठाकुर का भी चयन हुआ था। मगर वे तीनों एशियन विंटर गेम्स में भाग लेने पहले ही चीन गई हुई हैं और भारतीय अल्पाइन स्कीइंग टीम का हिस्सा हैं। इस वजह से वर्ल्ड चैंपियनशिप में एल्विन इकलौते खिलाड़ी होंगे, जो हिमाचल से भारतीय टीम में शामिल हैं।

**11वीं बार भारतीय टीम से खेलेंगे, ऑस्ट्रिया में हो रही प्रतियोगिता**

एल्विन कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्की चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। पिछले साल खेलो इंडिया स्की विंटर गेम्स में उन्होंने हिमाचल के लिए कांस्य पदक जीता था। एल्विन प्रदेश में स्की खेल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## सनराइजर्स हैदराबाद ने हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की टीम खरीदी

**एजेंसी, लंदन**

सनराइजर्स हैदराबाद ने 10 करोड़ पाउंड में इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के टूर्नामेंट हंड्रेड की टीम नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स का अधिग्रहण कर लिया है। सनराइजर्स इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तीसरी फ्रेंचाइजी है जो हंड्रेड क्रिकेट प्रतियोगिता में किसी टीम की मालिक बनी हैं। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने ओवल इनविंसिबल्स के 49 फीसदी शेयर खरीदे थे, जबकि लखनऊ सुपर जाइंट्स ने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स में लगभग 10 करोड़ 70 लाख पाउंड में इतनी ही हिस्सेदारी खरीदी थी।

यॉर्कशर क्रिकेट क्लब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय पटेल ने बयान में कहा, ''हमें सन ग्रुप के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है और नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स को दीर्घकालिक और निरंतर सफलता के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आने वाले दिनों में उनके साथ हमारी बातचीत जारी रहेगी।'' पटेल ने कहा कि सनराइजर्स का दृष्टिकोण यॉर्कशर से मेल खाता है।



उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ समय से उनके साथ चर्चा करने के बाद यह स्पष्ट हो गया है वे क्लब के मूल्यों और भविष्य की दिशा से जुड़े हुए हैं और यह सुनिश्चित करने में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे कि हम आने वाले वर्षों में बड़ी सफलता हासिल कर सकें।'' सनराइजर्स ने इस तरह से दूसरी विदेशी टीम खरीदी है। वह दक्षिण अफ्रीका के टूर्नामेंट एसए20 की टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप की मालिक भी है जो पिछले दो बार की चैंपियन है और लगातार तीसरा खिताब जीतने की दौड़ में शामिल है।

## कमिंस और हेजलवुड चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**उजेंसी, गॉल ( श्रीलंका )**



आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होने के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाएंगे, जिससे उसकी इस आईसीसी टूर्नामेंट को जीतने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है।

कमिंस टखने की चोट से नहीं उबर पाए हैं, जिसने उन्हें भारत के खिलाफ हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के दौरान भी परेशान किया था। हेजलवुड अभी भी पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। वह अपनी इस चोट के कारण भारत के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे।

कमिंस और हेजलवुड के बाहर होने से ऑस्ट्रेलिया की परेशानी बढ़ गई है, क्योंकि ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने वनडे से अचानक संन्यास लेने की घोषणा की है और मिशेल मार्श पीठ की चोट से नहीं उबर पाने के कारण पहले ही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने गुरुवार को कहा, ''दुर्भाग्य से पैट, जोश और मिच चोटों से जूझ रहे हैं और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए समय पर फिट नहीं हो पाएंगे। यह निराशाजनक है, लेकिन इससे अन्य खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा।''

कमिंस की अनुपस्थिति में, स्टीव स्मिथ या ट्रैविस हेड चैंपियंस ट्रॉफी में वनडे विश्व कप विजेता टीम का नेतृत्व कर सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में खेली जाएगी। ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला मैच 22 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ खेलना है। इसके बाद उसे बाद दक्षिण अफ्रीका (25 फरवरी, रावलपिंडी) और अफगानिस्तान (28 फरवरी, लाहौर) के खिलाफ मैच खेलने हैं।

कमिंस और हेजलवुड का इंडियन प्रीमियर लीग में खेलना भी संदिग्ध है। कमिंस सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान हैं, जबकि हेजलवुड को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने नीलामी में 12.50 करोड़ रुपए में खरीदा है।

**फुटबॉल** | 70 साल बाद प्रमुख घरेलू ट्रॉफी जीतने की तरफ बढ़ाए मजबूत कदम

## आर्सेनल को हराकर न्यूकैसल लीग कप के फाइनल में

**एजेंसी, लंदन**

न्यूकैसल ने आर्सेनल को हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाई और इस तरह से 70 साल बाद कोई प्रमुख घरेलू ट्रॉफी जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

न्यूकैसल में बुधवार को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में आर्सेनल को 2-0 से हराकर 4-0 के कुल स्कोर के साथ शान से फाइनल में प्रवेश किया। उसकी तरफ से सेमीफाइनल के दूसरे चरण में जैकब मर्फी और एंथोनी गॉर्डन ने गोल किए। न्यूकैसल ने सेमीफाइनल के पहले चरण में भी आर्सेनल को 2-0 से हराया था।

न्यूकैसल 16 मार्च को वेम्बली स्टेडियम में होने वाले फाइनल में टोटेनहम या लिवरपूल से खेलेगा। टोटेनहम सेमीफाइनल के पहले चरण के बाद लिवरपूल से 1-0 से आगे है। न्यूकैसल ने इससे पहले अपना प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट 1955 में एफए कप के रूप में जीता था। न्यूकैसल 2023 में भी लीग कप के फाइनल में पहुंचा था लेकिन तब वह मैनचेस्टर यूनाइटेड से 2-0 से हार गया था।

